✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 32 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 28 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

संक्षिप्त समाचार

नगर पंचायत उपचुनाव पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

पटना(नबिटा ब्यूरो)। सीवान जिले में नगर पंचायत उपचुनाव की प्रक्रिया पर फिलहाल विराम लग गया है। पटना हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश पारित करते हुए उपचुनाव को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। मामला मैरवा नगर पंचायत के मुख्य पार्षद पद से जुड़ा है, जो रिक्त होने के कारण उपचुनाव प्रस्तावित था। इस संबंध में किस्मती देवी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जब तक अगला आदेश पारित नहीं होता, उपचुनाव पर रोक लागू रहेगी।

नक्सली गिरफ्तार

गयाजी(नबिटा ब्यूरो)। गया शहरी क्षेत्र के सिविल लाइन थाना अंतर्गत दुर्गाबाड़ी से एसटीएफ और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात नक्सली गिरफ्तार किया है। नक्सली पिछले 9 सालों से फरार चल रहा था। इस कुख्यात नक्सली के संबंध में एसटीएफ को सूचना मिली थी। इसके बाद एसटीएफ और मुफस्सिल पुलिस को मिलाकर विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने सूचना के आधार पर गया शहरी क्षेत्र के सिविल लाइन थाना अंतर्गत दुर्गाबाड़ी में छापेमारी की और नक्सली रणधीर कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

महिला ने फांसी लगा की खुदकुशी

आरा(नबिटा ब्यूरो)। सिन्हा थाना क्षेत्र के महुदयी गांव में पति के अफ़ेयर से परेशान महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। लोहे के पाइप से लटका हुआ शव मिला है। मृतका की पहचान पुतुल देवी के तौर पर हुई है। मृतका के भाई संगम यादव ने बताया कि उसके बहनोई छोटन यादव का अपनी भाभी से ही अवैध संबंध है। इस वजह से डिप्रेशन में रहती थी। मेरी बहन को खर्च के लिए पैसे नहीं देता था।

सौतेले पिता ने की बेटे की हत्या

जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)। हुलासगंज थाना क्षेत्र के कसियावां गांव में एक सौतेले पिता ने अपने 10 वर्षीय बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद भागने की कोशिश कर रहे पिता को ग्रामीणों ने पकड़ जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल आरोपी को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक की पहचान राकेश कुमार के रूप में हुई है। आरोपी हनुमान चौधरी, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है और दिव्यांग है। हत्या के बाद वह साइकिल से एकंगर सराय की ओर भाग रहा था, तभी उसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया।

पहली कक्षा में नामांकन के समय आधार कार्ड की अनिवार्यता समाप्त

पटना(नबिटा ब्यूरो)। राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा में नामांकन हेतु बच्चों के लिए अब आधार कार्ड की अनिवार्यता नहीं होगी। हालांकि, इससे ऊपर की कक्षाओं में दाखिले के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता बनी रहेगी। सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा में नामांकन के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता शिथिल करने का निर्णय राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ने लिया है।

राष्ट्रपति की उपस्थिति में मगध विश्वविद्यालय बना राष्ट्रीय नवाचार केंद्र का आधार

भारत का पहला विश्वविद्यालय आधारित प्रौद्योगिकी केंद्र बिहार में होगा स्थापित

बिहार की शिक्षा व्यवस्था के लिए स्वर्णयुग की शुरुआत : एस पी शाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली/बोधगया। देश में उच्च शिक्षा और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया और भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति के साथ केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिस करार पर हस्ताक्षर किए गए वह बिहार ही नहीं बल्कि देश





के लिए भी मील का पत्थर है। इस एमओयू के माध्यम से मगध विश्वविद्यालय परिसर में भारत का पहला 'विश्वविद्यालय आधारित प्रौद्योगिकी केंद्र' स्थापित किया जाएगा। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी शाही ने इसे बिहार की शिक्षा व्यवस्था के लिए 'स्वर्ण युग की शुरुआत' बताया और कहा कि यह प्रौद्योगिकी केंद्र न केवल छात्रों को आत्मनिर्भर बनाएगा बल्कि औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार और नवाचार को भी नई गति देगा। राष्ट्रपति की उपस्थिति ने इस आयोजन को विशिष्ट गरिमा प्रदान की और देश के युवाओं के लिए नव अवसरों के द्वार खोल दिए। इस केंद्र के माध्यम से तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप संवर्धन और नवाचार को एक नई दिशा मिलेगी। यह केंद्र आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा और उद्यमिता के समावेशी मॉडल के रूप में स्थापित होगा। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी शाही, कुलसचिव प्रो. बिपिन कुमार, पीआरओ डॉ. गोपाल सिंह तथा गृहविज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. दीपशिखा पांडेय इस ऐतिहासिक घड़ी के साक्षी बने। इससे पूर्व विश्वविद्यालय की सिंडिकेट की विशेष बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई थी। समारोह के दौरान राष्ट्रपति की गरिमामयी उपस्थिति ने इस उपलब्धि को एक राष्ट्रीय सम्मान में बदल दिया। यह दिन मगध विश्वविद्यालय के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने लायक है—जब ज्ञान, तकनीक और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना एक मंच पर साकार होती दिखी।

सभी विभागों में खाली पदों को भरेगी सरकार : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के युवाओं को तोहफा दिया है। सीएम नीतीश कुमार ने इस साल के अंत तक बिहार पुलिस में खाली हुए सभी पदों को भरने का फैसला किया है। फिलहाल, कल बापू सभागार 21,391 नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ड्ड' पर लिखा कि कल 28 जून 2025 राज्य के युवाओं और बिहार पुलिस के लिए महत्वपूर्ण दिन है। कल



बापू सभागार में 21,391 नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। प्रदेश में कानून का राज स्थापित है। विधि व्यवस्था सुदृढ़ रहे, यह शुरू से हमारी प्राथमिकता रही है। कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए बिहार में लगातार पुलिसकर्मियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। सीएम नीतीश कुमार ने आगे लिखा कि 24 नवम्बर 2005 को नई सरकार बनने के समय बिहार पुलिस में कार्यरत बल की संख्या मात्र 42,481थी। वर्ष 2006 से कानून व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए पुलिस बल की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की गई। सीएम नीतीश ने आगे लिखा कि सरकार ने तय किया है कि पुलिस बल की संख्या को और बढ़ाना है तथा इसके लिए कुल 2 लाख 29 हजार से भी अधिक पदों का सृजन कर तेजी से पुलिसकर्मियों की बहाली की जा रही है। स्वीकृत बल के अनुरूप सभी पदों को इस साल के अंत तक भर दिया जाएगा। इससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति बढ़ेगी और आम नागरिकों की बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

हरबोड़ा नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतिया। शिकारपुर थाना क्षेत्र के नरकटियागंज के गोपाला ब्रह्म स्थान से सटे हड़बोड़ा नदी में नहाने के दौरान डूबने से चार बच्चों की मौत हो गयी। मृतकों में नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 और सहोदरा थाना क्षेत्र के फुलकौल जमुनिया गांव के चार मासूम बच्चे शामिल है। मृतकों की पहचान वार्ड नंबर 2 निवासी अनवर मियां के 9 वर्षीय पुत्र आसिफ उर्फ ढोलन, फुलकौल जमुनिया निवासी मुस्तफा अंसारी के 10 वर्षीय पुत्र इरशाद और 9 वर्षीय पुत्र दिलशाद, वहीं फिरोज अंसारी के 8 वर्षीय पुत्र रिजवान के रूप में हुई है। बताया गया कि चारों बच्चे नमाज के बाद एक साथ मोबाइल पर गेम खेल रहे थे और फिर बिना किसी को बताए हरबोड़ा नदी में नहाने चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक अन्य बच्चा भी उनके साथ था, लेकिन वह नदी में नहीं उतरा। नहाने के दौरान सभी चार बच्चे पानी के तेज बहाव में फंसकर डूबने लगे। किनारे पर खड़े बच्चे ने शोर मचाया, तो आस-पास के लोग और परिजन दौड़े-दौड़े नदी तट पर पहुंचे। स्थानीय युवकों और गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर सभी का शव निकाला गया। टनास्थल पर एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, सीओ सुधांशु शेखर, थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार आरओ अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पूरी जांच पड़ताल की। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

ठनका की चपेट में आने से किशोर समेत दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच(गया)। थाना क्षेत्र के रौना पंचायत अंतर्गत करमा टोला पाण्डेय पोखर एवं डबूर पंचायत के दौलता गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर सहित एक दो लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक कार्यकर्ता कौशल यादव के अनुसार ग्राम करमा टोला पाण्डेय पोखर के किशोर रोहित कुमार बधार में मवेशी चरा रहा था और अपनी दैनिक गतिविधियों में व्यस्त था तभी अचानक मौसम बदल गया और आकाशीय बिजली गिरने से वह इसकी चपेट में आ गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, ग्राम दौलता निवासी दिनेश यादव रफीगंज प्रखंड के कोई गांव हितैषी से वापस लौट रहे थे। जब वे भदुकी गांव के समीप पहुंचे तभी ठनका की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

बेगूसराय, मुजफ्फरपुर व भागलपुर में राज्य बीमा निगम अस्पताल का निर्माण जल्द


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य के बेगूसराय, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल और औषधालय का निर्माण जल्द शुरू होगा। इन जिलों में अस्पताल/औषधालय निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराई जा चुकी है, इसलिए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने श्रम संसाधन विभाग को इसकी जानकारी दी है। श्रम संसाधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिमला में आयोजित कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 196वीं बैठक में श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने भाग लिया और अस्पताल/औषधालय निर्माण के संबंध में केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। मुजफ्फरपुर जिले में 100 बिस्तर की क्षमता युक्त कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल के निर्माण हेतु कुढ़नी अंचल में पांच एकड़ सात कट्ठा भूमि का हस्तांतरण कर्मचारी राज्य बीमा निगम को कर दिया गया है। भागलपुर जिले में 30 बिस्तर की क्षमता (भविष्य में 100 बिस्तर विस्तारित होगा) कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल के निर्माण हेतु करीब पांच एकड़ भूमि उपलब्ध करायी है। हालांकि, आवंटित भूमि विवादित होने के कारण नये सिरे से उपयुक्त भूमि की व्यवस्था की जा रही है। बेगूसराय जिल के बरौनी में कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल एवं औषधालय के निर्माण हेतु साढ़े पांच एकड़ जमीन दी गई है। यह भूमि हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा भूमि आवंटित की गयी है।

विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू हो चुका है। इसी को लेकर बेगूसराय के युवराज होटल, जीरो माइल में मुंगेर और भागलपुर प्रमंडल के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों व सहायक पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग, प्रधान सचिव अरविंद आनंद, निदेशक विद्यारानी कोंथौजम, भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त हिमांशु राय, मुंगेर आयुक्त अवनीश कुमार सिंह और जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में मुंगेर प्रमंडल के अंतर्गत बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई और खगड़िया तथा भागलपुर प्रमंडल के भागलपुर और बांका जिलों के डीएम व अन्य निर्वाचन पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों को शॉल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरीय उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत विशेष पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार 1 अगस्त 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पात्र हैं। इसके लिए वे वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या बीएलओ के माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं। बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे और पावती रसीद प्रदान करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन नागरिकों का आवेदन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को प्राप्त होगा, उनका नाम 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। इस दौरान नागरिक नाम जोड़ने, सुधार कराने या नाम हटाने के लिए दावा-आपत्ति भी दर्ज करा सकेंगे। मनीष गर्ग ने बताया कि पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि सही मतदाताओं का नाम जोड़ना और अपात्रों का नाम सूची से हटाना, ताकि आगामी चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो सके। प्रधान सचिव अरविंद आनंद ने प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को तकनीकी और प्रक्रियात्मक जानकारी दी। वहीं, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त अवनीश कुमार सिंह ने बीएलओ को मिशन मोड में बेहतर प्रशिक्षण देने और उनके कार्यों की निगरानी के निर्देश दिए।



डीआरएम जयंत कुमार चौधरी ने 80 कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। दानापुर मुख्यालय स्थित 'अधिकारी क्लब' में '69 वां रेल सप्ताह' का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी एवं शालिनी चौधरी, अध्यक्षा, दानापुर महिला कल्याण संगठन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जयंत कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि आज 69वां रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर आप सबको हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। जैसा कि आप सब जानते हैं 16 अप्रैल 1853 को बम्बई से थाने के बीच शुरू हुई एक छोटी सी यात्रा, आज विश्व के विशालतम संगठनों में शुमार भारतीय रेल के रूप में हमारे सामने है। हम समारोह के माध्यम से उस यादगार क्षण तथा इस गौरवशाली विकास यात्रा को याद करते हैं। हमें गर्व है कि हम सब इस समृद्ध परम्परा की वर्तमान कड़ी है। जैसा कि आपको मालूम है कि प्रतिवर्ष आपकी निष्ठा, अनुकरणीय कर्तव्यपालन एवं प्रशंसनीय कार्यों के परिणामस्वरूप मंडल स्तर पर आपको पुरस्कृत करने का यह एक प्रयास है।



देश के नवनिर्माण में भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। दानापुर मंडल भारतीय रेल का एक महत्वपूर्ण मंडल है जो अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाए हुए है। दानापुर मंडल अटूट प्रतिबद्धता के साथ समेकित प्रयास से यात्रियों की सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण यात्रा हेतु निरंतर प्रयत्नशील है। इस प्रयास में आप सभी का योगदान सराहनीय रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय रेल के स्टेशनों के पुनर्विकास एवं आधुनिकीकरण के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 508 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशीला रखी जिनमें दानापुर मंडल के 20 स्टेशनों को भी शामिल किया गया है जिसकी लागत खर्च लगभग 350 करोड़ रूपये है। जयंत कुमार चौधरी ने दानापुर मंडल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दानापुर मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान यात्री किराया, माल भाड़ा एवं अन्य कोचिंग आय से होने वाली आय में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है जिससे कुल 1700 करोड़ रू. की आय हुई है तथा स्कैप की बिक्री से लगभग 48 करोड़ मूल्य की आय प्राप्त हुई है। किउल-गया सेक्शन लाइन का दोहरीकरण का कार्य पूरा किया गया। करनौती स्टेशन से बख्तियारपुर लिंक केबिन स्टेशन के बीच लगभग 4.2 किलोमीटर लंबी रेल ओवर रेल का निर्माण किया गया। किउल और बड़हिया के बीच अशोकधाम में ब्लॉक स्टेशन स्थापित किया गया जिसमें इलेट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था भी स्थापित की गई है।

पटना जंक्शन प्लेटफार्म सं. 1 पर एक आरपीएफ ऑफिस एवं बैरक का निर्माण किया गया। स्वदेश में निर्मित विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन भारतीय रेल की पहचान बन रही है। हमें गर्व है कि कई वंदे भारत ट्रेन एवं 01 नमो भारत ट्रेन की सौगात दानापुर मंडल को मिली है और इसका संचालन एवं अनुरक्षण मंडल द्वारा किया जा रहा है। वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण त्योहारों जैसे कि दुर्गापूजा, दीपावली एवं छठ में और समर होलीडे सीजन में यात्रियों के भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु 10,6,65 पूजा स्पेशल ट्रेन ट्रिप्स चलाई गई। इस्लामपुर-नटेसर सेक्शन के बीच सेक्शलन स्पीड को 60 किलोमीटर से बढ़ाकर 110 किलोमीटर प्रतिघंटा किया गया जिससे परिचालन एवं समय पालन में अतिरिक्त सुधार हुआ है।

दानापुर मंडल के इतिहास में पहली बार दो लोडेड माल गाड़ियों को एक साथ जोड़कर रक्सौल के लिए चलाया गया। तीन खाली मालगाड़ियों को एक साथ जोड़कर एनाकोंडा नामक मालगाड़ी एनटीपीसी बाढ़ से धनबाद मंडल के लिए चलाई गयी।

तिब्बत की आजादी, कैलाश मुक्ति और चीनी सामानों के बहिष्कार को लेकर दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। तिब्बत की स्वतंत्रता, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति और चीनी वस्तुओं के बहिष्कार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर भारत-तिब्बत सहयोग मंच की राष्ट्रीय परिषद की बैठक आगामी 28 एवं 29 जून 2025 को नई दिल्ली स्थित शांति ज्ञान निकेतन, गोयला डेयरी, नजफगढ़ में आयोजित की जा रही है। यह दो दिवसीय बैठक मंच की भावी रणनीति, संगठनात्मक विस्तार और राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान की दिशा को लेकर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में भारत के विभिन्न राज्यों से मंच के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी भाग लेंगे। दक्षिण बिहार प्रांत से राष्ट्रीय मंत्री शिवाकांत तिवारी, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अनिल श्रीवास्तव, प्रांत अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार, सह-क्षेत्र संयोजक पूनम सिन्हा, प्रांत महामंत्री डॉ. मुकेश कुमार ओझा तथा ओम स्वस्तिक प्रिया सहित अन्य प्रतिनिधिगण बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हो चुके हैं। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए प्रांत महामंत्री डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने बताया कि भारत-तिब्बत सहयोग मंच का मूल उद्देश्य तिब्बत को चीनी आधिपत्य से मुक्त कर एक स्वतंत्र और शांतिपूर्ण राष्ट्र के रूप में पुनः स्थापित करना है।

डायरिया की रोकथाम को लेकर चलेगा 'स्टॉप डायरिया कैंपेन' : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि शिशु स्वास्थ्य और बच्चों में डायरिया से बचाव के उद्देश्य से राज्य में 'स्टॉप डायरिया कैंपेन 2025' का अभियान चलाया जाएगा। अभियान की शुरुआत 15 जुलाई से होगी, जो दो माह यानी 14 सितंबर तक मनायी जायेगी। दो माह के इस अभियान के दौरान पांच वर्ष तक के प्रति बच्चों के बीच ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोली का वितरण एवं उनके अभिभावकों को डायरिया नियंत्रण संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा डायरिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए ओआरएस और जिंक की ससमय आपूर्ति एवं वितरण जरूरी है। ओआरएस और जिंक के समय से उपयोग के जरिए डायरिया के कारण शिशुओं में होने वाली मौतों को शून्य किया जा सकता है। इस लिहाज से अभियान का लक्ष्य



ओआरएस और जिंक की समय पर आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने के साथ समुदाय में इसके महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी है। अभियान का संचालन राज्य भर में अंतर विभागीय समन्वय और सहयोग से किया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ आईसीडीएस एवं शिक्षा विभाग की भी सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घरों में जाकर पांच वर्ष उम्र तक के प्रति बच्चों को ओआरएस का एक पैकेट और जिंक की 14 गोलियों का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के तहत पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 1.94 करोड़ बच्चों के 2 करोड़ 50 लाख घरों को लक्षित किया गया है।

श्री पांडेय ने कहा कि अभियान के दौरान अभिभावक को डायरिया से बचाव, टीकाकरण, स्तनपान, अनुपूरक आहार, विटामिन'ए' एवं ओआरएस-जिंक के महत्व के साथ ओआरएस बनाने की विधि आशा कार्यकर्ता बताएंगी। जिलों के सभी निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम को अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए ओ.आर.एस. जिंक कॉर्नर संचालित करने के अनुरोध किए गए हैं। अभियान की सफलता के लिए इसकी निगरानी एवं नियमित रिपोर्टिंग पर जोर दिया जाएगा। साथ ही अभियान के दौरान कॉल सेंटर स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है। सरकार डायरिया से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारी को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य कर

म्यूच्यूअल ट्रांसफर का शिक्षकों ने किया विरोध, फैसला वापस नहीं होने पर करेंगे सामूहिक आत्मदाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के ट्रांसफर प्रक्रिया में अचानक बदलाव से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बीते दिनों सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा था कि ट्रांसफर की प्रक्रिया अब शिक्षकों द्वारा परस्पर ही की जाएगी। इस पत्र का शिक्षक संघ ने कड़ा विरोध किया है। बिहार विद्यालय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव तथा महासचिव अनीश सिंह ने कहा की खेल के बीच में नियम बदलना कहीं से न्यायोचित नहीं है। म्यूच्यूअल ट्रांसफर से एक फीसदी भी शिक्षकों को उनके पसंदीदा स्थान पर ट्रांसफर नहीं मिल सकेगी। सबसे ज्यादा परेशानी अंतर जिला में पदस्थापित शिक्षकों को होगी। उन्होंने शिक्षा विभाग से तत्काल इस प्रक्रिया पर रोक लगाकर रिक्ति के अनुसार ट्रांसफर करने की मांग की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यह आदेश तुरंत ही वापस होने चाहिए वरना ट्रांसफर से वंचित शिक्षक शिक्षा विभाग के सामने ही सामूहिक आत्मदाह करेंगे। बताते चले कि शिक्षा विभाग ने विशेष समस्या से ग्रसित शिक्षकों से पिछले साल ही अभ्यावेदन प्राप्त किया था तथा 1 लाख 30 हजार शिक्षकों का ट्रांसफर ग्रीष्मावकाश तक करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक मात्र 62 हजार शिक्षकों का ही स्थानांतरण हुआ है। सबसे अधिक परेशानी पुरुष शिक्षकों की है ,दूरी के आधार पर अंतर जिला एक भी पुरुष शिक्षक का ट्रांसफर विभाग ने नहीं किया है ।

तेजस्वी यादव ही होंगे महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार : कन्हैया कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले महागठबंधन के अंदर मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी संशय की स्थिति समाप्त हो गई है। महागठबंधन के अहम सहयोगी कांग्रेस के नेता कन्हैया कुमार ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में अगर महागठबंधन को बहुमत मिला तो मुख्यमंत्री राजद से ही होगा। कन्हैया कुमार ने शुक्रवार को कहा कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का मुख्य चेहरा बनाने को लेकर महागठबंधन में कोई भ्रम या विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे पर कोई संशय नहीं है। तेजस्वी यादव के नाम पर भी कोई विवाद नहीं है। कन्हैया कुमार के इस बयान के बाद साफ हो गया है कि तेजस्वी यादव ही महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। दरअसल, कांग्रेस के कुछ नेताओं ने बीते दिनों मुख्यमंत्री पद पर तेजस्वी के नाम पर फाइनल सहमति नहीं दी थी। लेकिन, अब कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के इस बयान से तेजस्वी यादव के महागठबंधन के अंदर मुश्किल आसान हो गई है। कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के जीतने पर सबसे बड़े घटक दल के रूप में राजद का नेता ही स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री होगा। कन्हैया कुमार ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को जैसे ही मौका मिलेगा, वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जगह अपने किसी नेता को बिहार का मुख्यमंत्री बना देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह परंपरा रही है कि वो पहले क्षेत्रीय पार्टी का समर्थन लेती है और फिर धीरे-धीरे उसे निगल जाती है। कन्हैया कुमार ने दावा किया कि बिहार में पिछले विधानसभा चुनावों की तुलना में 'परिवर्तन की हवा' अधिक मजबूत है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऑपरेशन सिंदूर को चुनावी मुद्दा नहीं बना रही है क्योंकि उसे पता है कि बिहार के लोग इसे देश के सम्मान का मामला मानते हैं और किसी भी पार्टी को इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश सिंह भी तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने का समर्थन किया था। उन्होंने तेजस्वी यादव से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा था कि तेजस्वी नहीं तो कौन मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार में महागठबंधन की अगुवाई राजद कर रही है। इस गठबंधन में वामदल, कांग्रेस और वीआईपी शामिल है। पिछले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के सबसे बड़े घटक राजद ने 144 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 75 सीटें हासिल की थी।

बिहार के सभी जिलों में कार्य करने लगे हैं बीएसएनएल की 4जी सेवा : रवीन्द्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत संचार निगम लिमिटेड बिहार परिमंडल ने 4जी सेवा के तहत स्वदेशी तकनीक से निर्मित 2958 4जी उपकरण स्थापित करने का काम पूरा कर लिया है। बीएसएनएल बिहार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक रविन्द्र कुमार चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि बीएसएनएल की 4जी सेवा बिहार के सभी जिलों में एवं दूर सराज के क्षेत्रों में बहाल में हो चुकी है। अगले 15 दिनों में 4जी सेवा सुचारू रूप से कार्य करने लगेगा। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल ने ग्राहकों के विश्वास और प्यार को देखते हुए तथा उनको हो रही परेशानियों के मद्देनजर त्वरित कार्रवाई की है और 4जी सेवा की समस्याओं को दूर कर लिया गया है। रवीन्द्र चौधरी ने बताया कि यदि किसी स्थान पर कालिंग अथवा डेटा की समस्या हो तो हमारे टाल फ्री नंबर 1503 पर संपर्क कर सकते हैं। 4जी सेवा लगातार सुधार के कारण 80 हजार जीबी डेटा की खपत प्रतिदिन हो रही है और वायस ट्रैफिक भी लगातार बढ़ते हुए 10 हजार एरलाग को पार कर गया है। 4जी ग्राहकों को, यदि वायस कालिंग की कोई समस्या हो तो अपने सेट में उपलब्ध वोल्ट सुविधा को स्वयं सक्रिय कर लें। वोल्ट सुविधा अभी तक 2.5 लाख उपभोक्ताओं को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल 4जी उपयोग करने वाले ग्राहकों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हमारे सभी बीएसएनएल ग्राहक धन्यवाद के पात्र हैं कि उन्होंने हमारी सेवाओं पर अपना विश्वास एवं भरोसा कायम रखा है। उन्होंने बताया कि अब तक 4जी सेवाओं से संबंधित वैसे ग्रामीण इलाके जहां पहले कभी 4जी का सिग्नल नहीं था, में भी 100 मोबाइल टावरों को चालू कर दिया गया है जो रोहतास, कैमूर, गया, नवादा, मुंगेर, जमुई और लखीसराय जिलों में फैले हुए हैं। ग्राहकों की सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए बीएसएनएल लागातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल की 4जी सेवाओं की बढ़ती लोकप्रियता के कारण बीएसएनएल मुख्यालय द्वारा 1000 नए बीटीएस लगाने के लिए भी स्वीकृती दे दी गई है जो जुलाई माह से प्राप्त होनी की संभावना है।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल संसदीय समिति की बैठक

सांसदों ने जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, डीडीयू के सभागार में किया गया। बैठक में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा की गयी। बैठक में सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर



पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज की इस बैठक में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह, सासाराम के सांसद मनोज कुमार, आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, काराकाट के सांसद राजा राम सिंह तथा राज्य सभा की सांसद दर्शना सिंह एवं साधना सिंह उपस्थित थे। इनके अलावा केन्द्रीय मंत्री सह गया के सांसद जीतन राम मांझी के प्रतिनिधि राजेश कुमार पाण्डेय, बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह के प्रतिनिधि अजीत, औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार सिन्हा के प्रतिनिधि संजय कुमार उपस्थित थे। बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदगण एवं सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत करते हुए कहा कि यह बैठक रेलवे एवं जनप्रतिनिधियों के मध्य संवाद का एक सशक्त माध्यम है और आपके सुझाव हमें सेवा की गुणवत्ता में और सुधार लाने हेतु प्रेरित करते हैं।

राजद नेता अजीत यादव समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में इस साल के होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत में जोड़तोड़ की राजनीति शुरू हो गई है। राजद के वोट बैंक में भाजपा ने बड़ी सेंधमारी कर दी है। इस से चुनाव से पहले राजद को तगड़ा झटका लगा है। जहानाबाद के पार्टी के वरिष्ठ नेता अजीत यादव अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राजद छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण साधने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां जहानाबाद के राजद नेता अजीत यादव ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अजीत यादव सहित दर्जनों समर्थकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान दिलीप जायसवाल ने दावा किया कि बिहार में सबसे अधिक यादव विधायक और सांसद भाजपा के पास है जो लोग जाति के नाम पर राजनीति करते हैं, उन्हें अब यह समझना चाहिए कि यादव समाज का असली प्रतिनिधित्व भाजपा ही कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा यादव समाज के नेताओं और कार्यकर्ताओं को उचित प्रतिनिधित्व देगी।

दिलीप जायसवाल ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस जाति के वोट बैंक पर राष्ट्रीय जनता दल गर्व करता था, अब उस जाति ने भी सच्चाई को समझ लिया है। यादव समाज अब जान चुका है कि अगर कोई पार्टी वास्तव में उन्हें प्रतिनिधित्व दे रही है तो वह भाजपा है। कुल मिलाकर, आज का मिलन समारोह केवल अजीत यादव के पार्टी में शामिल होने की घोषणा नहीं थी, बल्कि यह भाजपा की ओर से यादव समाज को स्पष्ट संदेश देने की कोशिश भी थी कि अब वह उनके साथ मजबूती से खड़ी है।

चालू योजना के तहत 2976 पैक्सों में स्थापित हुई कृषि बैंक

योजना की उपयोगिता एवं लाभ से राज्य सरकार अवगत : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य में पैक्सों के किसानों को उन्नत खेती के लिए इनपुट प्रदान करने हेतु कृषि संयंत्र बैंक की स्थापना मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना के द्वारा कराई जा रही थी। यह योजना वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक स्वीकृत थी। इस अवधि में राज्य की 8463 पैक्सों में 2976(35) पैक्सों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। इस योजना के लिए 439.05 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था जो कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, नई दिल्ली द्वारा केन्द्र सरकार की सेन्ट्रल सेक्टर इन्टीगेटेड स्कीम ऑन एग्रीकल्चरल कॉरपरेशन योजना के अन्तर्गत चल रही है। राज्य के पैक्सों को इस योजना के तहत 15 लाख रुपये ऋण तथा अनुदान के रूप में दी जाती है। विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार अभी 1271 पैक्सों के द्वारा इस योजना से लाभान्वित होने के लिए प्रस्ताव दिया गया है। इस योजना के तहत पैक्सों को ट्रेक्टर, ट्रॉली, रोटोवेटर, सीडर, बान्डर, रीपर, हार्वेस्टर इत्यादि उपलब्ध कराया जा रहा है। पैक्सों द्वारा सरकारी ई-पोर्टल जेम पर स्वंय को क्रेता के रूप में निबंधित कर



ऑनलाइन उपस्कर क्रय किया जाता है जो एक पारदर्शी निविदा व्यवस्था है। मंत्री डॉ प्रेम कुमार सहकारिता विभाग द्वारा बताया गया कि इस योजना की उपयोगिता एवं लाभ से राज्य सरकार अवगत है। आगामी वर्षों में राज्य के शेष पैक्सों को भी इस योजना से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से योजना स्वीकृति की संभावना तथा राज्य स्तर से भी इस योजना को कार्यान्वित करने पर विचार किया जा रहा है। शीघ्र ही इस योजना को विस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा है।

रजत जयंती पर आस्था से सराबोर रहा शक्तिधाम, भजन सुन विभोर हुए श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर का रजत जयंती और स्थापना दिवस शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने कहा कि आज आषाढ़ सुदी दूज के पावन अवसर पर दादी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शक्तिधाम के 25 वर्ष पूरे होने पर यहां की आभा देखते बनी। दिनभर मंदिर परिसर भक्तों की आस्था और भजनों से सराबोर रहा। श्री दादीजी का विशेष श्रृंगार किया गया था और पूरे मंदिर को मेहंदी, पुष्पों व पारंपरिक सजावटी वस्तुओं से सजाया गया। संध्या बेला में विशेष भोग अर्पित किया गया और सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक लाल-पीली साड़ी और चुनरी धारण कर मंदिर पहुंचीं। शक्तिधाम महिला मंडल की शकुन्तला अग्रवाल, रेखा मोदी, चंदा पोद्दार, प्रेमलता गोयल, सरिता बंका, रिमझिम सर्राफ, रेणु अग्रवाल, रेणु बजाज, सुमित्रा मित्तल, अनुसूईया खेतान, प्रीति अग्रवाल, सीमा माखरिया सहित अन्य ने दादीजी की आराधना की और भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वाराणसी की प्रसिद्ध भजन गायिका सुगंधा वर्मा रहीं जिनकी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने जब गाया 'मंदिर सज गया प्यारा प्यारा, कीर्तन की है रात' 'दादी तेरे मंदिर में दरबार ये झुंझुनवाली का' दादीजी तू बिन कौन सहारा, तू ही जीवन की है धारा... और मेरा हर सांस तेरा नाम पुकारे दादी मां, तेरे चरणों में ही जीवन हमारा दादी मां... जैसे भजन प्रस्तुत किए तो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया।



बनारस की प्रसिद्ध भजन गायिका सुगंधा वर्मा

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 2 जुलाई को

बैठक में बारह सौ प्रमुख नेता और कार्यकर्ता लेंगे हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


पटना। भाजपा की बिहार प्रदेश कार्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक 2 जुलाई को पटना में होगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ज्ञान भवन में होने वाली इस बैठक में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। दिलीप जायसवाल ने बताया कि इस बैठक में पूरे बिहार से लगभग 1200 प्रमुख नेता और कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इनमें प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल होंगे।

दिलीप जायसवाल ने बताया कि दिन भर चलने वाले सत्र में पार्टी के आगामी रणनीतिक प्रस्तावों पर गहन चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन और अन्य केंद्रीय नेताओं की उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होने की उम्मीद है। बैठक बिहार भाजपा के लिए भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस दौरान दिलीप जायसवाल ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि बेचैन आत्मा राजनीति में अपनी दुकानदारी चलाने के लिए कुछ भी वादा करने को तैयार हैं, इसका मतलब क्या है? उसका कोई फायदा नहीं है जिसको सरकार में आना ही नहीं है, वह कुछ भी वादा कर ले। उन्होंने कहा कि कल तक जो लाठी बांटे रहे वे अब कलम बांट रहे हैं। हाथी के दांत दिखाने के अलग और खाने के अलग हैं।

बहुत गहरी हैं लघुकथा की जड़ें : डॉ रामवचन राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। लघुकथा को विधागत मान्यता दिलाने के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के प्रणेता और अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के प्रतिष्ठापक डॉ सतीशराज पुष्करणा की 5वीं पुण्यतिथि पर जगजीवन राम शोध संस्थान में स्मृति पर्व का आयोजन किया गया। लघुकथाकारों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए साहित्य में उनके योगदान की विस्तार से चर्चा की। मौके पर वरिष्ठ लघुकथाकार डॉ कमल चोपड़ा द्वारा संपादित लघुकथा केंद्रित वार्षिक पत्रिका 'संरचना' के 17वें अंक का



लोकार्पण किया गया एवं लघुकथाकारों ने अपनी -अपनी लघुकथाओं का पाठ भी किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार विधान परिषद के उप सभापति डॉ रामवचन राय ने कहा कि लघुकथा की जड़ें बहुत गहरी हैं और इसे सींचने में सतीशराज पुष्करणा का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लघुकथा की समृद्धि और नवोदित लघुकथाकारों की बेहतरी के लिए न्योछावर कर दिया था। अध्यक्षता करते हुए नई धारा के संपादक डॉ शिवनारायण ने कहा कि लघुकथा को आज जो देशव्यापी प्रतिष्ठा प्राप्त है, उसके पीछे लघुकथा आंदोलन के राष्ट्रीय प्रणेता सतीशराज पुष्करणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

तेज प्रताप यादव ने स्वीकारा तेजस्वी यादव से दूरी की बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने शुक्रवार को खुद को 'दूसरा लालू' घोषित किया। एक निजी टीवी चैनल के इंटरव्यू में उन्होंने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव से रिश्तों को लेकर पहली बार खुलकर बात की। तेज प्रताप ने माना कि दोनों भाइयों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि वह रिश्तों को संभालना चाहते हैं और बड़े भाई की भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अभी थोड़ा-बहुत उथल-पुथल जरूर है, लेकिन मैं रिश्ता बिगाड़ना नहीं चाहता। मैं हर रिश्ते को ठीक रखने की कोशिश करता हूं। चाहे घर का सदस्य हो या बाहर का कोई, मेरे लिए रिश्ते अहम हैं। तेजप्रताप ने अपने खिलाफ साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग मेरे खिलाफ साजिश कर रहे हैं, उन्हें मैं वक्त आने पर जवाब दूंगा। दुश्मन घर का हो या बाहर का, पहचानना मुश्किल होता है। कई बार दुश्मन आपके बहुत पास होता है।

छह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के नेतृत्व में सउनि राजेंद्र कुमार दास, सउनि मनोज कुमार चौधरी, आरक्षी अरविंद कुमार व आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवं पोस्ट स्तर पर गठित टास्क टीम के सदस्य आरक्षी सर्वोदय पासवान तथा आरक्षी उमेश कुमार सिंह, अपराध आसूचना शाखा गया के प्रधान आरक्षी सर्वजीत राय तथा आरक्षी नवीन कुमार पाण्डेय एवं राजकीय रेल थाना-डिहरी ऑन-सोन के अवर निरीक्षक नागेश्वर मण्डल व आरक्षी विकास कुमार



की संयुक्त टीम द्वारा गाड़ियों को सुरक्षित पास करवाने के क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर प्लेटफॉर्म संख्या 01 के पश्चिमी छोर पर रोहित कुमार, उम्र-19 वर्ष, पिता - ललित कुमार, साकिन - बेलथान, थाना-अथमलगोला, जिला पटना (बिहार) नाम के एक व्यक्ति को उसके पास के रखे काले रंग के पिट्ठू बैग में रखे 02-02 किलोग्राम के 03 बंडलों कुल 06 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया। पूछने पर बताया कि मैं इसे उड़ीसा से ला रहा हूं और यहां से पटना ले जाता जिसे नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी अंचलाधिकारी संजय कुमार को बुलाया गया एवं उनकी उपस्थिति में विडियोग्राफी कराते हुए विधिवत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया तथा उक्त व्यक्ति को उसके अपराध से अवगत कराते हुये न्यायालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कब्जा रेसुब लेकर पोस्ट पर लाया गया और सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास के लिखित शिकायत पत्र के साथ गिरफ्तार व्यक्ति व जप्तशुदा गांजा को अग्रिम कार्यवाही वास्ते रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को सुपुर्द किया गया।

नशीली दवाओं के सेवन और अवैध व्यापार के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। नशीली दवाओं के सेवन और अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर लिच्छवी भवन, भभुआ में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों, स्काउट-गाइड इकाइयों एवं अम्बेडकर छात्रावास के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुमन सौरभ भी उपस्थित रहे जिन्होंने बच्चों को कानून एवं उनके अधिकारों की जानकारी दी। बाल संरक्षण इकाई के सहायक



निदेशक राजन कुमार ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्यप्रणाली एवं महत्व की जानकारी दी। सदर अस्पताल भभुआ की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. भावना गुप्ता ने नशे के दुष्प्रभावों एवं इससे जुड़ी मानसिक और शारीरिक बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल स्कूली छात्रों ने भी नशा मुक्ति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। +2 हाई स्कूल के छात्र श्यामजी पाठक, आकाश कुमार, श्रेयांश कुमार तथा मध्य विद्यालय गवई की छात्राएं हर्षिका कुमारी एवं बेबी कुमारी ने स्काउट-गाइड के प्रतिनिधि के रूप में प्रभावशाली वक्तव्य दिए। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कैमूर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नशा उन्मूलन विषय पर एक लघु चलचित्र भी प्रदर्शित की गई जिसने उपस्थित जनों को गहराई से प्रभावित किया।

अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि दुनिया की कोई भी वस्तु जब आपका उपयोग करने लगे, तब वह आपके लिए घातक हो जाती है। ड्रग्स भी ऐसा ही करता है। वह आपको नियंत्रित करने लगता है, इसलिए वह घातक है।

हर्षोल्लास के साथ मना स्वागत सप्ताह एक्सप्रेस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। विभागीय निर्देशानुसार स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में 23 जून से 27 जून 25 तक चल रहे ग्रीष्म अवकाश एक्सप्रेस के अंतिम दिन स्वागत सप्ताह एक्सप्रेस मनाया गया। इस अवसर पर गृह कार्य एक्सप्रेस गणित एक्सप्रेस रीडिंग एक्सप्रेस के तहत प्रथम तीन स्थान पर चयनित धावक उत्साही तथा यात्री छात्र-छात्राओं को अभिभावकों की उपस्थिति में बैच लगाकर सम्मानित किया गया। ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में आत्मिक लगाव विद्यालय से जुड़ाव



तथा क्रमिक रूप से सहज करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के द्वारा इस साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में करने का निर्देश प्राप्त था। कार्यक्रम में वर्ग शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा माता-पिता तथा अभिभावकों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया तथा आगत अतिथियों को प्रधानाध्यापक के द्वारा सरकार के योजनाओं की जानकारी देने का कार्य किया गया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने माता-पिता अभिभावकों से सादर अनुरोध करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों की नियमित उपस्थिति का ख्याल रखें तथा अपने बच्चों को पूरे यूनिफार्म के साथ विद्यालय भेजने का कार्य करें तथा प्रत्येक माह में आयोजित अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में उपस्थित होकर अपने बच्चों का प्रोग्रेस रिपोर्ट को जानने का कार्य करे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र सोनी कुमारी, प्रिया कुमारी, सिमरन कुमारी, अंजली कुमारी ने अपने माता-पिता की उपस्थिति में रंगोली बनाकर प्रदर्शित करने का कार्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान शिक्षक सतीश कुमार, चंचल द्विवेदी, प्रेमचंद प्रसाद, नरेश प्रसाद, सुजाता प्रसाद, चिंतामणि कुमारी, मोनू गुप्ता, तनवीर अख्तर, विभा रानी उपस्थित थी।

30 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 30 आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, विविध मामले, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, डकैती, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। 4लीटर देशी शराब व एक बाइक जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 57हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

नाबालिग लड़की को रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्प लाइन को किया सुपुर्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। ड्यूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक हरेराम कुमार साथ आरक्षी कमल राज डिहरी रेलवे स्टेशन पर चेकिंग व ट्रेन पासिंग कर रहे थे इसी क्रम में प्लेटफार्म संख्या 4/5 के पूर्वी यात्री शेड में एक नाबालिग बच्ची को संदिग्धावस्था में बैठे हुए पाया जिस पर संदेह होने पर महिला आरक्षी प्रीति कुमारी को मौके पर बुलाकर उक्त नाबालिग बच्ची से पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम व पता काल्पनिक जूली शर्मा उम्र करीब 16 वर्ष पिता स्वर्गीय कैलाश शर्मा ग्राम + थाना काराकाट, जिला



रोहतास (बिहार) बताया एवं बताया कि वह अपने घर से झगड़ा कर यहां आ गई है। बाद में इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर देते हुए उक्त नाबालिग बच्ची को महिला आरक्षी प्रीति कुमारी के सहयोग से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन कार्यालय में लाकर उसकी देखरेख में सुरक्षित रखा गया। सूचना पाकर चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम से मोहम्मद जमशेद आलम, सुपरवाइजर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन पर उपस्थित हुए जिनके द्वारा उक्त नाबालिग बच्ची की काउंसलिंग की गई। बाद में दोनों बच्चों को उनकी बेहतर भविष्य एवं पारिजनों तक सुरक्षित पहुंचाने हेतु एक सुपुर्दगीनामा तैयार कर एवं फोटोग्राफी कर अग्रिम कार्रवाई वास्ते चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम से आए सुपरवाइजर मोहम्मद जमशेद आलम को सही सलामत सुपुर्द किया गया।

क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान को पटल पर लाएंगे : अखिलेश

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नहीं जानते स्थानीय लोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पुराने शाहाबाद जिला के दक्षिणी हिस्से में रहने वाले लोगों ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपनी बड़ी आहूति दी थी, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उससे नई पीढ़ी अनभिज्ञ है। शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति सामाजिक सरोकार रखने वाले लोगों के सहयोग से ऐसे महापुरुषों के त्याग और बलिदान को पटल पर लाएगी तकि नई पीढ़ी उनसे रुबरु होकर शिक्षा ग्रहण करे। उक्त बातें शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अखिलेश कुमार ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के प्रमुख क्रांतिकारी शहीद सरनाम सिंह के पैतृक गांव नावाडीह भ्रमण करने के बाद



'नवबिहार टाइम्स' को बताया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन शाहाबाद जिला के दक्षिणी हिस्से और वर्तमान में रोहतास प्रखंड के अमझोर में अंग्रेजों के अधीन चलाए जा रहे नील फैक्ट्री में हो रहे मजदूरों के शोषण के खिलाफ अनेक क्रांतिकारियों ने बगावत किया था। उसमें सरनाम सिंह, दिलावर खान, भिखारी रजवार, छोटु दुसाध आदि राष्ट्रभक्त शामिल थे। सरनाम सिंह पर उस समय ब्रिटिश हुकूमत ने एक हजार और दिलावर खान पर दो सौ रुपए इनाम घोषित कर रखा था। नावाडीह गांव निवासी सरनाम सिंह की गिरफ्तारी हुई तो संक्षिप्त सुनवाई के बाद उन्हें तेलकप मोड़ पर लाकर गोलियों से उड़ा दिया गया था। कहा कि यह दुर्भाग्य है कि ऐसे देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानियों को लोग न जानते हैं और न हीं उनका कहीं कोई स्मारक भी है। ऐसे में सामाजिक सरोकार रखने वाले लोगों के सहयोग से रोहतास प्रखंड में इन क्रांतिकारियों का स्मारक बनाने की जरूरत है, ताकि नई पीढ़ी उससे अवगत हो और देश के त्याग और बलिदान का शिक्षा ले सके।

कुदरा में निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, हरे कृष्ण के उद्घोष से शहर गुंजायमान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। शहर में श्रद्धालुओं ने रविवार को भगवान जगन्नाथ जी की भव्य शोभायात्रा निकाली। जगन्नाथ मंदिर के समीप स्थित रामलीला मैदान से दोपहर में रथयात्रा निकाली जो शहर का भ्रमण किया। दर्जनों की संख्या में युवाओं की टोली द्वारा रस्सा के माध्यम से रथ को खींचा जा रहा था। नगर भ्रमण के दौरान रथ बाजार के रास्ते होते हुए कुदरा-भभुआ मोड़ पर पहुंचा जहां से थाना परिसर होते हुए पुनः जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हो गया। भगवा कपड़े पहने श्रद्धालुओं में महिला व पुरुष दोनों शामिल थे। नगर भ्रमण के दौरान हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्ण कृष्णा हरे हरे, हरे रामा



हरे रामा राम रामा हरे हरे के उद्घोष कर रहे थे। रथ को आकर्षक ढंग से सजाने के लिए काशी व मथुरा से सजावट कर्मी आये थे। मालूम हो कि स्कंद पुराण के अनुसार भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने एक दिन नगर देखने की इच्छा व्यक्त की थीं। तब जगन्नाथ और बलभद्र अपनी बहन को रथ पर बिठाकर नगर दिखाने निकले थे। यात्रा के दौरान वे अपनी मौसी गुंडिचा के घर गए और वहां सात दिनों तक रुके, तभी से जगन्नाथ रथ यात्रा की परंपरा शुरू हुई। पंचांग के मुताबिक हर साल ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होती है। यह भव्यरथ यात्रा भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को समर्पित है। कहते हैं कि भगवान अपने भक्तों के लिए हर युग में अलग-अलग अवतार लेकर आए। जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि अध्यक्ष गिरजेश सिंह, प्रदीप जायसवाल, झूंगारी बाबा, पियन पासवान, डब्लू सिंह, परमहंस राय, विजय शंकर सिंह व बाला जी ने बताया कि शहरवासियों ने नगर भ्रमण के श्रद्धापूर्वक भाग लिया। भीषण गर्मी को देखते हुए शहर में कई जगहों पर समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा जगह-जगह पर पेयजल का व्यवस्था किया गया है। जैसे ही श्रद्धालु पहुंचते समाजसेवियों द्वारा पानी व शर्बत लेकर श्रद्धालुओं दिया जा रहा था। काफी भीड़ को देखते हुए पेयजल के लिए दर्जनों युवकों को तैनात किया गया था। नगर भ्रमण के पूर्व समाजसेवियों द्वारा रास्त की भी सफाई कराई गई। शहर में भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में शहर व आसपास के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान जगन्नाथ जी के रथ को नगर भ्रमण कर बाद जगन्नाथ मंदिर परिसर में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति कर सदस्यों ने बताया कि भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा व भंडारा का कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक सम्पन हुआ।

डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डीडीयू मंडल द्वारा पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन-सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रातः 06.00 से 22.00 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड-स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। मुख्यतः बक्सर-डीडीयू खंड, वाराणसी- डीडीयू, सासाराम - डीडीयू, आरा- सासाराम खंड, गढ़वा रोड- डिहरी ऑन-सोन, किउल- गया, गोमो - गया एवं पटना- गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। अंतिम सूचना तक डीडीयू मंडल द्वारा लगभग 1695 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 10 लाख 45 हजार रुपये की राशि वसूली गयी है। इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि सदैव उचित टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें।

जदयू कार्यालय में समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। स्थानीय विश्वकर्मा मोड़ बाजार समिति तकिया स्थित रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के कार्यालय में एक समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता रोहतास के जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने तथा संचालन जिला प्रवक्ता अलख निरंजन ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोहतास जिला प्रभारी अशोक प्रजापति उपस्थित हुए। बैठक में रोहतास जिले के चार विधानसभा क्षेत्र करगहर, दिनारा, सासाराम और चेनारी में बूथ स्तर पर चल रहे बूथ कमेटी की समीक्षा की गई। इस क्रम में जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने कहा कि रोहतास जिला के सातों विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिक स्तर अर्थात बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए आगामी 29 जून से 13 जुलाई तक पंचायत स्तर पर बैठक



की जाएगी और बूथ कमेटी को सक्रिय कर पार्टी को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सशक्त किया जाएगा। बैठक में बिहार राज्य नागरिक परिषद के नव मनोनित सदस्यों तथा रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेताओं अमरेश चौधरी और महिला आयोग की सदस्या रजिया कामिल अंसारी को जिला अध्यक्ष रोहतास अजय सिंह कुशवाहा के द्वारा अंग वस्त्र एवं माला से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि अमरेश चौधरी, धनजी चौधरी और रजिया कामिल अंसारी पार्टी के पुराने अनुशासित और कर्मठ नेता हैं। बिहार राज्य नागरिक परिषद और महिला आयोग के सदस्य के रूप में उनके मनोनयन से कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष व्याप्त है। इससे एक बात तय है कि कार्यकर्ताओं पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक समान ध्यान रखते हैं और पार्टी के प्रति निष्ठा रखने वाले समर्पित कार्यकर्ता जरूर सम्मानित होते हैं। अमरेश चौधरी तथा धनजी चौधरी के बिहार राज्य नागरिक परिषद में और रजिया कामिल अंसारी के राज्य महिला आयोग में मनोनयन से रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड और भी मजबूत होगा तथा कार्यकर्ताओं में पार्टी के कार्यों को लेकर उत्साह बढ़ेगा।

विद्युत स्पर्शाघात से मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी मुफस्सिल थाना के दुर्गापुर गांव में बोरिंग की सफाई में लगे मजदूर की विद्युत स्पर्शाघात से मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार चालीस वर्षीय मजदूर सुधीर राम गांव के मृदुल दुबे के खेत में काम करने गया था। बोरिंग के चैंबर का मिट्टी निकालने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह बिजली के तार पर गिर गया। करंट लगने से जख्मी हो गया जिसे इलाज को नारायण मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम को सासाराम भेज दिया। मृतक के पिता ठेंगू राम ने मृदुल दुबे पर काम कराने के बहाने ले जाकर करंट लगने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना गत 25 जून की है।

श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के लिए निकली शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। नगर पंचायत के श्री गौरीशंकर बिचला मठ में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के लिए गुरुवार को शोभायात्रा निकाला गया जिसमें भारी संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवा रंग के कपड़े पहने व हाथों में कलश लिए श्रद्धालुओं ने दुर्गावती नदी से जल उठाया जिसके बाद नगर का भ्रमण किया। शोभायात्रा में भगवान शंकर व माता पार्वती जी की अद्भुत झांकी देखने को मिली। झांकी के आगे व पीछे भारी संख्या में श्रद्धालु बम बम भोले का नारा लगा रहे थे। यज्ञ में श्रद्धालुओं को आने-जाने के लिए यज्ञ पूजा समिति व समाजसेवियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए रास्तों की सफाई कराई गई थी। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा यज्ञस्थल पर पहुंचा जहां पूजा अर्चना व हवन के साथ यज्ञ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। समिति के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ में भारी संख्या श्रद्धालु भाग लेंगे जिनके लिए यज्ञ समिति द्वारा उत्तम प्रबंध किया गया है।

तिरंगा क्रिकेट क्लब ने किया नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। जिले के कूझी ग्राम में तिरंगा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय सचिव संजय कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर सभी युवाओं से किसी न किसी खेल से जुड़े रहने की अपील की। बौद्धिक क्षमता के विकास के साथ शारीरिक विकास भी जरूरी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार के रूप में सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गई है। सभी पंचायत में खेल ग्राउंड का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर तृप्ति मुखिया, प्रो. अशोक कुमार, मो. जावेद सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, ऑफिस बिल्डिंग, पो. ऑ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) (नीलामी आयोजित करने वाले अधिकारी) ने मालदा मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर **ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम)** का अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी कैटेलॉग प्रकाशित की है। **नीलामी कैटेलॉग संख्या: एटीएम-2025-07। नीलामी शुरू:** 10.07.2025 को सुबह 11.45 बजे। **मालदा मंडल में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) स्टॉल के लिए ई-नीलामी। क्रम संख्या; एसईक्यू. संख्या; लॉट संख्या/श्रेणी** और **स्टेशन** निम्नानुसार हैं: **1**; एए/1; **एटीएम-एमएलडीटी-बीयूपी-जीईएन-35-25-2** और बरियारपुर। **2**; एए/2; **एटीएम-एमएलडीटी-एसबीओ-जीईएन-40-25-2** और सबौर। **3**; एए/3; **एटीएम-एमएलडीटी-आरजेएल-जीईएन-31-25-2** और राजमहल। **4**; एए/4; **एटीएम-एमएलडीटी-एमजेडसी-जीईएन-39-25-2** और मिर्जाचौकी। **5** ; एए/5; **एटीएम-एमएलडीटी-जीजीए-जीईएन-28-25-2** और घोघा। **6**; एए/6; **एटीएम-एमएलडीटी-एसबीजी-जीईएन-44-25-4** और साहिबगंज। **7**; एए/7; **एटीएम-एमएलडीटी-एसवीआरपी-जीईएन-41-24-1** और शिवनारायणपुर। **8**; एए/8; **एटीएम-एमएलडीटी-एएचए-जीईएन-33-25-2** और अभयपुर। **9**; एए/9; **एटीएम-एमएलडीटी-टीपीएच-जीईएन-42-25-2** और तीनपहाड़। **10**; एए/10; **एटीएम-एमएलडीटी-जेआरएलई-जीईएन-38-25-2** और जंगीपुर रोड। **11**; एए/11; **एटीएम-एमएलडीटी-पीपीटी-जीईएन-43-25-2** और पीरपैंती। **1 2** ; एए/12; **एटीएम-एमएलडीटी-बीएकेए-जीईएन-25-25-2** और बांका। **1 3** ; एए/13; **एटीएम-एमएलडीटी-एमजीआर-जीईएन-29-25-2** और मुंगेर। **1 4** ; एए/14; **एटीएम-एमएलडीटी-जीओडीए-जीईएन-36-25-2** और गोड्डा। **15**; एए/15; **एटीएम-एमएलडीटी-एमएलडीटी-जीईएन-30-25-2** और मालदा टाउन। **16**; एए/16; **एटीएम-एमएलडीटी-डीजीएलई-जीईएन-27-25-2** और धुलियान गंगा। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे तत्पश्चात विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी मॉड्यूल देखें।

(MLD-98/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

नीलामी कैटेलॉग

प्रशासन इकाई/क्षेत्र: सियालदह मंडल-वाणिज्यिक, पूर्व रेलवे। **नीलामी प्राधिकरण:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह। **नीलामी कैटेलॉग संख्या:** एसडीएएच-पार्सल-44। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 11.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 11.07.2025 को अपराह्न 4.00 बजे। **ऑटो एक्सटेंशन ज़ोन:** 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधि:** 120 सेकंड। **नीलामी का प्रकार :** क्लोज एंडेड। **आरंभिक कूलिंग ऑफ अवधि:** 30 मिनट। **क्रमिक लॉट बंद होने का अंतराल:** 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन:** 10 बार। **कैटेलॉग प्रकाशित:** 24.06.2025 को अपराह्न 6.34 बजे। **क्र.सं.; एसईक्यू. सं.: लॉट संख्या/श्रेणी: विवरण; ट्रिप/दिन; बंद होने की तारीख/समय** और **आवश्यक कारोबार** निम्नानुसार हैं: **1**; एए/1; **15047-एसएलआर-आर1-केओएए-जीकेपी-25-1** (पार्सल-एसएलआर); रियर ब्रेक वैन में पार्सल की जगह (आरएलडब्ल्यूएल आरआरएल..); 418; 11-07-25 को दोपहर 12:30 बजे और रु. 20,00,000। **2**; एए/2; **15051-एसएलआर-आर1-केओएए-जीकेपी-25-1** (पार्सल-एसएलआर); रियर ब्रेक वैन में पार्सल की जगह(आरएलडब्ल्यूएलआरआरएल..); 104; 11-07-25 दोपहर 12:40 बजे और रु. 0। **3**; एए/3; **13181-एसएलआर-आर1-केओएए-एसएचटीटी-25-1** (पार्सल-एसएलआर); रियर ब्रेक वैन में पार्सल की जगह(आरएलडब्ल्यूएलआरआरएल); 105: 11-07-25 को दोपहर 12:50 बजे और रु. 0। **4**; एए/4; **12517-एसएलआर-आर1-केओएए-जीएचवाई-25-1** (पार्सल-एसएलआर); रियर ब्रेक वैन में पार्सल की जगह (आरएलडब्ल्यूएलआरआरएल..); 104; 11-07-25 को दोपहर 1:00 बजे और रु.0। **5**; एए/5, **12259-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-बीकेएन-25-1** (पार्सल-एसएलआर); रियर ब्रेक वैन में पार्सल की जगह (आरएलडब्ल्यूएलआरआरएल..) ; 417; 11-07-25 को दोपहर 1:10 बजे और रु. 20,00,000। **6** ; एए/6; **12313-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एनडीएलएस-25-1** (पार्सल-एसएलआर): रियर ब्रेक वैन में पार्सल की जगह (आरएलडब्ल्यूएलआरआरएल..); 730; 11-07-25 को दोपहर 1:20 बजे और रु. 50,00,000। **7**; एए/7; **12377-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एनओक्यू-25-1** (पार्सल-एसएलआर); रियर ब्रेक वैन में पार्सल की जगह (आरएलडब्ल्यूएल आरआरएल ...); 730; 11-07-25 को दोपहर 1:30 बजे और रु. 50,00,000। **8**; एए/8; **12343-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एचडीबी-25-1** (पार्सल-एसएलआर); रियर ब्रेक वैन में पार्सल की जगह (आरएलडब्ल्यूएलआरआरएल...); 730; 11-07-25 को दोपहर 1:40 बजे और रु. 20,00,000। **9** ; एए/9; **13149-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एपीडीजे-25-1** (पार्सल-एसएलआर); रियर ब्रेक वैन में पार्सल की जगह (आरएलडब्ल्यूएलआरआरएल ...); 730; 11-07-25 को दोपहर 1:50 बजे और रु. 20,00,000। **10**; एए/10; **13147-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-बीएक्सटी-25-1** (पार्सल-एसएलआर): रियर ब्रेक वैन में पार्सल की जगह (आरएलडब्ल्यूएलआरआरएल..); 730; 11-07-25 को दोपहर 2:00 बजे और रु. 20,00,000। **11**; एए/11; **13137-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएमएच-24-1** (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार...); 105; 11-07-25 को दोपहर 2:10 बजे और रु. 0। **12**: एए/12: **19414-एसएलआर-एफ1-केओएए-एडीआई-23-1** (पार्सल-एसएलआर): एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार...); 104; 11-07-25 को दोपहर 2:20 बजे और रु. 0। **13**; एए/13; **13157-एसएलआर-एफ1-केओएए-एमएफपी-25-1** (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार ...); 105; 11-07-25 को दोपहर 2:30 बजे और रु. 0। **14**; एए/14; **13165-एसएलआर-आर1-केओएए-एसएमआई-25-1** (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार..); 104; 11-07-25 को दोपहर 2:40 बजे और रु. 0। **15**; एए/15; **15047-एसएलआर-एफ1-केओएए-जीकेपी-25-1** (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार..); 418; 11-07-25 को दोपहर 2:50 बजे और रु. 20,00,000। **16**; एए/16; **15049-एसएलआर-एफ1-केओएए-जीकेपी-25-1** (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार..); 208; 11-07-25 को अपराह्न 3:00 बजे और रु. 0। **17**; एए/17; **13173-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एसबीआरएम-24-1** (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार..) ; 209; 11-07-25 को अपराह्न 3:10 बजे और रु. 20,00,000। **18**: एए/18, **13169-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एसएचसी-25-1** (पार्सल-एसएलआर): एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार..); 209; 11-07-25 को अपराह्न 3:20 बजे और रु. 0। **19**: एए/19: **13163-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एसएचसी-25-1** (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार..); 521; 11-07-25 को अपराह्न 3:30 बजे और रु. 0। **20**; एए/20; 13105-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-बीयूआई-24-1 (पार्सल-एसएलआर): एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार..); 312; 11-07-25 को अपराह्न 3:40 बजे और रु. 0। **21**; एए/21; **13105-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-बीयूआई-24-1** (पार्सल-एसएलआर): एसएलआर कोच में पार्सल की जगह (एकल कम्पार..); 312: 11-07-25 को अपराह्न 3:50 बजे और रु. 0। **22**; एबी/1; **13181-13182- वीपी-1-केओएए-एसएचटीटी-25-1** (पार्सल-पार्सल वैन); पार्सल वैन में पार्सल की जगह; 105; 11-07-25 को अपराह्न 4:00 बजे और रु. 50,00,000। **दर इ

मंत्री श्रवण कुमार ने किया पंचाने नदी पर बन रहे रिवर फ्रंट का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को नालंदा जिले के पंचाने नदी के किनारे निर्माणाधीन रिवर फ्रंट परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कार्यस्थल पर उपस्थित निर्माण एजेंसियों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कार्य को स्वीकृत एस्टीमेट और डिजाइन के अनुसार ही तय मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। मंत्री ने कहा कि पंचाने नदी पर विकसित हो रही यह परियोजना



नालंदा जिले के लिए ऐतिहासिक और विशिष्ट महत्व रखती है। श्रवण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में अपनी प्रगति यात्रा के दौरान इस परियोजना को स्वीकृति दी थी। यह रिवर फ्रंट केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि पर्यटन विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके पूर्ण होने के बाद यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए सुंदर सार्वजनिक स्थल बनेगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि विकास कार्यों का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे और नालंदा जैसे ऐतिहासिक जिले को नई पहचान मिले। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मंत्री ने सभी संबंधित पक्षों से समन्वय के साथ कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

परियोजना के पूर्ण होने पर पंचाने नदी का किनारा आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक रूप में विकसित होगा, जहां लोग सुबह-शाम सैर कर सकेंगे, सामाजिक आयोजन संभव होंगे और क्षेत्रीय पर्यटन को भी गति मिलेगी।

इसलामपुर में निकली भगवान जगरनाथ की शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। स्थानीय नगर परिषद के अयोध्या ठाकुरबाड़ी से भगवान जगरनाथ की विशाल रथ शोभा यात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गई। रथ यात्रा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। यह उत्सव इसलामपुर की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान है। लोगों की एकता भक्ति उत्साह का प्रतीक है। रथयात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा चैकसी वरतते हुए भारी पुलिस बंदोबस्त की गई थी। रथयात्रा में भगवान जगरनाथ, सुभद्रा एवं भगवान बलराम जी की रथ को सैकड़ों महिला-पुरूष खींचकर पूरे नगर का भ्रमण किया। अयोध्या धाम के लक्ष्मण किलाधीश महंत मैथिली



रमणशरण जी महाराज, मंदिर के पुजारी पुरुषोत्तम शरण, साधु संतो के अलावे मुख्य पार्षद किरण देवी, भाजपा नेता महेन्द्र सिंह यादव, कॉग्रेस नेता विवेक कुमार सिन्हा, भाजपा नेता विजय विश्वकर्मा, बीरेन्द्र गोप, जदयू नेता बीरेन्द्र प्रसाद, वार्ड पार्षद राजेश कुमार उर्फ टोनी, प्रेम कुमार, राजेश खन्ना, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साहू, उजाला सोनी टिंकू यादव, दिनेश पासवान, प्रो. उमेश प्रसाद, अनिल कुमार अधिवक्ता सहित काफी संख्या मे महिला - पुरुष शामिल थे।

पति-पत्नी शहर में चला रहे थे मिनी गन फैक्ट्री

भारी मात्रा में हथियार और उपकरण के साथ दंपति गिरफ्तार, मुंगेर से जुड़ा कनेक्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। सोहसराय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आशानगर मोहल्ला में चल रहे एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, हथियार बनाने के उपकरण को बरामद करते हुए पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। एसपी भारत सोनी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर राहुल कुमार पिता ताराचंद के घर में किरायेदार अभिषेक कुमार उर्फ अभिषेक विश्वकर्मा के कमरे में छापेमारी की गई। इस दौरान कमरे से हथियार बनाने के उपकरण, अवैध बने हथियार, लोहे से बने पिस्टल, मैगजीन, पाइप, ग्राइंडर, ड्रिल मशीन, गोलियां, वेल्डिंग मशीन और अन्य सामान की बरामदगी हुई। आरोपी का ननिहाल मुंगेर जिला में है। उन्होंने बताया कि आरोपित के कनेक्शन का पता



लगाया जा रहा है हथियार का निर्माण किस मकसद के लिए किया जा रहा था इसकी जांच की जा रही है। आशंका जाहिर की जा रही है कि आरोपित दंपत्ति इस इलाके में लगभग पांच साल से इस काम को कर रहे थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह है। मकान में हथियार बनाने के कई सामान की बरामद की हुई। इसकी भनक मकान मालिक या आसपास के लोगों को नहीं थी। मेड इन यूएसए लिखा पिस्टल और मैगजीन, अर्द्धनिर्मित पिस्टल बॉडी और स्लाइड, भारी मात्रा में लोहे से बने पिस्टल, मैगजीन, पाइप, हैंडल, हेक्सा ब्लेड, ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, वेल्डिंग मशीन, फायरिंग बनाने के औजार समेत कुल 52 तरह के हथियार निर्माण उपकरण और सामग्री बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में डीएसपी नुरुल हक थानाध्यक्ष, राजमणि, दारोगा चंद्रशेखर कुमार, राजेश कुमार ठाकुर, अलीम अंसारी, मनीष कुमार, गौरी शंकर ठाकुर, सोनू कुमार गुप्ता, राम इकबाल यादव के अलावा बल के जवान शामिल थे।

सिगरेट नहीं देने पर होटल में फायरिंग, दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। सोहसराय थाना क्षेत्र के एनएच-20 किनारे स्थित एक होटल पर सिगरेट नहीं देने के विवाद को लेकर गुरुवार की रात अपराधियों द्वारा की गई फायरिंग की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ ही घंटों में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी भारत सोनी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर छानबीन कर दोनों आरोपियों की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विभूषण यादव पिता वीरमणि यादव का है, जिसका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। दूसरा आरोपी गौरव आर्यन उर्फ गुड्डू, पिता राकेश कुमार दोनों नूरसराय थाना नूरसराय कखड़ा गांव निवासी है। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है।

जनता दरबार में जिलाधिकारी ने किया मामलों का आनस्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में आज समाहरणालय सभाकक्ष में अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, शंभू शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ। उन्होंने कई आमजन की समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान किया। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड और राजस्व संबंधित अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। ज्यादातर मामले भूमि विवाद से संबंधित आए। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का ऑन स्पॉट ही निष्पादन कर पीड़ितों को राहत प्रदान की गई। आज की जनता दरबार में कुल 53 आवेदन आए। आज की जनता दरबार में थाना-



नारदीगंज, ग्राम-गोतरायन के विजय कुमार द्वारा जालसाजी के तहत जमीन निबंधन करा लेने के संबंध में, थाना-कौआकोल, पो0-लालपुर, ग्राम-दुमुहान के उमेश यादव द्वारा उनकी निजी जमीन पर दबंगों के द्वारा कब्जा कर नाली और चापाकल के संबंध में, प्रखंड एवं पंचायत-नारदीगंज, ग्राम-दरियापुर के सौरभ कुमार द्वारा सोख्ता बनाने के बाद पैसा नहीं मिलने के संबंध में, अंचल-पकरीबरावां, पंचायत-डुमरावां, ग्राम-खपुरा के जितेन्द्र कुमार द्वारा अतिक्रमण से मुक्त करने के संबंध में, थाना-मुफस्सिल, पो0-भदोखरा, ग्राम-भदोखरा की स्मृति सिंह द्वारा अनियोजन प्रमाण पत्र बनवाने के संबंध में, थाना-सिरदला, पो0-सांढ़ मंझगावां, ग्राम-विलारपुर की सोना देवी द्वारा आंधी-पानी से क्षतिग्रस्त मकान पर सरकारी लाभ देने के संबंध में, अंचल एवं थाना-अकबरपुर, ग्राम-अकबरपुर के अर्जुन राम द्वारा जमीन की मापी करवाने के संबंध में आवेदन दिया गया। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा कुछ आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी से बात कर ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया एवं अन्य आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के पास निपटारे के लिए भेज दिया गया। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आम लोगों की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका उद्देश्य जन समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से करना है। जिला प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में भाग लें और इसका लाभ उठाएं। आज के जनता दरबार में गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, प्रभारी पदाधिकारी स्थापना शाखा डॉ. राजकुमार सिंहा, वरीय उप समाहर्ता मनोज चौधरी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

यौन अपराधों से बचाव हेतु बच्चों को दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रजौली। भारतीय जन उत्थान परिषद संस्था के द्वारा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) पर एकदिवसीय प्रशिक्षण रखा गया।

पटना से आए हुए प्रोग्राम मैनेजर रौशन कुमार एवं अल्पन कुमार सिन्हा के द्वारा उपस्थित लोगों को यौन अपराध से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही लोगों को बताया गया कि अगर आपके समाज या गांव में यौन उत्पीड़न होता है तो समाज आगे आकर यौन पीड़िता को न्याय दिलाने में सहयोग करें। साथी गुड टच और बेड टच के बारे में लोगों को बताया गया। जिला बाल कल्याण समिति और बाल संरक्षण इकाई नवादा से आए



रोहित कुमार एवं संगीता कुमारी ने लोगों को बताया कि आपके समाज में या गांव में छोटे बच्चों के साथ माता-पिता मारपीट करते हैं तो उसकी शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें। आपका नाम गुप्त रखी जाएगी साथ ही अगर आपके बच्चे को कोई परेशानी है या बच्चे कहीं गुम हो गए हैं तो उसकी भी जानकारी आप जिला बाल संरक्षण इकाई में दें। जिला बाल कल्याण समिति एवं बाल संरक्षण इकाई 24 घंटे के अंदर रेस्क्यू कर आपके बच्चे को जिला बाल संरक्षण इकाई को सुपुर्द कर देगी। इसके बाद उसके परिवार से संपर्क कर उस बच्चों को परिवार को सौंपेगी। प्रशिक्षण में पहुंचे सिरदला बीडीओ दीपेश कुमार ने भारतीय जन उत्थान परिषद के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किए। सिरदला प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विनय कुमार ने बताया कि भारतीय जन उत्थान परिषद संस्था गांव के गरीब बच्चों को मदद करती है।

मौके पर प्रभारी बीईओ राकेश कुमार, धमनी पंचायत के मुखिया विनोद कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय धमनी के प्रधानाध्यापक डॉ शशिकांत, शिक्षक राजीव कुमार, अजीत कुमार, महिला प्रवेक्षिका, समन्वयक दिनेश कुमार, कुणाल कुमार, एरिया मैनेजर इंद्रजीत कुमार, कन्हैया लाल, तरुण कुमार, सविता कुमारी, सुनीता कुमारी, संजय कुमार, केशव कुमार के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

प्राथमिक विद्यालय ओदपुरा में शिक्षिका को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां। प्राथमिक विद्यालय ओद्पुरा में शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर शिक्षिका सरवती कुमारी को विदाई दी गई। बताया गया कि इनका ट्रांसफर प्राथमिक विद्यालय फरहा हो गया है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विद्यालय के शिक्षकों ने उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। शिक्षकों ने उनके कार्यों की सराहना की। कहा कि बच्चों से वह काफी लगाव रखती है। उनके विदाई समारोह पर शिक्षक एवं बच्चे भावुक हो गए। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान शिक्षक महेश प्रसाद, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, शिक्षक अमेरिका प्रसाद, अरविंद कुमार, रेखा कुमारी आदि उपस्थित थे।

ईसीआरकेयू ने मुख्य कारखाना प्रबंधक को सौंपा नौ सूत्री ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। रेल कारखाना में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने कर्मचारी हित से जुड़े 9 सूत्री ज्ञापन मुख्य कारखाना प्रबंधक को देकर विभिन्न समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान करने का मांग किया है। शाखा सचिव पूर्णानंद मिश्रा ने बताया कि 19 जून को स्थानीय शाखा परिषद का बैठक हुआ था। इस बैठक में कारखाना के कर्मचारियों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। उस दिन निर्णय लिया गया था कि कर्मचारी से संबंधित मुद्दों का एक ज्ञापन मुख्य कार्यकर्ता प्रबंधक को देकर उसके समाधान करने का आग्रह किया जाएगा। इसी के तहत ईसीआरकेयू का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें शाखा सचिव पूर्णानंद मिश्रा, अध्यक्ष महेश महतो, कोषाध्यक्ष मनोज



मिश्र, संगठन सचिव पूनम कुमारी और डीटीजीएम पवन कुमार थे, मुख्य कारखाना प्रबंधक को 9 सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ईसीआरकेयू ने मांग किया है कि पूर्व मध्य रेल में ईसीआरकेयू को भी लिमिटेड मान्यता मिला है। अतः प्रशासनिक पत्रों की सूचना नियमानुसार इनको भी दिया जाए। साथ ही कर्मचारियों के लिए फार्म 16 जारी करने, प्रमोशन कैलेंडर जारी करने, वरीयता सूची जारी करने, कारखाना में लगे आर ओ का मेंटेनेंस करने, सैंड ब्लास्टिंग एरिया को दूसरे जगह शिफ्ट करने, कर्मचारियों को नियमित साबुन डस्टर ग्लव्स उपलब्ध कराने, सेफ्टी शूज का वितरण करने, कॉलोनी के बिल्डिंग में कामन एरिया का पेंटिंग करने तथा मुख्य टंकी सहित बिल्डिंग के सभी टंकियों का नियमित सफाई करने का मांग किया गया है। मुख्य कारखाना प्रबंधक ने सभी मांगों को कर्मचारी हित से जुड़ा हुआ मानते हुए इसके त्वरित समाधान के लिए निर्देश देने का आश्वासन दिया।

राजगीर में आयोजित होने वाले बहुजन भीम संकल्प समागम की सफलता को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। कौआकोल बाजार अवस्थित लोजपा (रा) कार्यालय में शुक्रवार को पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष महेंद्र पासवान उर्फ माहो पासवान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा पर्यवेक्षक सह पार्टी के प्रदेश महासचिव रविरंजन प्रसाद सिंह, प्रदेश प्रचार प्रसार प्रमुख संजय कुमार सिंह तथा नवादा प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष खुशबू सिंह मौजूद रहे। बैठक में पार्टी से जुड़े नेताओं व दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में 29 जून को



लोजपा (रा) द्वारा राजगीर में आयोजित होने वाले बहुजन भीम संकल्प समागम के सफल बनाने पर चर्चा की। नेताओं ने कहा कि उक्त समागम में दलित, पिछड़ा, महादलित और बहुजन समाज को एकजुट कर सशक्त बनाना है। कार्यक्रम की अगुवाई केंद्रीय मंत्री व पार्टी सुप्रीमों चिराग पासवान करेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कौआकोल से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेने की बात कही।

42 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 26 जून 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में दो, लूट में एक, साइबर अपराध में एक, मद्य निषेध में पांच एवं अन्य गिरफ्तारी 33 कुल 42 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 494 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-93 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-06 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 285 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 75 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल, फर्जी तीन डाटा सीट एवं एक सिम कार्ड बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

स्वागत सप्ताह में बच्चों को बैच देकर किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना में शुक्रवार को स्वागत सप्ताह आयोजित की गई। इस दौरान अभिभावकों को भी विद्यालय में बुलाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सुमन ने बताया कि 23 से 27 जून तक स्वागत सप्ताह मनाया गया। स्वागत सप्ताह के समापन के दिन बेहतर होम वर्क करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए बैच दिया गया। अभिभावकों को बच्चों द्वारा किये गए गृह कार्य से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

समारोह आयोजित कर शिक्षक को दी विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां। शुक्रवार को पकरीबरावां प्रखण्ड की दक्षिणी ग्राम पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज में एक समारोह आयोजित कर विद्यालय के शिक्षक पंचम कुमार को विदाई दी गई। वे इस विद्यालय में वर्ष 2014 में पदस्थापित हुए थे। 11 वर्षों तक इस विद्यालय में उन्होंने सेवा दी। उनका स्थानांतरण प्राथमिक विद्यालय गंगटी नवादा हो गया है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा ने उनके 11 वर्षों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। शिक्षिका फरहत जहां



एवं शचि कुमारी ने भी उनके कार्यों की तारीफ की। इस बीच उन्हें अंगवस्त्र, कलम, डायरी, गुलदस्ता आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बाल संसद की प्रधानमंत्री सुषमा कुमारी, मीना मंच की स्मिति कुमारी, पूजा कुमारी, राधिका कुमारी, नीतू कुमारी, प्रियांशी कुमारी, सूरज कुमार, धनराज कुमार, प्रिंस कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

इंटर विद्यालय नारदीगंज में 11 वीं व नौवीं कक्षा में नामांकन जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज,नवादा। इंटर विद्यालय नारदीगंज में 11 वीं और नौवीं कक्षा में नामांकन कार्य शुक्रवार को भी जारी रहा। छात्र व छात्राएं की भीड़ बनी रही। प्रभारी प्राचार्य कृष्ण कांत ईचा गुट्टू के देखरेख में हो रहा है। उन्होंने बताया विभागीय निर्देशानुसार इस विद्यालय में 20 जून से शुरु हुआ है, जो 28 जून तक चलेगा। नौवीं कक्षा के अलावा 11 वीं कक्षा में विभिन्न संकायों में छात्र व छात्राएं नामांकन करा रहे हैं। इसके अलावा कृषि विषय में भी नामांकन हो रहा है। 11 वीं के नामांकन हेतु पांच काउंटर बनाये गए हैं। वही नौवीं कक्षा के लिए दो काउंटर बना है। जहां प्रतिनियुक्त शिक्षकों के माध्यम से नामांकन हो रहा है। छात्र व छात्राएं के लिए अलग अलग काउंटर है। प्रतिनियुक्त शिक्षकों में राखी कुमारी, कोमल कुमारी, सुजीत कुमार, जसीम अंसारी, परवेज आलम, संतोष कुमार, समीर खा, शंकर कुमार, डा. रहमान, जाफरी, राजकिशोर, तनुजा मिश्रा, ज्योति कुमारी समेत अन्य शिक्षक भूमिका निभा रहे हैं।

डोहरा में विद्यालय शिक्षा समिति के गठन को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज,नवादा। प्रखंड के मध्य विद्यालय डोहरा में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन के लिए शुक्रवार को बैठक हुई। अध्यक्षता नीलम देवी ने की। इस दौरान सर्व सम्मति से सचिव पद पर रेणु देवी (पति मनोज कुमार) को निर्विरोध चयन किया गया। इसके अलावा सदस्य पद पर सरस्वती देवी, रेणु देवी, इंदु देवी, सोमा देवी, ममता देवी, अनिता देवी के अलावा रीना देवी को चयन किया गया।

एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि माह- जुलाई 2025 का एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का तिथि निर्धारित कर दी गयी है। इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी पदाधिकारी एवं सहयोगी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। कार्यक्रम निम्नवत है:-

दिनांक 4 जून 2025 को प्रखंड हिसुआ, पशु चिकित्सालय-हिसुआ, छतिहर पंचायत के ग्राम-मलुका विगहा में, दिनांक 8 जून 2025 को प्रखंड-नारदीगंज, पशु चिकित्सालय-नारदीगंज, पंचायत-ननौरा, ग्राम-बुची वार्ड-2, दिनांक 14 जून 2025 को प्रखंड-पकरीबरावां, पशु चिकित्सालय-पकरीबरावां, पंचायत-बुधौली, ग्राम-बुधौली वार्ड नं0-09, दिनांक 15 जून 2025 को प्रखंड-पकरीबरावां, पशु चिकित्सालय-पकरीबरावां, पंचायत-बुधौली, ग्राम-बुधौली वार्ड नं0-07, दिनांक 18 जून 2025 को प्रखंड-सिरदला, पशु चिकित्सालय-सिरदला, पंचायत-सिरदला, ग्राम-झगड़ी विगहा वार्ड नं0-09, दिनांक 21 जून 2025 को प्रखंड-पकरीबरावां, पशु चिकित्सालय-पकरीबरावां, पंचायत-बुधौली, ग्राम-बुधौली वार्ड नं0-07, दिनांक 22 जून 2025 को प्रखंड-नवादा सदर, पंचायत-ददौर, ग्राम-तेतरिया, बेलदरिया, वार्ड नं0-14, दिनांक 25 जून 2025 को प्रखंड-नवादा सदर, पंचायत-देदौर, कृष्णा नगर, देदौर, ग्राम-अकौना में एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि विशेष परिस्थिति में तिथि परिवर्तित किया जा सकता है।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, ऑफिस बिल्डिंग, पो. ऑ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) (नीलामी आयोजित करने वाले अधिकारी) ने मालदा मंडल में एसएलआर में पार्सल की जगह के परिचालन हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी कैटेलॉग प्रकाशित की है। **नीलामी कैटेलॉग संख्या: पार्सल-2025-07। नीलामी शुरू होने की तारीख:** 10.07.2025 को सुबह 11.45 बजे। **क्रम संख्या एवं लॉट संख्या** निम्नानुसार हैं: **1;** 13235-एसएलआर-एफ1-एसबीजी-डीएनआर-22-1 (पार्सल-एसएलआर)। **2 ;** 13235-एसएलआर-एफ2-एसबीजी-डीएनआर-22-1 (पार्सल-एसएलआर)। **3;**15097-एसएलआर-एफ1-बीजीपी-जेएटी-22-1 (पार्सल-एसएलआर)। **4;** 12335-एसएलआर-एफ1-बीजीपी-एलटीटी-25-1 (पार्सल-एसएलआर)। 5; 13072-एसएलआर-आर1-जेएमपी-एचडब्ल्यूएच-25-1 (पार्सल-एसएलआर)। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे तत्पश्चात विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी मॉड्यूल देखें। (MLD-101/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के भूगोल विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

बिहार का अतीत विश्व की सबसे महान बौद्धिक परंपराओं में से एक : प्रो सिद्धार्थ सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'बुद्धिस्ट सर्किट इन बिहार : ए होलिस्टिक डेवलपमेंट' का शुभारंभ राधाकृष्णन सभागार, शिक्षा विभाग में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। यह संगोष्ठी आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित की गई है। प्रारंभ दीप प्रज्वलन, कुलगीत एवं स्वागत गीत से हुआ जिसने वातावरण को गरिमामय बना दिया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह से किया गया। मुख्य अतिथि प्रो सिद्धार्थ सिंह, कुलपति, नव नालंदा महाविहार, नालंदा ने उद्घाटन सत्र में अपने कीनोट भाषण में बिहार की बौद्ध धरोहर की वैश्विक महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे 'भारत की सांस्कृतिक सॉफ्ट पावर' के रूप में उभारने की आवश्यकता बताई। उन्होंने विशेष रूप से प्राचीन वैशाली में नारी सशक्तिकरण की मिसाल देते हुए बताया कि बौद्धकाल में भिक्षुणी संघ की स्थापना वैशाली में हुई थी, जो उस युग में महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्णय और धार्मिक जीवन में भागीदारी प्रदान करने की दिशा में क्रांतिकारी कदम था। प्रो सिंह ने आधुनिक संदर्भों में इस परंपरा को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता जताई और इसे आज के सामाजिक विमर्श से जोड़ने का आह्वान किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने प्रसिद्ध इतिहासकार विलियम डेलरिम्पल के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार का अतीत विश्व की सबसे महान बौद्धिक परंपराओं में से एक रहा है जहां नालंदा, विक्रमशिला और ओदंतपुरी जैसे विश्वविद्यालयों ने सहस्त्रों वर्षों तक ज्ञान का प्रकाश फैलाया। उन्होंने कहा कि इसी विरासत को पुनर्जीवित करते हुए बिहार को आध्यात्मिक पर्यटन और वैश्विक संवाद का केंद्र बनाया जा सकता है।

उन्होंने 'शांति पदयात्राओं' के माध्यम से गुरुपा और अन्य बौद्ध स्थलों पर जनजागरूकता फैलाने की पहल को भी आवश्यक बताया, ताकि आम जनमानस में सांस्कृतिक चेतना जागृत हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता मगध विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रो बीआरके सिन्हा ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगोष्ठी के विषय की सार्थकता को रेखांकित करते हुए बौद्ध परिपथ के सतत विकास में शोध, नीति, पर्यटन और समुदाय के समन्वय की आवश्यकता पर संक्षेप में प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित सांस्कृतिक भूगोलवेत्ता प्रो राणा पीबी सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, प्रो राणा प्रताप, विश्वविद्यालय के संरक्षक एवं प्रति कुलपति प्रो बीआरके सिन्हा तथा सह संरक्षक, विज्ञान संकायाध्यक्ष एवं भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो वीरेंद्र कुमार मंचासीन रहे। संगोष्ठी के संयोजक प्रो उपेन्द्र कुमार ने स्वागत भाषण द्वारा विषय की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मीनाक्षी एवं डॉ स्नेहा स्वरूप ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ पिंटू कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।

अधेड़ का शव बरामद, हत्या की आशंका



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

इमामगंज। थाना क्षेत्र इमामगंज कोठी मुख्य मार्ग पर नकटी के नजदीक बरडीह गांव जाने वाले मार्ग के नजदीक पुलिया में पानी में तैरता हुआ एक अधेड़ का शव देख लोगों में दहशत फैल गई। इसके बाद आसपास के लोगों ने उसकी सूचना स्थानीय थाना को दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। वहीं शव की पहचान मल्हारी पंचायत के विजैनी गांव के रहने वाले किशोरी भारती के रूप में किया गया है। पानी में कई दिनों तक शव रहने के कारण काफी बदबू दे रहा था जिसे पुलिस ने नगर पंचायत के सफाई कर्मियों को बुला कर कड़ी मशक्कत के बाद निकलवाया। इधर ग्रामीणों ने घटना के संबंध में बताया कि सुबह जब लोग मार्निंग वॉक पर निकले तो पुलिया के नजदीक काफी बदबू दे रहा था तो लोगों ने देखा कि पानी में एक अधेड़ का शव तैर रहा है जिसकी सूचना पुलिस को दिया। वहीं पुलिस अधिकारी अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पानी से निकलवाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया जहां मृतक के परिजनों ने थाना आकर शव की पहचान किया। वहीं मृतक के पिता कैलू भारती और बहन शांति देवी ने बताया कि मृतक जंगल से लकड़ी चुन कर अपने परिवार का भरण पोषण किया करता था। इसके तीन पुत्र और एक पुत्री है। पिछले एक सप्ताह से घर नहीं आया था जिसकी खोजबीन की जा रही थी। इसी बीच शुक्रवार को जानकारी मिली कि पुलिस ने एक शव बरामद किया है। तब हमलोग थाना पहुंचे तो शव की पहचान किशोरी भारती के रूप में किया गया। वहीं इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि मल्हारी पंचायत के विजैनी गांव के रहने वाले किशोरी भारती का शव पुलिस ने बरामद किया गया है। शव का पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। परिजन अब तक आवेदन नहीं दिया है। फिर पुलिस इस घटना के पीछे हत्या या पानी में डूबने से हुई दोनों पहलू पर जांच कर रही है।

मोरहर नदी से महिला का शव बरामद, इलाके में सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी कोर्ट। आमस थाना क्षेत्र के चीताब खुर्द गांव के पास शुक्रवार की दोपहर 3 बजे मोरहर नदी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत महिला की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष आंकी जा रही है। ग्रामीणों ने नदी किनारे से तेज दुर्गंध आने और बालू के ऊपर शरीर का हिस्सा दिखने पर शक के आधार पर खुदाई की जिसके बाद शव दिखाई दिया। तत्पश्चात ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही आमस थाना अध्यक्ष पवन कुमार, शेरघाटी एसपी शैलेन्द्र सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर नेयाज अहमद एवं एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम घटनास्थल पर पहुंची। एफएसएल की टीम ने एस्कॉर्ट डॉग की मदद से साक्ष्य जुटाने की कोशिश की, लेकिन मौके से कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पहचान कक्ष में सुरक्षित रखवा दिया है।

कृषि भवन में खाद्य उर्वरक समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



गुरुआ। कृषि भवन में शुक्रवार को खाद उर्वरक समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से किसानों को यूरिया खाद एवं अन्य खाद को सरकार से दी जाने वाली उचित दर पर देने की बात कही है। प्रशिक्षु प्रखंड विकास कृषि पदाधिकारी सौरभ कुमार ने कहा कि ससमय से किसान को बीज खाद नहीं मिलने से खेती पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने प्रखंड के उर्वरक बीज दुकानदार से उचित दर पर खाद बीज देने की बात कही तो उपस्थित दुकानदारों ने कहा कि हमलोगों को यूरिया खाद लेने में ऊपर से पर बोरी के हिसाब से तीन सौ पैंतीस रुपए लगते हैं जबकि सरकार की उचित कीमत दो सौ पैसठ रुपए पर बोरी किसान को मुहैया करानी है। उन्होंने कहा कि जब हमलोग को ऊपर से ही दो सौ पैसठ रुपए में नहीं मिलकर तीन सौ पैंतीस रुपए में यूरिया खाद मिल पाती है तो किसान को दो सौ पैसठ रुपए में कैसे उपलब्ध कराए। इन सभी दुकानदारों ने यह भी कहा कि स्थानीय अधिकारी उपर के अधिकारी से कम रुपए में खाद उपलब्ध कराए तो हमलोग किसान को दो सौ पैसठ रुपए में यूरिया खाद दे पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आवाज उठाने पर हमलोग को खाद उठाव कराना बंद कर दी जाती है। मौके पर कृषि समन्वयक अजय कुमार सिंह, उमा शंकर प्रसाद, राजीव कुमार, सोनू रवि, कृषि सलाहकार रंजीत चौधरी, संतोष चौधरी, लेखापाल गजेंद्र यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर वासुदेव जी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

आंगनबाड़ी सेविका के साथ मारपीट व छिनतई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। आंगनबाड़ी केंद्र पर ड्यूटी करने जा रही आंगनबाड़ी सेविका के साथ मारपीट व छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया। मामला टिकारी थाना क्षेत्र के तेतरिया ग्राम का है। मामले को लेकर सेविका शिवमणि देवी द्वारा टिकारी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़ित सेविका द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि बुधवार की सुबह अपने घर से गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर ड्यूटी करने जा रही थी। इसी क्रम में अकेला देख गांव के ही तीन युवकों ने रोका व साथ में रहे केंद्र के रजिस्टर को छिनने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की गई व हाथ से जबरन रजिस्टर छीन फाड़ दिया गया। पीड़ित ने यह भी बताया है कि युवकों द्वारा पूर्व में किये गये शिकायत को वापस लेने का दवाब बनाया जा रहा था जो उनके पति द्वारा कराई गई है। तीन लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। मामले को लेकर टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पर्यावरण संरक्षण पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एसएफडी आयाम द्वारा 28, 29 और 30 जून को गया में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय कार्यशाला सीताकुंड के पास स्थित आज निजी हॉल में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में बिहार के विभिन्न जिलों से आए 100 से अधिक युवा भाग लेंगे, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी समझ को विकसित करने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में विशेषज्ञों के व्याख्यान, समूह चर्चाएं, कार्य योजना निर्माण और व्यवहारिक सत्र जैसे अनेक गतिविधियां आयोजित होंगी। एसएफडी आयाम के प्रदेश संयोजक सूरज सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला न केवल पर्यावरणीय मुद्दों को समझने का अवसर देगी, बल्कि युवाओं को धरातल पर कार्य करने के लिए प्रेरित भी करेगी। हमारी कोशिश है कि हर प्रतिभागी अपने जिले में पर्यावरण जागरूकता का वाहक बने। उल्लेखनीय है कि एसएफडी लंबे समय से छात्रों के बीच वैकल्पिक विकास मॉडल, जलवायु संकट, जैव विविधता, स्वच्छ ऊर्जा और प्रकृति-संवेदनशील जीवनशैली को लेकर सक्रिय रहा है। कार्यशाला में पर्यावरण विषयों पर काम कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, वानिकी विशेषज्ञ और एसएफडी के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहेंगे।

27 बोतल विदेशी शराब सहित 40 केन बियर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज(गयाजी)। थाना क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर बधार से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने अंग्रेजी शराब एवं बियर बरामद की। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि लगातार चल रही छापेमारी में शुक्रवार को भोजपुर जंगल में तस्करों द्वारा छुपाकर रखे 40 केन बियर एवं 375 एमएल की विदेशी शराब बरामद की गई है। इसके साथ हीं संबंधित तस्करों की पहचान करने एवं आपूर्ति तस्करों को पकड़ने के लिये पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

कई जमीनों की खरीद-बिक्री पर लगायी गयी रोक को हटाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि पुराने समय अर्थात 2012-13 के समय से कुछ जमीनों पर खरीद बिक्री पर रोक लगा था, लगी रोक सूची से उनके जमीनों का खाता खेसरा को जांचोपरांत रोक सूची से हटाया गया है। डीएम ने कुल 11 जमीन को रोक सूची से हटाया है। डीएम ने एडीएम राजस्व एवं जिला अवर निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अन्य रोक भी जो लगा है, उसका फाइल प्रस्तुत करें ताकि बेवजह आम जनों को कार्यालय का चक्कर काटना नहीं पड़े। बताया गया कि रोक सूची का तात्पर्य है कि कोई जमीन के संबंध में सूचना प्राप्त होती है कि भू अर्जन में गई है या सरकारी जमीन है या किसी न्यायालय में मामला दायर चल रहा है। न्यायालय द्वारा उक्त जमीन को खरीद बिक्री पर रोक लगाया है या पूर्व में सरकारी जमीन की सूची अंचल में तैयार की गई हो। उक्त सूची में कोई जमीन है तो उसकी जांच पड़ताल करके यदि वह जमीन वास्तव में रैयती है चाहे भू अर्जन से, सीलिंग से, न्यायालय के वाद से इत्यादि इन सारी चीजों से मुक्त है तो जिला स्तर पर उसकी एक समिति है जिनमें एडीएम राजस्व, जिला अवर निबंधक, डीसीएलआर एवं संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी इन सभी की एक समिति है उनके माध्यम से जांच करा करके जिस जमीन के निबंध पर रोक लगा हुआ है। अगर यह पाया जाता है कि जमीन रैयती है, किसी प्रकार का विवाद/ रोक नहीं है तो उसको रोक सूची से हटाने का प्रस्ताव भेजा जाता है और उसका निबंधन शुरू की जा सकती है। डीएम ने कहा कि पूर्व से काफी जमीनों पर निबंध पर रोक लगी है जिसमें बहुत सारे जमीनों पर जांच पड़ताल चल रही है। डीएम द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि रोक सूची से संबंधित जमीन को जांच पड़ताल तेजी से कराया जाए और जो जमीन वास्तव में रैयत है, हर प्रकार के विवाद से मुक्त है, उसकी निबंध के लिए अनुशंसा किया जाए। विगत 15 दिनों में 11 मामलों को रोक सूची से मुक्त किया गया है। डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि आम जनता जो लंबे समय से अपने जमीन की रोक सूची से परेशान हो रहे हैं उसका शीघ्र जांच पड़ताल कर निराकरण करवाये।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रियंका कौशिक ने संभाला पदभार, एसडीओ ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



शेरघाटी (ग्रामीण)। शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को शाम 4 बजे भूमि सुधार उपसमाहर्ता के रूप में प्रियंका कौशिक ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने उन्हें बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। नई उपसमाहर्ता के स्वागत में अनुमंडल कार्यालय के कई कर्मियों व अधिकारियों की उपस्थिति रही। एसडीओ मनीष कुमार ने उम्मीद जताई कि प्रियंका कौशिक के नेतृत्व में भूमि सुधार संबंधी कार्यों में और अधिक पारदर्शिता व तेजी आएगी। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रियंका कौशिक ने कहा कि आम लोगों को भूमि से जुड़ी योजनाओं व समस्याओं के समाधान में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को उनका हक दिलाना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा।

भाजपा के डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने डिप्टी सीएम से की शिष्टाचार भेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने शुक्रवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने उपमुख्यमंत्री का अंग वस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। उन्होंने स्वागत करते हुए कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। जनता का विश्वास एनडीए के प्रति निरंतर बढ़ रहा है और आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलेगा। इस अवसर पर गया जिला के विकास पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में जो विश्वास की लहर है, वह बिहार में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अब समय आ गया है कि हम गांव-गांव जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियों, जनहित में लिए गए निर्णयों और विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। हर घर तक भाजपा की नीति और नीयत का संदेश पहुंचाना है। यही 2025 की जीत की बुनियाद बनेगी और गया जिला में विकास भरपूर होगा और विकास की और तेजी से गति होगा।

ग्राम पंचायत आंती में मुखिया के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। प्रखंड के ग्राम पंचायत आंती में मुखिया सुनीता कुमारी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास की एक नई दिशा दिखाई दे रही है। उनके प्रयासों से ग्राम पंचायत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास हुआ है जो जिले भर में एक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। मुखिया सुनीता कुमारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत आंती में विकास के विभिन्न क्षेत्रों में काम हुआ है जिनमें से कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं। ग्राम पंचायत में स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार हुआ है जिससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी विकास हुआ है जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं मिल रही हैं। ग्राम पंचायत में पेयजल के क्षेत्र में भी काम हुआ है जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के लिए पानी की सुविधा मिल रही है। सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी विकास हुआ है जिससे ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल रहा है। ग्राम पंचायत में मुखिया सुनीता कुमारी द्वारा प्रत्येक बुधवार को जनता दरबार लगाया जा रहा है जिससे लोगों में काफी उत्साह और चर्चा है। इस पहल से ग्रामीण अपनी समस्याओं को सीधे मुखिया के सामने रख पा रहे हैं और उनका समाधान हो रहा है। जनता दरबार में मुखिया ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हैं और उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं। इससे ग्रामीणों को अपनी बात कहने का एक मंच मिलता है और उनकी समस्याओं का समाधान होता है। जनता दरबार की पहल से लोगों में काफी चर्चा है और वे इसका लाभ उठा रहे हैं। ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर जनता दरबार में आते हैं और मुखिया से समाधान पाते हैं। इससे ग्राम पंचायत में प्रशासन और जनता के बीच संवाद बढ़ा है और समस्याओं का समाधान हो रहा है। मुखिया की यह पहल ग्राम पंचायत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं का समाधान मिल रहा है और ग्राम पंचायत में विकास की गति तेज हो रही है। जनता दरबार की इस पहल को अन्य ग्राम पंचायतें भी अपना सकती हैं। ग्राम पंचायत आंती में हुए चहुंमुखी विकास को जिले भर में एक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। अन्य ग्राम पंचायतें भी आंती की तरह विकास की दिशा में काम कर रही हैं। मुखिया सुनीता कुमारी की पहल महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं।

दहेज उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार, गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी (ग्रामीण)। शेरघाटी थाना की पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के जमुआइन गांव में छापेमारी कर दहेज उत्पीड़न के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जमुआइन गांव निवासी अनिल यादव के रूप में किया गया है।

वज्रपात से सुरक्षा हेतु जन जागरूकता रथ को किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। शुक्रवार को जिले के डीएम के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन शाखा के तत्वावधान में समाहरणालय परिसर से वज्रपात से सुरक्षा हेतु जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। गया जिलान्तर्गत प्रखंड वजीरगंज, मानपुर, बोधगया, टंकुप्पा और फतेहपुर के विभिन्न पंचायतों में 27 जून से 07 अगस्त 2025 तक जन जागरूकता रथ के माध्यम से वज्रपात से सुरक्षा हेतु आम लोगों को जागरूक किया जाएगा। प्रखंड स्तर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित वालंटियर की टीम द्वारा ग्रामीण एवं शहरी आबादी के बीच विभिन्न आपदाओं की जानकारी, बचाव के उपाय, जरूरी कौशल प्रदान कर आमजन को जागरूक किया जाएगा। ताकि जानमाल की घटनाओं को कम किया जा सके। ठनका गिरने की घटनाओं से लोगों के मरने एवं घायल होने की भी सूचना मिलती रहती है। इससे बचने हेतु निम्न सुझावों पर अमल करना आवश्यक है।

क्या करें

यदि आप खुले में हो तो सुरक्षित मकान में शरण लें। सफर के दौरान अपने वाहन में ही बने रहें। खिड़की, दरवाजे, बरामदे एवं छत से दूर रहें। बिजली की सुचालक वस्तुओं से दूर रहें। बिजली के उपकरणों के संपर्क से दूर रहें। तालाब, जलाशयों या अन्य जल निकायों से भी दूरी बनाये रखें। समूह में न रहें, बल्कि दूरी बनाकर खड़े रहें। यदि आप जंगल में हों तो बौने एवं घने पेड़ों के पास चले जाएं। संचार माध्यमों से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें। घायल या पीड़ित की नाड़ी एवं श्वास चल रही है यह सुनिश्चित कर लें। सुरक्षित स्थान से दूर यदि आप खेत खलिहान में हों तो-पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे-लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें। दोनों पैरों को आपस में सटाकर हाथों से कान बन्द करते हुए उकड़ू बन जायें। इंद्रवज एप डाउनलोड करें व उससे प्राप्त सूचनाओं का पालन करते हुए अन्य लोगों तक पहुंचाएं।

जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच लड़ाई में रिटायर फौजी सहित कई घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई लड़ाई में रिटायर फौजी सहित कई लोग घायल हो गये। मामला टिकारी थाना क्षेत्र के सोवाल ग्राम का है। शुक्रवार को दो पक्षों के मध्य जमीन विवाद में देखते-देखते मारपीट में बदल गया। दोनों तरफ से जमकर ईंट पत्थर व लाठी डंडे चले। घटना में घायल रिटायर फौजी पचमहला ग्राम निवासी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि बुधवार को उनकी मौसी के सोवाल ग्राम स्थित घर पर पड़ोसी के साथ जमीन विवाद चल रहा था जिसे सुलझाने के लिए पहुंचा था। पड़ोसियों से बात रहा था कि इसी क्रम में दो युवकों द्वारा जानलेवा हमला बोल दिया गया। घटना में अभिमन्यु का सिर फट गया व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई। वहीं बीच बचाव करने आये उनकी मौसी व अन्य दो लोग घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया। सोवाल ग्राम निवासी कौलेश्वर कुमार की पत्नी माधुरी कुमारी द्वारा सात लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपी गई है। वहीं दूसरे पक्ष के भी एक युवक मारपीट में घायल हुआ। हालांकि देर शाम तक कोई शिकायत नहीं की गई है। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि एक पक्ष की ओर से की गई शिकायत के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष से भी शिकायत की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

वजीरगंज नगर पंचायत के बरौनी गांव में आजादी के सात दशक बाद भी पक्की सड़क नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज(गयाजी)। क्षेत्र के नगर पंचायत के बरौनी गांव में रहने वाले ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। आजादी के सात दशक बाद भी यहां के ग्रामीण एक अदद पक्की सड़क के लिये तरस रहे हैं लेकिन आज तक किसी भी जन प्रतिनिधि या अधिकारियों का इस गांव के प्रति कोई पहल नहीं किया गया है जिससे ग्रामीणों में क्षोभ व्याप्त है। इस गांव में दलित और पिछड़ा समुदाय के 200 से अधिक घर है जिसकी आबादी 2000से भी अधिक है। ग्रामीणों को सड़क की सुविधा नहीं मिली है जिससे बरसात के दिनों में उन्हें कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। यह समस्या इतनी गंभीर है कि बरसात के दिनों में चार पहिया और दो पहिया वाहनों का पहुंचना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। गांव में जल नल का पाइप बिछा हुआ है, लेकिन आज तक एक बूंद पानी भी नहीं मिला है। इससे ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में मरीजों को खटिया पर लादकर इलाज कराने के लिए ले जाना पड़ता है, जो कि बहुत ही दयनीय स्थिति है। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमर शंकर उर्फ काका जी ने बताया कि पीसीसी सड़क निर्माण के लिए टेंडर हो गया है और जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा। ग्रामीण डॉ विनोद करुणाकर, जुगेश्वर यादव, रामचन्द्र यादव, गणेश दास, शैलेश दास आदि ने बताया कि गांव में पक्की सड़क, नली-गली और जल नल योजना से हर घर में नल का जल नहीं पहुंच पाया है। इसके अलावा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय भी नहीं है जिससे बच्चों को एक किलोमीटर दूर दखिनगांव में प्राथमिक शिक्षा के लिए जाना पड़ता है। वजीरगंज नगर पंचायत के बरौनी गांव में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है जिससे उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

पूर्व मध्य रेल

आशय/रूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण खुली आवेदन सूचना सं० 02–2025

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से/हेतु आशय/रूचि की अभिव्यक्ति के लिए नीचे दिए गए कार्य के लिए सी.जी.एच.एस/ई.सी.एच.एस./ई.एस.आई. अस्पताल से सम्बद्ध/सूचीबद्ध सभी अस्पतालों या अन्य निजी अस्पतालों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है–

01, कार्य का नाम एवं स्थानः पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल (मंडल रेल चिकित्सालय, डीडीयू: उपमंडलीय रेल चिकित्सालय, गया एवं रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र, डेहरी–ऑन–सोन व सोननगर के अधिकार क्षेत्र) के रेलवे लाभार्थियों के लिए कैशलेस इलाज के लिए सी.जी.एच.एस दर पर खुली आवेदन के द्वारा दो साल के लिए अनुबंधित करने का कार्य। **स्थान– 1.** मंडल रेल अस्पताल/डीडीयू, 2. उपमंडलीय रेल चिकित्सालय, गया एवं, 3. रेलवे स्वास्थय केन्द्र, डेहरी–ऑन–सोन व, 4. रेलवे स्वास्थय केन्द्र, सोननगर, **2. कार्य करने की दरः** समीपस्थ सी.जी.एच.एच अस्पताल की दर, **3. आवेदन जमा करने की तिथि एवं समयः** आवेदन प्रपत्र मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल, जिला–चंदौली (उ.प्र.) 232101 को सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 16.07.2025 को 16.30 बजे तक या अन्तिम सूचना प्रकाशित होने के बाद 21 दिन तक जमा हो जाना चाहिए।, **4. आवेदन खुलने की तिथिः** अन्तिम सूचना प्रकाशित होने के 21 दिन के बाद 16:30 बजे को।, **5. वेवसाईट एवं नोटिस बोर्ड पर विवरण जहॉ से कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः Website: https://ecr.indianrailways.gov.in** / सूचना पट्टः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के कार्यालय मे।

नोटः– 1. किसी घोषित या अघोषित अवकाश के कारण वश यदि कार्यालय बन्द होता है तो आवेदन प्रपत्र को प्रकाशन की अवधि के 21 दिन के बाद क्रमशः अगले कार्य दिवस को निर्धारित समझा जाएगा।, 2. रेलवे प्रशासन के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि वह बिना कोई निश्चित कारण बताए आवेदन को निरस्त कर सकता है।, 3. आवेदन का प्रारूप व अन्य नियम एवं शर्तें **Website: https://ecr.indianrailways.gov.in** / से डाउनलोड एवं प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
पूर्व मध्य रेल/डीडीयू

पीआर/0490/डीडीयू/एमईडी/नोटिस/25–26/64

संपादकीय

उपचुनाव नतीजों के संकेत

उपचुनावों में आम तौर पर सत्ता पक्ष ही जीतता है और इनसे सत्ता के वजूद पर कोई खास फरक नहीं पड़ता सिवाय इसके कि ये उपचुनाव जनमत नापने का बैरोमीटर जरूर होते हैं। हाल में चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव इस मायने में उल्लेखनीय रहे कि जहां गुजरात में दो सीटों में से एक सीट विसावदर आम आदमी पार्टी जीतने में कामयाब रही तो केरल में नीलाबुंर सीट कर कांग्रेस ने सत्तारूढ़ माकपा को झटका दिया है। गुजरात में विसावदर के साथ कड़ी सीट पर भी उपचुनाव हुए थे, जिसे भाजपा के राजेन्द्र चावड़ा ने जीत लिया। चारों राज्यों में हुए उपचुनाव में सबसे ज़्यादा चर्चा गुजरात की रही। यहां आम आदमी पार्टी ने विसावदर सीट बरक़रार रखी, जो एक समय गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता केशुभाई पटेल का गढ़ रही थी। बीते कुछ सालों से यह सीट बीजेपी के लिए चुनौती बनी हुई है। खास बात यह कि गुजरात में कांग्रेस को दोनो ही सीटों पर निराशा हाथ लगी। यह बात इसलिए अहम है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अपने संगठन सृजन अभियान में गुजरात को ही मॉडल बनाकर उसे मप्र सहित दूसरे राज्यों में लागू कर रही है। विसावदर में कांग्रेस उम्मीदवार को सिर्फ़ 5501 वोट मिले, जबकि कड़ी में कांग्रेस 39 हजार452 वोटों से हारी। हार के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने इस्तीफ़ा दे दिया है। विसावदर में आम आदमी पार्टी के गोपाल इटालिया ने बीजेपी उम्मीदवार किरीट पटेल को 17 हज़ार से ज़्यादा वोटों से हराया। इससे बीजेपी का कई साल बाद विसावदर जीतने का सपना टूट गया। गौरतलब है कि बीजेपी ने आख़िरी बार इस सीट को 2007 के विधानसभा चुनाव में जीता था। तब यहां से बीजेपी के कनु भालाला जीते थी। महत्वपूर्ण बात यह है कि पूर्व में यह सीट बीजेपी के दिग्गज नेता केशु भाई पटेल की थी। केशुभाई यहां से 1995 और 1998 में बीजेपी के केशुभाई पटेल यहां से जीते थे। 2014 के उपचुनाव और 2017 में कांग्रेस ने इस सीट पर जीत दर्ज की। बाद में उन्होंने गुजरात परिवर्तन पार्टी बनाई और उसे भी छोड़कर बीजेपी में लौट आए। 2022 के चुनाव में भूपतभाई भायानी आम आदमी पार्टी के टिकट पर जीते, लेकिन लगभग दो साल बाद बीजेपी में शामिल होने के बाद यह सीट खाली हो गई थी। अब गोपाल इटालिया ने यहां से जीत दर्ज की है। विसावदर से आप के नेता गोपाल इटालिया का जीतना कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी है। क्योंकि आप गुजरात में कांग्रेस में सत्ता की वापसी के सपने को चूर चूर किए दे रही है। गोपाल की यह जीत उनके सघन जनसंपर्क का परिणाम है। हालांकि 2022 में वो चुनाव हार गए थे। गुजरात के अलावा पंजाब के उपचुनाव पर भी लोगों की नज़रें टिकी थीं। संजीव अरोड़ा आप के राज्यसभा सांसद हैं। अब संजीव अरोड़ा चुनाव जीत चुके हैं. उन्होंने कांग्रेस के भरत भूषण को 10 हजार 637 वोटों से हराया था। ऐसे में अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा पहुंचने की चर्चा गर्म हो गई है। हालांकि, केजरीवाल ने इस तरह की किसी भी संभावना से इनकार किया है। उधर पश्चिम बंगाल में कालीगंज और केरल की नीलांबुर सीट पर उपचुनाव हुआ था। यहां टीएमसी की अलीफ़ा अहमद ने बीजेपी के आशीष घोष को 50 हज़ार से ज़्यादा मतों के अंतर से हराकर अपनी सीट कायम रखी है। वायनाड लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली केरल की निलंबूर विधानसभा सीट पर हुए कड़े मुक़ाबले में कांग्रेस के आर्यदान शौकत ने कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के एम. स्वराज को 11 हज़ार से अधिक वोटों से हराया है।

जलवायु क्षेत्र में भारत की 11 वर्षों की प्रगति

– भूपेंद्र यादव



मानव द्वारा उत्पन्न जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 2011-20 के दशक में पृथ्वी का तापमान, पूर्व-औद्योगिक काल (1850-1900) की तुलना में 1.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। साथ ही, विकसित देश वैश्विक कार्बन बजट में असंगत हिस्सेदारी रखने के बावजूद जलवायु कार्रवाई को गति देने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करने के प्रति इच्छुक नहीं दिखाई देते। इस वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत के 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के प्राचीन वैदिक सिद्धांत ने सहस्राब्दियों से मानव सभ्यता का मार्गदर्शन किया है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के कारण अस्तित्व की चुनौती से जूझ रही है, तो जलवायु प्रबंधन के प्रति भारत की कालातीत वैदिक ज्ञान की प्रतिध्वनि विश्व को मार्ग दिखा रही है। एक ओर, वैश्विक समुदाय अक्सर जलवायु परिवर्तन से उपजी तापमान वृद्धि, अनियमित मौसम पैटर्न और आपदाओं में वृद्धि जैसी 'असुविधाजनक सच्चाइयों' में उलझा हुआ है। दूसरी ओर, भारत ने 'सुविधाजनक कार्रवाई' के दर्शन को सामने रखा है। हमारे सभ्यतागत लोकाचार में निहित इस दृष्टिकोण ने पिछले ग्यारह वर्षों में भारत को एक कर्तव्यनिष्ठ वैश्विक जलवायु नागरिक में बदल दिया है। अथर्ववेद का एक श्लोक है-यत किञ्च पृथिव्यां पृथिवीमनुत्तं हितं चेद् तत तवायतु। मा नः पृथिव्याः परं हिंसिष्ठाः। 'पृथ्वी का जो कुछ भी हम खनन करते हैं, उसे जल्दी से भरने दें, हम पृथ्वी के प्राण-तत्वों पर आघात न करें और न ही उसके हृदय को क्षति पहुंचाएं'। यह श्लोक आधुनिक जलवायु विज्ञान से हज़ारों साल पहले के पुनर्निर्माण पर आधारित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के सिद्धांतों को दर्शाता है। इस प्राचीन ज्ञान को जलवायु कार्रवाई के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर आधारित समकालीन नीतिगत ढाँचों में पिरोया गया है, जिससे पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कार्रवाई का एक अनूठा तालमेल बना है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, 2014 में पदभार ग्रहण करने के कुछ सप्ताह के भीतर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सरल लेकिन दूरगामी प्रशासनिक निर्णय के माध्यम से अपनी जलवायु प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता का परिचय दिया। पर्यावरण और वन मंत्रालय में 'जलवायु परिवर्तन' को जोड़कर, उन्होंने जलवायु कार्रवाई को क्षेत्र-संबंधी चिंता के सीमित दायरे से निकालकर शासन की प्राथमिकता में ला दिया। 2015 में जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन कोष का निर्माण इस प्रतिबद्धता का ही उदाहरण है, जिसके द्वारा राज्यों को जलवायु संकट से निपटने से संबंधित संसाधन प्रदान किए जाते हैं। कई राज्य सरकारों ने अपने स्वयं के जलवायु परिवर्तन विभाग स्थापित करके इस कदम का समर्थन किया, जिससे जलवायु कार्रवाई की एक संघीय व्यवस्था तैयार हुई। 2015 में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने वैश्विक जलवायु वार्ता में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री खुद पेरिस गए और पेरिस समझौते को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे धरती के संरक्षण में भारत की उच्च स्तरीय प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। ऐसे देशों के विपरीत, जो जलवायु प्रतिबद्धताओं को बोझ के रूप में देखते हैं, भारत ने इसी वर्ष पेरिस में आयोजित कॉप-21 में अपने पहले राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करके ठोस कार्रवाई का प्रदर्शन किया। यह देश की घरेलू अनिवार्यताओं और अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों द्वारा निर्देशित वैश्विक समुदाय के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रकटीकरण था। पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय यानी 2015 में ही एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का गठन हुआ, जो लगातार मजबूत होता गया और आज 120 से अधिक देश इसके सदस्य हैं। इस गठबंधन ने सौर ऊर्ज़ा संपन्न देशों के लिए स्वच्छ ऊर्ज़ा समाधानों पर सहयोग करने हेतु एक मंच तैयार किया है। नवीकरणीय ऊर्ज़ा (आरई) को दिए गए प्रोत्साहन से, इसकी स्थापित क्षमता 2014 के मात्र 76 गीगावाट से बढ़कर मार्च 2025 में 220 गीगावाट हो गई है और 2030 तक इसके 500 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है। स्थापित क्षमता के संदर्भ में भारत की बात करने तो हम आरई में चौथे, पवन ऊर्ज़ा में चौथे और सौर ऊर्ज़ा में तीसरे स्थान पर हैं। एक दशक में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। सरकार द्वारा अपनी कई योजनाओं के माध्यम से परिवर्तनकारी जलवायु कार्रवाई के लिए भारत की प्रतिबद्धता को गति प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (2016) से लाखों महिलाओं को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन मिला, जो दर्शाता है कि जलवायु कार्रवाई का सामाजिक न्याय के साथ तालमेल कैसे बिठाना चाहिए। पीएम-कुसुम योजना (2019) ने किसानों को सौर ऊर्ज़ा समाधानों के जरिये सशक्त बनाया, वहीं रूफटॉप सौर कार्यक्रम से पूरे देश में नवीकरणीय ऊर्ज़ा को अपनाने में तेजी आयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 सितंबर, 2019 को न्यूयॉर्क शहर में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) की घोषणा की, जिसकी औपचारिक शुरुआत 28 अगस्त, 2019 को हुई थी। इससे आपदा-रोधी अवसंरचना विकास को बढ़ावा देने में एक वैश्विक साझेदारी का निर्माण हुआ। स्वीडन के साथ साझेदारी में लीडआईटी (उद्योग में बदलाव के लिए नेतृत्व समूह) बनाया गया, जो जलवायु लक्ष्यों के लिए औद्योगिक बदलाव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सौर विनिर्माण (2020) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से घरेलू सौर विनिर्माण क्षमता मजबूत हुई, आयात पर निर्भरता कम हुई और एक मजबूत स्वदेशी सौर इकोसिस्टम का निर्माण हुआ। 2021 में ग्लासगो में आयोजित कॉप 26 में भारत ने देश के जलवायु परिदृश्य को और मजबूत करते हुए ऐतिहासिक घोषणाएँ कीं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने वक्तव्य में भारत के महत्वाकांक्षी अभियान पंचामृत की घोषणा की गई। पंचामृत यानी पांच अमृत तत्व, जिसमें जलवायु प्रतिबद्धता को बढ़ाना और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना शामिल है। इसी संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री ने मिशन लाइफ़-पर्यावरण के लिए जीवनशैली की शुरुआत की, ताकि वैश्विक स्तर पर नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ़ सामूहिक लड़ाई में शामिल किया जा सके। इस ऐतिहासिक प्रतिबद्धता ने भारत को विकासशील देशों के बीच जलवायु नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया। 2 नवंबर, 2021 को ग्लासगो में कॉप 26 के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने आईआरआईएस (सुदृढ़ द्वीप देशों के लिए अवसंरचना) लॉन्च किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, फिजी, जमैका, मॉरीशस और यूके के प्रधानमंत्रियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम से जलवायु-संवेदनशील देशों के प्रति वैश्विक एकजुटता प्रदर्शित की गई। भारत ने 2022 में अपने एनडीसी को परिवर्तित करते हुए उसमें संरक्षण और संयम की परंपराओं और मूल्यों के आधार पर स्वस्थ और सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एक गुणात्मक लक्ष्य के रूप में मिशन लाइफ को शामिल किया। इसी क्रम में, नवंबर 2022 में भारत ने अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति (एलटी-एलईडी) प्रस्तुत की, जिसमें 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के साथ-साथ सतत विकास के लिए एक रूपरेखा प्रदान की गई है। इसी वर्ष राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का शुभारंभ हुआ, जिससे भारत हरित हाइड्रोजन उत्पादन और निर्यात में एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा, जो ऊर्ज़ा स्वतंत्रता और स्वच्छ ऊर्ज़ा स्रोतों को अपनाने की हमारी दृष्टि के अनुरूप है। वर्ष 2023 में विकसित भारत 2047 की घोषणा, एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई, जो 2047 तक 'पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था' तथा 'प्रकृति और प्रगति' के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखते हुए विकसित राष्ट्र बनने के प्रति भारत का विज़न है। भारत की जलवायु कार्रवाई, 2047 तक विकसित भारत के विज़न के अनुरूप है। जलवायु परिवर्तन को कम करने की दिशा में कार्रवाई के अलावा, भारत ने व्यापक जलवायु रिपोर्टिंग का प्रदर्शन करते हुए द्विवार्षिक प्रगति रिपोर्ट के साथ अपना अनुकूलन संवाद भी प्रस्तुत किया है। 2024 में बदलाव लाने वाली दो नागरिक केंद्रित पहलों की शुरुआत हुई। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने सौर ऊर्ज़ा तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाया, जबकि 'एक पेड़ माँ के नाम' के शुभारंभ ने वनीकरण को एक जन आंदोलन का रूप दिया। इन कार्यक्रमों के जरिये प्रत्येक नागरिक को जलवायु कार्रवाई में योगदान देने के लिए सशक्त बनाया गया। ऊर्ज़ा सुरक्षा और स्थायित्व हासिल करने के लिए परमाणु ऊर्ज़ा को एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में मान्यता देते हुए, 2025 में विकसित भारत के लिए राष्ट्रीय ऊर्ज़ा मिशन और राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का शुभारंभ किया गया। आम बजट 2025-26 में इसके लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस बजट के साथ यह परमाणु ऊर्ज़ा मिशन, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) के अनुसंधान और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसका लक्ष्य 2033 तक कम से कम पांच स्वदेशी रूप से डिजाइन किये गये और संचालन योग्य एसएमआर विकसित करना है। निस्संदेह यह मिशन भारत को अगली पीढ़ी की परमाणु प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी देश के रूप में स्थापित करेगा। भारत 2030 तक अपने उन्नत एनडीसी को प्राप्त करने के लिए प्रगति-पथ पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा पर है और 2030-35 की अवधि के लिए एनडीसी के संशोधन की तैयारी कर रहा है। भारत जलवायु कार्रवाई में निरंतर सुधार का प्रदर्शन कर रहा है और संभावना है कि देश शीघ्र ही पहली राष्ट्रीय अनुकूलन योजना भी प्रस्तुत करेगा। भारत, शमन उपायों के माध्यम से आपूर्ति पक्ष पर और व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को बढ़ावा देकर मांग पक्ष पर जलवायु कार्रवाई कर रहा है। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि भारत ने जनभागीदारी के आह्वान के साथ जलवायु कार्रवाई को सरकारी जिम्मेदारी से एक जन आंदोलन में बदल दिया है। भारत की अंतर्राष्ट्रीय जलवायु पहल 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्राचीन भारतीय सिद्धांत को मूर्त रूप देती है। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आपदा रोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआई), वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन, लीडआईटी और अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन (आईबीसीए) चुनौतियों पर अटके रहने के बजाय, सिद्धांतों पर अमल करने और समाधान साझा करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। भारत की जी 20 अध्यक्षता के दौरान, पर्यावरण और जलवायु कार्य समूह से अलग कई अन्य कार्य समूहों में जलवायु संबंधी विचारों को मुख्यधारा में लाया गया। विकास कार्य समूह ने सतत विकास के लिए जीवनशैली पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि ऊर्ज़ा कार्य समूह ने न्यायसंगत और समावेशी ऊर्ज़ा स्रोतों में बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया। यह पहले दिखाती हैं कि जलवायु संबंधी चिंताएँ क्षेत्रीय सीमाओं को कैसे पार करतीं हैं। भारत ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की भी शुरुआत की, जिससे स्थायी जैव ईंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक मंच तैयार हुआ। 'असुविधाजनक सत्य' को 'सुविधाजनक कार्रवाई' में बदलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सिद्ध किया है कि जलवायु नेतृत्व के लिए न केवल वैज्ञानिक समझ की आवश्यकता होती है, बल्कि मानवीय कार्रवाई को प्राकृतिक सामंजस्य के साथ जोड़ने की समझ की भी जरूरत होती है।

(लेखक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री हैं)

भारत ने इसी वर्ष पेरिस में आयोजित कॉप-21 में अपने पहले राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करके ठोस कार्रवाई का प्रदर्शन किया। यह देश की घरेलू अनिवार्यताओं और अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों द्वारा निर्देशित वैश्विक समुदाय के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रकटीकरण था। पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय यानी 2015 में ही एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का गठन हुआ, जो लगातार मजबूत होता गया और आज 120 से अधिक देश इसके सदस्य हैं। इस गठबंधन ने सौर ऊर्ज़ा संपन्न देशों के लिए स्वच्छ ऊर्ज़ा समाधानों पर सहयोग करने हेतु एक मंच तैयार किया है। नवीकरणीय ऊर्ज़ा (आरई) को दिए गए प्रोत्साहन से, इसकी स्थापित क्षमता 2014 के मात्र 76 गीगावाट से बढ़कर मार्च 2025 में 220 गीगावाट हो गई है और 2030 तक इसके 500 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है।

नोबल के लिए उतावले ट्रम्प

विश्व पटल पर यू-टर्न वाले यू.एस. ट्रम्प की छवि लेकर वह मन में कहीं न कहीं अवश्य चिंतित हैं इसलिए नोबल शांति पुरस्कार के रूप में वह विरासत में ऐसी उपलब्धि छोड़कर जाना चाहते है, ताकि भविष्य में जब कभी उनका मूल्यांकन हो, तो उनको ओबामा से कमतर न आंका जा सके। अमेरिकी संघीय संविधान में कोई भी व्यक्ति केवल दो बार ही राष्ट्रपति बन सकता है और ट्रम्प का यह दूसरा व अंतिम कार्यकाल है। दूसरे कार्यकाल में अभी तक उन्होंने ऐसा कोई उल्लेखनीय कार्य भी नहीं किया जिससे उनका कार्यकाल अमरीकी इतिहास में दर्ज हो सके। इस शक्तिशाली पद पर रहने का यह आखिरी अवसर है। अतः इस अवसर को भुनाने के लिए भी ट्रम्प नोबल के लिए उतावले दिख रहे हैं।

कुलदीप सिंह भाटी

स्वीडन के प्रसिद्ध नोबल परिवार में जन्मे व्यवसायी और प्रखर विद्वता के धनी वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबल की स्मृति में प्रति वर्ष छह नोबल पुरस्कार दिये जाते हैं। रसायन, भौतिकी, चिकित्सा, अर्थशास्त्र साहित्य संबंधी पांच क्षेत्रों में विशेष योगदान के साथ ही वैश्विक शांति, अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों, निरस्त्रीकरण और राष्ट्रों के बीच आपसी सद्भाव को बढ़ाने के प्रयासों के लिए शांति का नोबल पुरस्कार दिया जाता है।

इस बार पाकिस्तान द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रम्प को नोबल के शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। इसके पीछे पाकिस्तानी सरकार ने भारत-पाक के बीच हालिया तनाव के बाद सीमा पर उपजे संघर्ष को रुकवाने में ट्रम्प की मध्यस्थता को मुख्य कारण बताया है। हालांकि दस मई को हुए संघर्ष-विराम की घोषणा ट्रम्प ने अपने ट्विटर एकाउंट पर ही सबसे पहले की थी किन्तु भारत ने शुरू से ही इसमें किसी मध्यस्थ की भूमिका को स्वीकार नहीं करने का दावा किया है। भारत ने अपनी शर्तों पर ही संघर्ष-विराम किया है। सिंधु जल समझौते के रद्द करने



के अपने निर्णय को भारत सरकार द्वारा वापस न लेना या पुनर्विचार न करना भारत की इस मामले में मजबूती का महत्वपूर्ण साक्ष्य है। फिर भी ट्रम्प द्वारा अनावश्यक रूप से इस तनाव समाप्ति का क्रेडिट लेने की बार-बार कोशिश की जा रही है। इतना ही नहीं इसके बाद ट्रम्प पुनः कश्मीर मुद्दे पर अमरीकी-मध्यस्थता के प्रस्ताव को भारत के अस्वीकार करने पर अपनी किरकिरी करवा चुके हैं। हाल के दिनों में ऐसे कई मामले आये हैं, जिनसे ट्रम्प ने अपनी और व्हाइट हाउस के निर्णयों की गरिमा को कम किया है। अमरीकी टैरिफ वॉर पर भी वे कई बार यू-टर्न लेकर अपनी कमजोरी जाहिर कर चुके हैं।

पाकिस्तान द्वारा नोबल के शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प के नामांकन के निर्णय की ख़बर उनकी और पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की मुलाकात के बाद आई है। इसके पीछे भले पाकिस्तानी सरकार ने जो कारण गिनाए हैं, पर सच यह है कि न केवल वैश्विक स्तर पर बल्कि पाकिस्तान के बुद्धिजीवी भी उनकी सरकार के इस निर्णय की आलोचना कर विरोध प्रकट कर रहे हैं। इतना ही नहीं मई में दोहा, कतर में दिए अपने भाषण में और इसके बाद अजीम मुनीर से मुलाकात में जारी वक्तव्य में भी ट्रम्प ने सीधे मध्यस्थता करवाने के अपने दावे से यू-टर्न लिया हैं। स्वयं ट्रम्प भले ही सोशल मीडिया का सहारा लेकर शांति के नोबल के लिए माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हो, किन्तु सच यह है कि यह पुरस्कार केवल उनकी एक महत्वाकांक्षा व ज़िद मात्र है।

गौरतलब है कि अब तक चार अमेरिकी राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट, वुडरो विल्सन, जिमी कार्टर और बराक ओबामा शांति के लिए नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। नोबल का शांति पुरस्कार पाने की लालसा कहीं न कहीं ट्रम्प द्वारा अपनी गिरती हुई साख को बचाने और इतिहास में अपने को एक बेहतरीन राष्ट्राध्यक्ष के रूप में दर्ज करवाने का प्रयास हो सकता है। ओबामा और ट्रम्प के आपसी रिश्ते भी राजनीतिक स्तर पर कुछ अच्छे नहीं रहे हैं। विश्व पटल पर यू-टर्न वाले यू.एस. ट्रम्प की छवि लेकर वह मन में कहीं न कहीं अवश्य चिंतित हैं इसलिए नोबल शांति पुरस्कार के रूप में वह विरासत में ऐसी उपलब्धि छोड़कर जाना चाहते है, ताकि भविष्य में जब कभी उनका मूल्यांकन हो, तो उनको ओबामा से कमतर न आंका जा सके। अमेरिकी संघीय संविधान में कोई भी व्यक्ति केवल दो बार ही राष्ट्रपति बन सकता है और ट्रम्प का यह दूसरा व अंतिम कार्यकाल है। दूसरे कार्यकाल में अभी तक उन्होंने ऐसा कोई उल्लेखनीय कार्य भी नहीं किया जिससे उनका कार्यकाल अमरीकी इतिहास में दर्ज हो सके। इस शक्तिशाली पद पर रहने का यह आखिरी अवसर है। अतः इस अवसर को भुनाने के लिए भी ट्रम्प नोबल के लिए उतावले दिख रहे हैं। अभी तक ट्रम्प के प्रयास केवल नोबल पाने की उनकी जिद ही लग रही है। कयास तो यह भी लगाया जा सकता है कि अपने सामरिक हितों की रक्षा व व्हाइट हाउस से समर्थन तथा वैश्विक फंड की प्राप्ति में अमरीकी समर्थन पाने के लिए यह पाकिस्तानी पैंतरा भी हो सकता है। कुछ बुद्धिजीवी पाकिस्तान प्रायोजित इस निर्णय को ट्रम्प के इशारे से भी होने का अनुमान लगा रहे हैं।

हालांकि पाकिस्तानी सरकार के इस निर्णय से नोबल समिति की कितनी सहमति व सम्मति है? यह काल के गर्भ में है और इसका निर्णय भविष्य ही करेगा। यह भी स्पष्ट है कि नोबल समिति कोई ऐसा निर्णय नहीं लेगी, जिससे इस प्रतिष्ठित पुरस्कार की साख खण्डित हो।

आज का कार्टून

आपातकाल की 50वीं बरसी



राशिफल

मेष

अनुसन्धान सम्बन्धी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुये लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। परिवार को पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी।

वृषभ

घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय व्यथित हो सकता है।

मिथुन

जॉब में स्थान-परिवर्तन करने के लिये दिन शुभ है। नयी पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमान्स से भरपूर रहने वाला है।

कर्क

कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज दूर होगा। समाज में आपका काफी सम्मान बढ़ने वाला है। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिये जा सकते हैं।

सिंह

आपके सुझावों से लोगों को अच्छा लाभ होगा। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे। अध्यात्मिक विषयों और दर्शन को लेकर उत्साहित रहेंगे।

कन्या

आपको अपनी छवि की काफी चिन्ता रहेगी। यात्रा अत्यन्त खर्चीली और उदासीन हो सकती है। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें।

तुला

आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। वैवाहिक जीवन की उथल-पुथल शान्त हो सकती है। शुभचिन्तक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे।

वृश्चिक

परिजनों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिये। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा।

धनु

सन्तान के करियर की चिन्ता दूर होगी। आज आप दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है।

मकर

सम्पत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वादा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिये।

कुंभ

आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं।

मीन

अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण काम में परेशानियाँ आ सकती हैं। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें। आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं।

बिहार से हुई विशेष मतदाता पुनरीक्षण की शुरूआत

मुंगेर एवं भागलपुर प्रमंडल अंतर्गत कुल 34 विधानसभा के पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। विशेष मतदान गहन पुनरीक्षण के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के तत्वाधान में मुंगेर एवं भागलपुर प्रमंडल के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी हेतु एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम बेगूसराय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता वरीय उप निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग मनीष गर्ग, प्रधान सचिव भारत निर्वाचन आयोग, अरविंद आनंद, निदेशक भारत निर्वाचन आयोग विद्यारानी कोंथौजम, आयुक्त भागलपुर प्रमंडल हिमांशु राय, मुंगेर आयुक्त अवनीश कुमार सिंह एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी बेगूसराय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर जिला पदाधिकारी बेगूसराय द्वारा सभी भारत निर्वाचन पदाधिकारी के



सभी पदाधिकारी एवं आयुक्त मुंगेर एवं भागलपुर प्रमंडल को शॉल, पुष्पगुच्छ एवं बेगूसराय जिला का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरीय उप निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, मनीष गर्ग ने कहा कि आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जाना है। आज मुंगेर एवं भागलपुर प्रमंडल अंतर्गत कुल 34 विधान सभा के पदाधिकारियो को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में विधान सभा चुनाव में होना है। इसलिए विशेष पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार राज्य से की जा रही है। आगे यह विशेष पुनरीक्षण देश के सभी राज्यों में कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेने वाले भारतीय नागरिकों जो पंजीकरण के स्थान के सामान्य निवासी है एवं किसी कानून के अंतर्गत अयोग्य नहीं है, वे सभी निर्वाचक बनने की अहर्ता रखते है। विशेष गहन पुनरीक्षा के अंतर्गत बीएलओ के माध्यम से अथवा अनलाईन माध्यम से निर्वाचकों को गणना फार्म भरने है। बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन के समय निर्वाचों के गणना फार्म उपलब्ध कराये जायेंगे एवं पावती उपलब्ध कराई जायेगी। उल्लेखनीय है कि अंतिम रूप से निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को अनलाईन अथवा ऑफलाईन माध्यम से गणना फार्म उपलब्ध कराने वाले निर्वाचकों का नाम ही प्रारूप प्रकाशन 1 अगस्त में सम्मिलित किया जायेगा। जिन मतदाताओं का नाम प्रारूप सूची में नहीं होगा अथवा वे अपनी प्रविष्टि में सुधार करवाना चाहते है, वे दावा आपत्ति की अवधि में आवेदन दे सकते है। यह पुनरीक्षण कार्यक्रम लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं नागरिका नियम के प्रावधानों में निष्पादित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण कराने का मुख्य उद्देश्य सही मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना एवं अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाना है ताकि मतदान में भिटीआर का प्रतिशत बढ़ सके। इसके बाद प्रधान सचिव भारत निर्वाचन आयोग अरविंद आनंद द्वारा विस्तार से सभी उपस्थित पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण उपरांत निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा कुछ सुझाव भी दिए गए, जिसपर उचित कारवाई करने की बात कही गई। मौके पर मुंगेर आयुक्त सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को बीएलओ को अच्छे से ट्रेनिंग देने की बात कहीं, ताकि बीएलओ को कार्य में आसानी हो। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से इस कार्य को मिशन मूड में करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी ईआरओ एवं एईआरओ को लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर बीएलओ के कार्य को निगरानी करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंडों में एक हेल्प डेस्क बनाने का भी निर्देश दिया, ताकि किसी भी तरह की परेशानी होने पर बीएलओ एवं मतदाता संपर्क कर अपनी समस्याओं को दूर कर सकें। भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त हिमांशु कुमार राय ने भारत सरकार के अवर उप निर्वाचक आयुक्त को आश्वस्त किया गया सभी पदाधिकारी ससमय कार्य को पूरा कर लेंगे। साथ ही सभी पदाधिकारियों को स्वीप कार्य पर भी विशेष जोर देने की बात कहीं। अंत में जिला पदाधिकारी सिंगला द्वारा सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उन्होंने भारत सरकार के अवर उप निर्वाचक आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करने की बात कहीं।

एक नजर

आशा दिवस का आयोजन

शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड मनरेगा सभा भवन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुआ। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार ने किया। बैठक में सरकार के कई योजनाओं के बारे में बतलाया गया। आगामी 11 जुलाई से 31 जुलाई तक होने वाले परिवार नियोजन पखवाड़ा के बारे में विस्तार से बतलाया। एम आशा पोर्टल पे किए गए सभी कार्यों को पोर्टल में एंट्री करने संबंधित जानकारी दी गई। एनसीडी पोर्टल पर सर्वे कराकर एंट्री करने संबंधित जानकारी दिया गया। मौके पर सभी आशा मौजूद थे।

बल्लीपुर गांव से वारंटी गिरफ्तार

शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी थाना क्षेत्र के बल्लीपुर गांव में पुलिस ने बीती रात छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान बल्लीपुर गांव के स्व. कौशलेंद्र नारायण चौधरी के पुत्र दिवाकर चौधरी उर्फ गिरधारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि गिरधारी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

माई-बहिन मान योजना की दी गई जानकारी

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड क्षेत्र के बरैपुरा गांव वार्ड संख्या 4 में शुक्रवार को वीरपुर प्रखंड के वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने पासवान मुहल्ले के सामुदायिक भवन पर बैठक आयोजित कर लोगों से मिलकर माई बहिन मान योजना के बारे में मतदाताओं को विस्तार से बताया। साथ ही पंपलेट का वितरण किया जिसमें इस योजना का विस्तृत जानकारी दी गई है। जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 2025 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के सरकार बनते ही हर जरूरतमंद महिलाओं को प्रत्येक माह 25 सौ रुपए दिए जाएंगे। बैठक में जितेंद्र कुमार के साथ उनके सहयोगी समेत दर्जनों महिलाएं और पुरुष मौजूद थे।

दो वारंटी गिरफ्तार

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के सहूरी गांव से शुक्रवार को वीरपुर पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायलय भेज दिया। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सहूरी गांव निवासी स्व अनूप पासवान के पुत्र वकील पासवान और रामराजी पासवान के खिलाफ कोर्ट से नन वेलेबुल वारंट जारी किया गया था जिसके आलोक में उनको गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए शुक्रवार को बेगुसराय न्यायलय भेज दिया गया है।

भाकपा कार्यकर्ताओं की बैठक

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भाकपा अंचल परिषद कार्यकर्ताओं की बैठक नावकोठी में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता पूर्व अंचल मंत्री गणेश महतो ने की। अंचल मंत्री चंद्र भूषण चौधरी ने बताया कि सभी शाखाओं का सम्मेलन पूर्ण कर लिया गया है। आगामी माह में होने वाले अंचल सम्मेलन की तैयारी की जानकारी दी। अंचल प्रभारी सच्चिदानंद कुमार ने कहा कि राज्य सरकार गरीब भूमिहीन को भूमि तथा आवास उपलब्ध कराने में नाकामयाब रही है।

बीएलओ एवं सुपरवाइजर की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। डंडारी में प्रखंड सभागार डंडारी में प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार की अध्यक्षता में बीएलओ एवं सुपरवाइजर की बैठक हुई। बैठक में बीडीओ राजेश कुमार ने सभी घर घर जाकर मतदाता सूची को सत्यापित करने की बात कही। बीएलओ को 26 जुलाई तक नियमित रूप से हर घर में मतदाताओं की सूची की एक प्रति लेकर पहुंचेंगे। साथ ही इस सूची पर घर के किसी सदस्य से हस्ताक्षर करा कर या प्रमाणित करना सुनिश्चित करेंगे कि सूची में दिए गए सभी सदस्य सही हैं, और इसी पते पर रहते हैं। बीडीओ ने बताया कि वर्ष 2003 के बाद यह महा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मतदाता सूची में अंकित सभी मतदाताओं का सत्यापन कराया जाना है। इस सत्यापन का मुख्य उद्देश्य अयोग्य नागरिकों का नाम हटना और सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना है। यह निर्णय भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लिया गया है ताकि मतदाता सूची को त्रुटि रहित और विश्वसनीय बनाया जा सके। इसका मुख्य उद्देश्य मृतकों, घर छोड़कर जा चुके लोगों और अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों का नाम मतदाता सूची से हटना है। साथ ही नए पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ना है। बैठक में सीडीपीओ अर्पणा कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीव कुमार यादव, कृषि समन्वयक प्रभात कुमार चौधरी, ऋचा कुमारी, दिल्ली से प्रशिक्षण लेकर आए मास्टर ट्रेनर अश्विनी कुमार, घर घर जाकर मतदाता सूची को सत्यापित करेंगे बीएलओ कुंदन कुमार, सुमंत कुमार सुमन, किशोरी साहू, उमेश राम, नरेश राम, सुशील साहू, अनिल चौधरी, संतोष सिंह, मनोज शर्मा, पंकज कुमार चौरसिया आदि सहित दर्जनों घर घर जाकर मतदाता सूची को सत्यापित करेंगे बीएलओ मौजूद रहे।

बैंकर्स की बैठक में सीडी रेसियो बढ़ाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखंड के विमर्श कक्ष में बैंकर्स की त्रैमासिक समीक्षात्मक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता ग्रामीण बैंक जिला प्रबंधक बेगूसराय प्रशांत कुमार मिश्रा ने की। पीएनबी नावकोठी, बैंक आफ बड़ौदा बभनगामा, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया छतौना के प्रबंधक को सीडी रेसियो को बढ़ाने पर जोर दिया गया। केसीसी ऋण में अधिक से अधिक किसानों को प्रेरित करने, बैंकों को कम से कम दो पीएमएफएमई के तहत ऋण करने का निर्देश दिया गया। 1 जुलाई से प्रत्येक बैंक को पंचायत में शिविर लगाकर अधिक से अधिक जन-धन खाता खोलने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना से अधिकाधिक ग्राहकों को जोड़ने पर बल दिया गया। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना में बैंक की भूमिका का अद्यतन समीक्षा की गई। केसीसी ऋण, एनपीए, सहित अन्य कार्यक्रम की समीक्षा की। बैंक में आवेदन की संख्या तथा निष्पादन की स्थिति पर प्रबंधक से विमर्श किया। जीविका, मछली पालन, पशुपालन सहित अन्य पेंडिंग आवेदनों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्रत्येक ब्रांच को कम से कम दो ऋण स्वीत करने का निर्देश दिया गया। पीएमईजीपी लोन करने पर बल दिया गया। पशुपालन के लिए केसीसी को बढ़ावा देने और खाद्य योजना को बढ़ावा देने के लिए ऋण देने पर विचार विमर्श किया गया। ऋण धारकों को ससमय ऋण चुकता करने तथा खाता को एनपीए होने से बचाने की अपील की। मौके पर डीडीएम नाबार्ड आभा कुमारी,यूको बैंक प्रबंधक दीपक शर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा बभनगामा, ग्रामीण बैंक पहसारा के राजीव कुमार, सेन्ट्रल बैंक अफ इंडिया शाखा छतौना के अभय कुमार, पीएनबी प्रबंधक शहनवाज आलम, यूको बैंक सीएसपी संचालक पंकज कुमार, लोन रिकवरी एजेंट अमरजीत कुमार यूको बैंक आदि ने भाग लिया।

अपहृत युवक के साथ छह अपहरणकर्ता गिरफ्तार

पुलिस ने हाथीदह पेट्रोल पंप के पास से छह लोगों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरौनी। चकिया थाना की पुलिस ने गुरुवार की अहले सुबह अपहृत युवक से फिरौती मांगने के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए छह लोगों में से चार नाबालिक बताये जा रहे हैं। घटना के संबंध में सदर एसडीपीओ भास्कर रंजन ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 25 जून की शाम करीब छह बजे जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के सकुना बिगहा गांव निवासी अरूण कुमार यादव के पुत्र अंकित कुमार गर्मी की छुट्टी में खगड़िया जिले के अलौली में अपने दोस्त प्रियांशु से मिलने जा रहा था। इसी दौरान राजेन्द्र पुल स्टेशन पर वह पानी पीने के लिए ट्रेन से नीचे उतरा था। लगभग आधा दर्जन लोगों के द्वारा पीछे से उसके सर पर वार कर उसे एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ मारपीट किया गया। उसे छोड़ने के एवज में उनसे 50 हजार रुपया मांगा गया। पीड़ित के पास में जब रुपया नहीं था तो बदमाशों ने पीड़ित के पिता से अंकित को वीडियो कल कर बात करवा अंकित के एकाउंट पर 46500 रुपया मंगवाया। फिर उसमें से एक ने अंकित का एटीएम कार्ड के पिन नं. पूछकर रुपया निकाला। इसके बाद अंकित के परिजनों ने रात 11 बजे चकिया थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। चकिया थाना प्रभारी नीरज कुमार चौधरी ने तकनीकी सहायता से दलबल के साथ अपहृत युवक के साथ आरोपी छह लोगों को पटना जिले के हाथीदह पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ श्री रंजन ने बताया कि गिरफ्तार छह लोगों में से एफसीआई थाना क्षेत्र के बीहट निवासी नवीन सिंह के पुत्र सौरभ कुमार तथा चकिया थाना क्षेत्र के कसहा गांव निवासी गोरेलाल यादव के पुत्र टेम्पू चालक विकास कुमार को समेत घटना में शामिल चार नबालिंग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से पांच मोबाइल तथा एक टेम्पू को घटना के 12 घंटे के भीतर जपत किया है। प्रेस वार्ता में जीरोमाइल सर्किल इंस्पेक्टर राजेश कुमार व चकिया थाना प्रभारी नीरज कुमार चौधरी मौजूद थे।

भारोत्तोलन में बेगूसराय बना रहा अलग पहचान : खेल मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। विकास विद्यालय के प्रांगण में जिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता का शुक्रवार को बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद खेल मंत्री ने जिला भारोत्तोलन संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राज किशोर सिंह, उपाध्यक्ष डा. रजनीश भास्कर सहित सभी पदाधिकारियो को बधाई दी और कहा की मैं देख रहा हूं कि विगत वर्ष में बेगुसराय के खिलाड़ियों ने वेटलिफ्टिंग के खेल में अपनी एक नई पहचान बनाई है। बेगूसराय के खिलाडियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में



अपनी ना केवल उपस्थिती दर्ज करवाई आपितु बहुत से मेडल भी जीत कर जिले का नाम रौशन किया है। इस मौके पर खेल मंत्री ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया और कहा मेडल लाओ नौकरी पाओ। महिला विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित भी किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष शिक्षाविद राज किशोर सिंह ने कहा कि आज की प्रतियोगिता में लगभग 40-50 स्कूलों के लगभग 200 सौ से ज्यादा महिला और पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अमिय कश्यप, शिक्षाविद पंडित नवल किशोर झा, पंकज कुमार, गौरव अनाद, अमरजीत कुमार इत्यादि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को करवाने के लिए जिले के बाहर से कई क्वालिफाइड तकनीकी अधिकारी दीपक, अरविंद आदि को भी बुला गए हैं। जिससे प्रतियोगिता को बेहतर तरीके से अर्गनाइज किया जा सके।प्रतियोगिता का आयोजन डा. रजनीश भास्कर, इंटरनेशनल रेफरी के देख-रेख में अभिषेक, रोहन, उज्ज्वल कुमार, अदिति, सिद्धि, शिवम, हिमांशु गौतम, दिलशाद, नीलेश ने किया।

नावकोठी में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। पीएचसी नावकोठी के सभागार में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डा नीतीन कुमार ने की। उन्होंने जननी बाल सुरक्षा कार्यक्रम में गिरते ग्राफ पर असंतोष जाहिर किया। इसमें वृद्धि लाने के तकनीक को बताया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की शतप्रतिशत भागीदारी एवं जांच कराने पर बल दिया। बीएमसी गोपाल शर्मा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य एम आशा एप के उपयोग के बारे में दक्ष बनाना है। अब आशा कार्यकर्ताओं को अपना कार्य इसी एप के माध्यम से संपादित करना है। यह एप उन्हें अपने कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालितसे संबंधित डेटा को आसानी से दर्ज करने और उसका विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के अस्थायी साधन माला, छाया, अंतरा, कंडोम आदि का इंडेंट इसी एप पर ही करना होगा। इनकी आवश्यकता की पूर्ति करने में आसानी होगी। बी सीएम उषा कुमारी ने सर्वे तथा ड्यू लिस्ट को अद्यतन करने पर बल दिया। गर्भनिरोधक अस्थायी साधन में कंडोम का वितरण इनके बीच किया गया ताकि सभी लाभुकों तक आसानी से यह पहुँच सके। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, फेसिलेटर संगीता कुमारी, लक्ष्मी देवी आशा कार्यकर्ता नीलू कुमारी, रेणु कुमारी, डेजी कुमारी, अर्चना कुमारी, धर्म शीला कुमारी, उषा कुमारी, शोभा कुमारी, रौशन कुमारी आदि ने हिस्सा लिया।

ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। तारुणि तारण नाट्य समिति द्वारा ग्रीष्मकालीन प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला का आयोजन आर्यभट्ट शिक्षण संस्थान हरपुर मोसादपुर बेगूसराय में किया गया। इस कार्यशाला में आर्यभट्ट शिक्षण संस्थान हरपुर के 20 बच्चों ने विधिवत् प्रशिक्षण लिया और कार्यशाला के दौरान 'मुसीबत' नाटक तैयार करके समापन समारोह में प्रस्तुति दी। प्रस्तुति से पूर्व श्याम कुमार सहनी, रामसुंदर गांधी, अब्दुल्ला निजामी, अरविंद सिन्हा, सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, नंदलाल, अमर बेगूसराई, कार्यशाला निर्देशक मिथिलेश 'कान्ति' ने विधिवत् दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रशिक्षक के रूप में कुंदन सिन्हा, अरविंद सिन्हा, दीपक सिन्हा, अमर बेगूसराई और कार्यशाला निर्देशक मिथिलेश 'कान्ति' थे। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने कहा - इस तरह का नाट्य कार्यशाला बच्चों को विकसित करने और नाट्य कला से जोड़ने का एक उत्तम साधन है। जिससे बच्चे आम जीवन में भी लाभान्वित हो सकेंगे। राम सुंदर गांधी ने कहा नाटक जीवन का आधार है और ग्रामीण परिवेश में बच्चे नाटक का गुड़ सिख कर एक अच्छे नागरिक बन सकेंगे, अब्दुल्ला निजामी ने कहा बच्चों को सर्वांगिक विकास के लिए नाट्य कला अति आवश्यक है तो अमर बेगूसराई ने कहा - जितना जरूरी शिक्षा है उतना ही जरूरी नाट्य कला भी है। संस्था के सचिव सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा मैं हमेशा बच्चों के विकास के लिए तत्पर हूं और नाट्य कला से जोड़कर बच्चों को हमेशा आगे बढ़ाता रहूंगा, कार्यशाला निर्देशक मिथलेश कान्ति ने कहा मेरी यह प्रयास है कि अधिक से अधिक बच्चों को नाट्य कला से जोड़ूं, जिससे बाल रंगमंच में सम्बलता प्रदान हो सके।समापन समारोह में कार्यशाला में तैयार किया गया 'मुसीबत' नाटक को बच्चों ने प्रस्तुति दी, जिन्हें दर्शकों ने खूब प्रशंसा किया एवं तालियां बजाते रहे। अमर बेगूसराय की म्यूजिक काफी अच्छी थी और कविता कुमारी की मधुर आवाज सबको लुभा रहे थे। कार्यशाला का संपूर्ण कार्यभार युवा रंगकर्मी मनोज कुमार ने संभाल रखा था और बच्चों को बेहतर अभिनय के लिए अपना टिप्स भी देते रहे। रणधीर कुमार नाल और मनटुन जी हारमोनियम पर मौजूद थे। सैकड़ों दर्शक नाट्य प्रस्तुति देखकर मनमुग्ध हो गए थे।

शिक्षक की विदाई समारोह आयोजित

मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शुक्रवार को नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सीमान चौक सोहिलवाडाघ में बीपीएससी शिक्षक संतोष गौतम के स्थानांतरण के फलस्वरूप विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित की गई जिसमें विद्यालय के प्रधान शोभा कुमारी, सहित शिक्षक रवि कुमार, शैलेश कुमार यादव, गुलशन कुमार, शिक्षा सेवक बेबी कुमारी, विद्यालय के छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों के द्वारा श्री गौतम को दूसरे विद्यालय में योगदान के लिए सम्मानित करते हुए भेजा गया। संतोष गौतम सभी बच्चों से भावुक होकर उनकी आंखें नम हो गई। उन्होंने विद्यालय में दो वर्ष अपनी सेवा दिया।

तेज रफ्तार ट्रक ने एक को रौंदा, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे 327 ई पर तारन चौक के पास सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। ट्रक बहादुरगंज की ओर जा रहा था। पंजीयन संख्या आरजे 52 जीए 8252 वाले ट्रक ने तारण गांव निवासी मोहम्मद मुश्किल को टक्कर मारी।

वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे सदर अस्पताल अररिया भेजा। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

दुर्घटना के बाद ट्रक तेज रफ्तार में



जोकीहाट की ओर भागा। ग्रामीणों ने पीछा कर टोल टैक्स के पास ट्रक को पकड़ लिया। जोकीहाट पुलिस मौके पर पहुंची।

चालक और खलासी को हिरासत में लिया गया। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। एनएच 327ई पर कट क्रॉसिंग के कारण हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

आगापुर गांव में पिता-पुत्र ने की गोलीबारी, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मंसूरचक। थाना क्षेत्र के समसा दो पंचायत के वार्ड संख्या 11 के आगापुर चौक से लगभग सौ गज की दूरी पर दिन दहाड़े गोलीबारी की घटना के बाद अफरातफरी मच गयी। घटना के बाद मंसूरचक भगवानपुर सड़क को आधे घंटे भर के लिए जाम कर दिया गया। महिला सुलेखा देवी ने बताया कि सड़क से होकर गाली गलौज करते हुए बाइक से दो व्यक्ति जा रहे थे और जैसे घर से बाहर निकले कि हमारे घर में घुस गया और पचास हजार रुपये लेकर निकल रहा था विरोध करने पर वह गोली चलाने लगा। सुलेखा देवी ने बताया कि हमारे गांव के बगल में नवटोल गांव है और उसी गांव का कन्हैया चौधरी और उसका बेटा था जो बाइक सवार था और चलते चलते पिस्तौल निकाल कर लहराने लगा और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा। वहीं विनोद कुमार साह ने बताया कि जबतक में हम लोग समझते वह भाग और गांव वालों के साथ एकजुट होकर सड़क को जाम कर प्रशासन के खिलाफ में नारेबाजी करने लगे। वहीं थानाध्यक्ष अमित कुमार कांत, एएसआई कविता कुमारी, अजय कुमार सहित दल बल पहुंच कर मामले की छानबीन और छापेमारी में जुट गये है।

हत्या मामले में दोषी करार

बेगूसराय। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार तृतीय ने हत्या मामले की सुनवायी करते हुए अभियोजन साक्ष्य के आधार पर नावकोठी थाना क्षेत्र के समसा निवासी प्रभु महतो, चन्द्रकला देवी, पमपम महतो एवं सतीश कुमार को दोषी पाया। न्यायालय ने अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन करते हुए 302, 147, 148, 149 में अभियुक्तगण को दोषी पाया जबकि धारा 323, 448, 307 में अभियुक्तगण को निर्दोष घोषित किया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में अपर लोक अभियोजक दिलीप कुमार ने कुल आठ गवाहों की गवाही करवायी जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया। अभियुक्तगण पर आरोप है कि दिनांक 6 जून 2022 को 12:30 बजे रात्रि में सूचक का बेटा शंकर महतो को घेर कर मारपीट कर सर फोड़ दिया जिसका ईलाज के क्रम में 8 जून 2022 को पीएमसीएच पटना ले जाने दौरान रास्ते में ही मृत्यु हो गयी। न्यायालय में अधिवक्ता ब्रजनन्दन साहू एवं महेश गुप्ता ने बचाव पक्ष में बहस किया। अभियुक्त प्रभु महतो एवं चन्द्रकला देवी पति पत्नी है एवं अभियुक्त पम पम महतो और सतीश कुमार अभियुक्त प्रभु महतो एवं चन्द्रकला देवी का पुत्र है।

ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के 45 खिलाड़ी ले रहे प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अररिया के सौजन्य से शुक्रवार को नेताजी सुभाष स्टेडियम में एक रोमांचक मैच का आयोजन किया गया। खेल का विधिवत उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय के बाद किया। मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब के सचिव इश्तियाक आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि अररिया में युवा खिलाड़ियों की कमी नहीं है। इसलिए क्लब ने ये फैसला लिया है कि उभरते हुए खिलाड़ियों को निःशुल्क और आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के



45 बच्चे प्रशिक्षण प्रापत कर रहे है। उन्होंने कहा कि अररिया की पहचान पूरे देश में फुटबॉल को लेकर है। यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी पैदा हुए हैं। फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब पिछले कई वर्षों से निरंतर प्रयास कर रही है। मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष सत्यन शरण ने बताया कि निकट भविष्य में अररिया को एक बेहतरीन फुटबॉल टीम मिलेगा। बच्चों की खेल प्रतिभा को देखकर हमलोग पूरी तरह आश्वस्त है कि आने वाले दिनों में अररिया फुटबॉल में अपना खोया प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त होगा। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा खेल से बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास का रास्ता प्रशस्त होता है। आज का मैच उन खिलाड़ियों के दरम्यान हुआ जो यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। ये पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण है फिर जल्द ही दूसरे सत्र का प्रशिक्षण जल्द चालू हो जाएगा। मौके पर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष प्रो एएमए मुजीब, जकी अख्तर अंसारी, तंजील अहमद झुन्नू, चांद आज़मी, शकील अंसारी, राजेंद्र प्रसाद यादव अब्दुल गफ्फार, शादाब समीम, आनंद मोहन प्रसाद सिंहा गोपाल झा, साकिब अनवर के अलावा बड़ी संख्या में फुटबॉल प्रेमी मौजूद थे।

अगले डेढ़ वर्षों में पाइपलाइन से मिलेगी गैस : राधामोहन सिंह

भारत पेट्रोलियम ने किया शहरी गैस वितरण परियोजना का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। मोतिहारी में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा शहरी गैस वितरण परियोजना के तहत एमडीपीई गैस पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री व सांसद राधामोहन सिंह ने किया। इस अवसर पर सांसद ने बताया कि भारत सरकार देश को गैस आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य कर रही है। वर्ष 2030 तक प्राकृतिक गैस की खपत को 15% तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक देश में केवल 15,340 किमी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ही बिछाई गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में यह बढ़कर 25,000 किमी हो गई है, और 10,000 किमी अतिरिक्त पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है। 27 जून 2025 से मोतिहारी में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्राकृतिक गैस (घाक्व) की आपूर्ति हेतु अंडरग्राउंड एमडीपीई पाइपलाइन का कार्य प्रारंभ किया गया है। पीएनजीआरबी द्वारा भारत पेट्रोलियम को पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिलों में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना हेतु अधिकृत किया गया है। गोरखपुर से होकर देवरिया, सीवान, गोपालगंज, पिपराकोठी, मोतिहारी, बेतिया और रक्सौल तक स्टील पाइपलाइन डाली जा रही है।

गोरखपुर से देवरिया की सीमा तक का कार्य पूर्ण हो चुका है, और अगले डेढ़ वर्ष में सभी जिलों में गैस की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इसका लाभ न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगा, बल्कि होटल, रेस्टोरेंट और उद्योग भी इसका उपयोग कर सकेंगे। राधामोहन सिंह ने कहा कि प्राकृतिक गैस, एलपीजी की तुलना में सस्ती, अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक है। इससे उपभोक्ताओं को सिलिंडर भरवाने की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी। इस मौके पर भारत पेट्रोलियम के क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक प्रताप सिंह ने परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक प्रमोद कुमार, उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, गांधी संग्रहालय के सचिव चंद्रभूषण पांडेय, अमरनाथ साहू समेत बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

वास्तविक मतदाताओं को हो हरसंभव सुविधा, वृद्ध, बीमार दिव्यांगजन व वंचित न हों परेशान : उप निर्वाचन आयुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 को लेकर शुक्रवार को मोतिहारी के महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में तिरहुत एवं सारण प्रमंडल के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों व सहायक अधिकारियों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त भानु प्रकाश येतुरु, निदेशक मनोज सी. एवं सचिव पवन दीवान ने उपस्थित अधिकारियों को पुनरीक्षण संबंधी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उप निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वास्तविक मतदाता, विशेषकर वृद्ध, बीमार, दिव्यांग (घ्डक), गरीब व अन्य वंचित वर्गों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी और हर घर जाकर सत्यापन कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर में पूर्व-प्राप्त एन्यूमरेशन फॉर्म दो प्रतियों में वितरित किए जाएंगे और मतदाताओं को भरने में मार्गदर्शन दिया जाएगा। बीएलओ कम से कम तीन बार जाकर फॉर्म लेने का प्रयास करेंगे। इच्छुक मतदाता फॉर्म को ऑनलाइन डाउनलोड कर भर सकते हैं और संबंधित दस्तावेज अपलोड भी कर सकते हैं। फॉर्म 6, 6क, 7 और 8 के तहत प्राप्त सभी आवेदन एक्क की वेबसाइट पर प्रतिदिन अपडेट किए जाएंगे। आयोग ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें, जो बीएलओ के साथ सहयोग कर त्रुटियों को प्रारंभिक चरण में ही दूर कर सकें। मौके पर तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त राजकुमार, सारण प्रमंडल के आयुक्त राजीव रौशन सहित नौ जिलों के जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

फरार चल रहे दो लोगों के घरों में हुई कुर्की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने पूर्व के केश में फरार चल रहे दो लोगो के घरों में न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि कुर्था गांव निवासी सनी दयाल पासवान एवं सरेन गांव निवासी सोनारिका मांझी के घर कुर्की जब्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि इन लोगों के विरुद्ध पूर्व में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें ये लोग फरार चल रहे हैं। वहीं न्यायालय के आदेश पर दोनों के घरों में कुर्की जब्ती का तामिला कराया गया है।

सौतेले पिता ने की 10 साल के बच्चे की गला घोंटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के कसियावां गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक सौतेले पिता ने अपने 10 वर्षीय मासूम बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद भागने की कोशिश कर रहे आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। मृतक बच्चे की पहचान राकेश कुमार के रूप में हुई है वहीं आरोपित सौतेले पिता का नाम हनुमान चौधरी है, जो उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का निवासी और दिव्यांग बताया जा रहा है। घटना के बाद वह साइकिल से



भागने की फिराक में था, तभी ग्रामीणों ने उसे एकंगरसराय के पास पकड़ लिया और बुरी तरह पीट दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

ऐसे रची गई हत्या की कहानी

जानकारी के अनुसार, मृतक राकेश की मां गांवों देवी की पहली शादी नूरसराय निवासी शत्रुघ्न मांझी से 2014 में हुई थी। इस शादी से पांच बच्चे हुए। बाद में वह अपने पति को छोड़कर दो बच्चों राकेश और रीता को लेकर गोरखपुर चली गई और दिव्यांग हनुमान चौधरी से दूसरी शादी कर ली लेकिन कुछ समय बाद गांवों देवी ने हनुमान को भी छोड़ दिया और उसके भाई करन चौधरी के साथ चेन्नई चली गई। राकेश और रीता को नानी लखिया देवी के पास कसियावां गांव में छोड़ दिया। हनुमान चौधरी समय-समय पर बच्चों से मिलने क़सियामा आते रहता था। बताया जाता है कि घटना वाली रात नानी रिश्तेदार के यहां गई हुई थी। बेटी रीता पड़ोसी के घर सो रही थी और राकेश घर में अकेला था। इसी दौरान हनुमान ने राकेश का गला घोंटकर हत्या कर दी।

सुबह भागते समय ग्रामीणों ने दबोचा: सुबह आरोपित साइकिल से फरार होने की कोशिश कर रहा था। ग्रामीणों को शक हुआ तो पीछा कर एकंगर सराय में उसे पकड़ लिया और गांव लाकर जमकर पीटा। सूचना पाकर पहुंची हुलासगंज पुलिस ने आरोपित को भीड़ से छुड़ाया और इलाज के लिए हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं, बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

नानी की तहरीर पर केस दर्ज

मृतक की नानी लखिया देवी के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। हुलासगंज थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने अपने सौतेले बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित का इलाज चल रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और लोग आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

एसएफसी के लेखापाल राजेश कुमार के छह ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी

भारी मात्रा में दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। बिहार राज्य खाद्य निगम लिमिटेड (एसएफसी), मोतिहारी में पदस्थापित लेखापाल राजेश कुमार के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई, पटना ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ छह ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में राजेश कुमार के मोतिहारी स्थित सरकारी आवास, कार्यालय, हाजीपुर, पटना, मुजफ्फरपुर स्थित पैतृक आवास एवं एक रिश्तेदार के यहां एक साथ कार्रवाई की गई।

ईओयू टीम को छापेमारी के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज, संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से जुड़े कागजात और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, लेखापाल राजेश कुमार पर आय से 201.94 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। ईओयू की लंबी जांच और वर्षों से जारी पत्राचार व पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के लिए ईओयू पटना टीम ने न्यायालय से विधिवत सर्च वारंट प्राप्त किया था। एसएफसी मोतिहारी कार्यालय परिसर में छापेमारी की खबर से जिलेभर में हड़कंप मच गया। कार्यालय को चारों ओर से सुरक्षा घेरे में लेकर दस्तावेजों की गहन छानबीन की जा रही है। ईओयू की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ी प्रशासनिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। टीम की छानबीन जारी है और बरामद दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जिलाधिकारी के जनता दरबार में सुनी गईं 61 जन समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जैसा कि ज्ञात हो प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर, शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। आज के जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान कुल 61 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें प्रमुख रूप से –भूमि विवाद एवं अतिक्रमण,प्रधानमंत्री आवास योजना, बंदोबस्त एवं भू-अर्जन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विद्युत



आपूर्ति, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड पंजीकरण, नल-जल योजना से संबंधित मुद्दे शामिल रहे।उप विकास आयुक्त द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना गया एवं संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त सभी मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अधिनियम से बाहर के मामलों को भी शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र प्रसाद, वरीय उप समाहर्ता नेहा, होमा इरफान, डीआरडीए निदेशक रोहित कुमार मिश्रा, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूनम कुमारी, सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग माला कुमारी सहित कई अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

परसौनी वाजिद में एमएमडीपी क्लिनिक का उद्घाटन, रोगियों को किट वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)। कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, परसौनी वाजिद में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एमएमडीपी क्लिनिक का उद्घाटन किया गया।



इस अवसर पर डॉ. वेद प्रकाश, मुखिया पति कृष्ण महतो एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से क्लिनिक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान 16 फाइलेरिया रोगियों की जांच की गई और उन्हें एमएमडीपी किट प्रदान की गई। रोगियों को फाइलेरिया रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और एमएमडीपी किट के उपयोग को लेकर प्रायोगिक प्रदर्शन (डेमो) के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित किया गया। किट के प्रभावी उपयोग और नियमित देखभाल के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश साझा किए गए। जिला स्तर से आए पिरामल स्वास्थ्य संस्था के प्रतिनिधि धीरेंद्र प्रसाद ने न केवल फाइलेरिया बल्कि कालाजार से बचाव और जागरूकता को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीआरआई सदस्य, एएनएम, फैसिलिटेटर पूनम कुमारी, सभी आशा कार्यकर्ता, जीविका समूह की महिलाएं, यूनिसेफ से विनय कुमार एवं पंकज कुमार, फ़ेथ लीडर, यूथ वॉलंटियर्स तथा पिरामल संस्था के कार्यक्रम पदाधिकारी सुमित कुमार और पप्पू कुमार की सराहनीय भूमिका रही। स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और फाइलेरिया उन्मूलन के इस प्रयास को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

एक नजर

सर्पदंश से तीन वर्षीय मासूम की मौत

कोटवा (पूर्वी चंपारण)। कोटवा थाना क्षेत्र के करिया पंचायत अंतर्गत जागीर करिया वार्ड संख्या-3 में तीन वर्षीय मासूम की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मेघु मुखिया के पुत्र धीरज कुमार के रूप में की गई है। मंगलवार को दोपहर के समय धीरज अपने घर के बाहर खेल रहा था, इसी दौरान उसे सांप ने डंस लिया। लेकिन बच्चा दर्द को समझ नहीं पाया और परिजनों से सिर्फ इतना कहा कि पैर में कांटा चुभ गया है। काफी समय बीत जाने के बाद जब बच्चे को उल्टी और बेचैनी होने लगी, तब परिजन स्थिति को गंभीर मानते हुए आनन-फानन में सदर अस्पताल, मोतिहारी लेकर पहुंचे लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने धीरज को मृत घोषित कर दिया।

मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मासूम की असामयिक मौत से पूरा इलाका गमगीन है। इस दुखद घटना की जानकारी वार्ड सदस्य रामाकांत मुखिया ने दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं सर्पदंश से बचाव हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने की मांग की है।

घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

`चिरैया (पूर्वी चम्पारण)। ढाका-मोतिहारी मुख्य पथ पर स्थित मीरपुर गांव के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि सुबोध पांडे (25 वर्ष), पिता शिव चंद्र पांडे, निवासी श्रीपुर, छौड़ादानो थाना क्षेत्र, अपनी स्प्लेंडर बाइक से ढाका से मोतिहारी जा रहे थे। इसी दौरान मनरेगा पार्क के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक का सिर फट गया और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। राहगीरों ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल, ढाका में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की बाइक को जब्त कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा गया है। ट्रक चालक फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

19 कार्टन विदेशी शराब जब्त, धंधेबाज गिरफ्तार

कोटवा। कोटवा थाना क्षेत्र के वनवीरवा ईदगाह के पास बुधवार देर रात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 19 कार्टन विदेशी शराब जब्त की है। इस दौरान एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अमरेश पासवान, निवासी जसौली पट्टी, गोसाईबारी के रूप में हुई है। छापेमारी के दौरान दो अन्य तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। दरोगा शिवरूप राम के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में बताया गया कि सूचना मिलने पर दीपउ कट के समीप बाइक और ई-रिक्शा से शराब की खेप लाने की पुष्टि हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ऑफिसर चॉइस 180 एमएल की 887 पीस फ्रूटी पैक जब्त की, जिसकी कुल मात्रा 159.48 लीटर बताई गई है। फरार तस्करों में एक रामबाबू यादव, निवासी कोइरगांव, कोटवा थाना क्षेत्र, और दूसरा मोती पासवान, निवासी गोसाईबारी बताया गया है। थानाध्यक्ष प्रत्यूष कुमार विक्की ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर और दोनों फरार आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

अड्डा बाजार के दो घरों में चोरी, लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर चोर फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पीपराकोठी। थाना क्षेत्र के अड्डा बाजार स्थित मुर्दाचक गांव में गुरुवार की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह वारदात तब हुई जब दोनों घरों के परिवार अपने-अपने निवास स्थान से बाहर थे।

घटना की जानकारी तब हुई जब शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने घर के दरवाजे खुले और सामान बिखरा हुआ देखा। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। चोरों ने विपिन प्रसाद और नवलकिशोर प्रसाद के घर में इस वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार, विपिन प्रसाद गुरुवार को अपने पूरे परिवार के साथ जयगांव गए थे, जबकि नवलकिशोर प्रसाद बुधवार को नेपाल के हथौड़ा गांव गए हुए थे। घर सुनसान देख चोरों ने मौके का फायदा उठाया।

चोरों ने दोनों घरों की अलमारी, पेटी व बक्सों को तोड़कर उसमें रखे नकद, आभूषण और कीमती सामान चुरा लिए। चोरी गई संपत्ति की अनुमानित कीमत लाखों में बताई जा रही है। हालांकि, वास्तविक नुकसान का आंकलन पीड़ित परिवारों के लौटने के बाद ही हो सकेगा।

सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ में जुट गई है।

स्थानीय लोगों ने इलाके में बढ़ते चोरी की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई है और रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजलीपुर गांव में शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायल हुए लोगों की पहचान लालबाबू यादव, टुनटुन यादव और राजू यादव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के देवी मंदिर परिसर में विवादित जमीन को लेकर पंचायत चल रही थी, इसी दौरान बात इतनी बढ़ गई कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही 112 पुलिस सहायता वाहन मौके पर पहुंचा और सभी घायलों को इलाज के लिए मखदुमपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। इस मामले में घायल राजू यादव के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रंगदारी व जमीन कब्जा कांड में चार आरोपितों ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

हरैया। हरैया थाना क्षेत्र में दर्ज रंगदारी और जबरन जमीन कब्जा करने के मामले में फरार चल रहे चार आरोपितों ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। यह कार्रवाई हरैया थाना कांड संख्या 63/25 दिनांक 20/05/25 के तहत बीएनएस की धारा 308(4)/351(2) के अंतर्गत दर्ज मामले में हुई। थानाध्यक्ष की लगातार दबिश और सख्ती के कारण आरोपितों को कोर्ट में सरेंडर करने के लिए बाध्य होना पड़ा। आत्मसमर्पण करने वालों में शामिल हैं: मोनू कुमार सिंह एवं सोनू कुमार सिंह, पिता - देवबरत सिंह और वीरेंद्र सिंह, पिता - चंद्रिका सिंह (तीनों निवासी - चिकनी, थाना हरैया) और पवन कुमार यादव, पिता - विरजलाल यादव (निवासी - जोकियारी, थाना रक्सौल)। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

बहुजन भीम संकल्प समागम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में, राजगीर में 29 जून को होगा ऐतिहासिक आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा आगामी 29 जून को राजगीर (नालंदा) में आयोजित किए जा रहे बहुजन भीम संकल्प समागम को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इसी क्रम में जिला अतिथि गृह में जिला अध्यक्ष प्रिंस कुमार की अध्यक्षता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष सह पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष रानी चौधरी ने कहा कि 29 जून बहुजन समाज के लिए एक ऐतिहासिक दिन साबित होगा। देश का बहुजन समाज एक मजबूत नेतृत्व की प्रतीक्षा में है और यह रैली उस दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने दावा किया कि जहानाबाद जिले से लगभग 25 हजार समर्थक राजगीर में होने वाले समागम में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। प्रेस वार्ता को प्रदेश महासचिव संजय चौधरी, बक्सर जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह, पटना जिला अध्यक्ष चंदन यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठन की मजबूती और बहुजन समाज की भागीदारी को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आरा जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान, कैमूर जिला अध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव, महिला प्रदेश महासचिव विनीता सिंह, युवा नेता सनी चौहान, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुंदन कुमार समेत सभी प्रखंड एवं पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।

जहानाबाद में राजद नेता डॉ. अजीत कुमार यादव आज होंगे भाजपा में शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिले की राजनीति में एक बड़ा उलटफ़ेर देखने को मिला है। राजद के चर्चित नेता डॉ. अजीत कुमार यादव भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने जा रहे हैं। वे अपने करीब 300 समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पटना भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। मीडिया से बात करते हुए डॉ. यादव ने बताया कि उनकी इच्छा थी कि उनका भाजपा में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम जहानाबाद में भव्य रूप से आयोजित किया जाए, लेकिन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष स्वर्गीय सोहन प्रसाद उर्फ कक्कू जी के असामयिक निधन के चलते कार्यक्रम को पटना स्थानांतरित करना पड़ा।राजद छोड़ने के अपने कारणों पर उन्होंने साफ कहा कि उन्हें पार्टी में सम्मान और अपेक्षित स्थान नहीं मिल रहा था। डॉ. यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' और सनातन धर्म के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। अब मैं राष्ट्र निर्माण की दिशा में भाजपा के साथ नई ऊर्जा से काम करूंगा।

बिजली तार की चोरी से पेयजल संकट गहराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 के लोगों को इन दिनों भारी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। दरधा नदी किनारे स्थित जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी की बिजली आपूर्ति लाइन को चोरों ने 14 जून की रात काट लिया, जिससे टंकी का संचालन पूरी तरह ठप हो गया है। पम्प संचालक रौशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोज़ाना की तरह सुबह टंकी चालू करने पहुंचे तो बिजली आपूर्ति बाधित पाई गई। जांच करने पर पता चला कि बिजली का मुख्य तार चोरी हो चुका है। इस मामले की सूचना तत्काल संबंधित ठेकेदार को दी गई, जिनके निर्देश पर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

हालांकि अब तक बिजली का तार दोबारा नहीं जोड़ा गया है, जिससे वार्ड 18 की पूरी पेयजल आपूर्ति बाधित है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह टंकी शुरू से ही नियमित जल आपूर्ति में विफल रही है और अब तार चोरी के बाद पूरी व्यवस्था ठप हो गई है। गर्मी और उमस के बीच लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।

गहवा माई मंदिर से निकली भव्य रथयात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रक्सौल/बीरगंज (पूर्वी चंपारण)। नेपाल के बीरगंज स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ गहवा माई मंदिर से शुक्रवार को भव्य रथ यात्रा निकाली गई। इस पावन अवसर पर भारत और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों सहित कई जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे। रथ यात्रा में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन गहवा माई मंदिर के नवनिर्मित भवन के 13 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। यह रथ यात्रा उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी मंदिर की परंपरा से प्रेरित होकर निकाली जाती है। खास बात यह रही कि लकड़ी से निर्मित रथ को श्रद्धालुओं ने खींचते हुए पूरे नगर में परिभ्रमण कराया। गहवा माई मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि यह यात्रा आस्था, एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। रथ यात्रा को लेकर नगर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। हर चौक-चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती रही, वहीं श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शीतल पेयजल का भी प्रबंध किया गया था

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने पारदर्शी मतदाता सूची बनाने पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



पुनरीक्षण की महत्ता पर बल

डीएम श्री शास्त्री ने बताया कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य है–हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए और अयोग्य नामों को हटाया जाए। उन्होंने इसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की बुनियाद बताते हुए कहा कि वर्ष 2003 के बाद यह राज्य में पहला व्यापक पुनरीक्षण है।

मतदान केंद्रों का युक्तिकरण और प्रारूप सूची बैठक में बताया गया कि मतदान केंद्रों का पुनर्गठन 1200 मतदाताओं के औसत के आधार पर किया जाएगा। प्रारूप सूची 30 जून 2025 को सभी मान्यता प्राप्त दलों को सौंपी जाएगी। सुझाव और आपत्तियों पर विचार कर समुचित संशोधन किए जाएंगे।

बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन और डिजिटल प्रक्रिया

पुनरीक्षण कार्य के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। एन्यूमरेशन फॉर्म दो प्रतियों में वितरित कर मार्गदर्शन भी देंगे। इच्छुक मतदाता फॉर्म को ऑनलाइन डाउनलोड और अपलोड कर सकते हैं। प्राप्त दस्तावेजों को बीएलओ द्वारा BLO/ECI Net ऐप पर अपलोड किया जाएगा।

वंचित वर्गों को विशेष सुविधा

डीएम ने निर्देश दिए कि वृद्ध, दिव्यांगजन, बीमार, गरीब और अन्य वंचित वर्गों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जाए।

निर्वाचक पंजीकरण के दस्तावेजी प्रावधान

जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले हुआ है, उन्हें जन्म की तिथि या स्थान संबंधी प्रमाण देना होगा। 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे व्यक्ति को स्वयं या माता-पिता में से किसी एक का दस्तावेज, जबकि 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे को दोनों अभिभावकों के दस्तावेज देने होंगे। विदेशी नागरिकता वाले अभिभावकों के मामले में पासपोर्ट एवं वीजा की प्रमाणित प्रतियां आवश्यक होंगी।

अनुवर्ती निगरानी और प्रतिवेदन व्यवस्था

सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नियमित क्षेत्रीय निरीक्षण करेंगे और दैनिक रिपोर्ट क्ट्र को सौंपेंगे, जो आगे जिला निर्वाचन पदाधिकारी को समेकित रिपोर्ट भेजेंगे।

कार्यक्रम की समयावधि

यह विशेष पुनरीक्षण अभियान 25 जून से 26 जुलाई 2025 तक चलेगा। अर्हता तिथि 1 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। 30 सितंबर 2025 तक दावा-आपत्तियों व अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

राजनीतिक दलों से भागीदारी की अपील

बैठक में सभी राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर पुनरीक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई, ताकि त्रुटियों को प्रारंभिक स्तर पर ही दूर किया जा सके।

झिकटिया हत्याकांड में बड़ा खुलासा: पत्नी और प्रेमी ने रची थी साजिश, पिस्टल दिखाकर करता था घर में घुसपैठ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। बंदेया थाना क्षेत्र अंतर्गत झिकटिया गांव के समीप हुए युवक बिक्कू कुमार की हत्या मामले में शुक्रवार को मृतक के पुत्र सौरभ कुमार और मां सविता देवी ने पुलिस के समक्ष सनसनीखेज खुलासा किया। मृतक के पुत्र सौरभ ने बताया कि जब उसके पिता मजदूरी के लिए बाहर जाते थे, तब कमलेश यादव नामक व्यक्ति अक्सर घर में घुस आता था और उसकी मां पूजा देवी के साथ जबरन संबंध बनाता था। विरोध करने पर वह बच्चों को पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देता था। मृतक की मां सविता देवी ने आरोप लगाया कि हत्या के दिन पूजा देवी बहाने से अपने पति बिक्कू को दवा लाने के बहाने घर से बाहर ले गईं। पहले से तय योजना के तहत रफीगंज थाना क्षेत्र के कर्मा मसूद गांव निवासी कमलेश यादव स्कॉर्पियो लेकर पहले ही रास्ते में मौजूद था। पूजा देवी ने जबरन बिक्कू को स्कॉर्पियो में बैठाया और सुनसान इलाके में ले जाकर पहले मारपीट की गई, फिर वाहन से कुचलकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद पूजा देवी ने घर लौटकर परिजनों को भ्रमित करने की कोशिश की और फूआ घर जाने की बात कहकर मामले को दबाने का प्रयास किया। लेकिन जब सुबह मृतक का शव मिला और पूजा द्वारा दी गई जानकारी संदिग्ध लगी, तब पुलिस ने जांच तेज की। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने टेक्निकल सर्विलांस और मानवीय अनुसंधान के आधार पर जब कॉल डिटेल खंगाला, तो अंतिम कॉल कमलेश यादव और पूजा देवी के बीच होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने संदेह के आधार पर पूजा देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने पूरे घटनाक्रम को कबूल लिया।

बताया जाता है कि पूजा देवी चार बच्चों की मां है वहीं आरोपित कमलेश यादव अब भी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। गांव और आसपास के इलाके में इस हत्याकांड को लेकर दहशत और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

आज गोह में सात घंटे तक बाधित रहेगी बिजली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह(औरंगाबाद)। प्रखंड मुख्यालय के इफको गोदाम से लेकर एसबीआई बैंक तक हाईटेंशन तार का केबलिंग शिफ्ट का कार्य किया जाएगा। जिससे शनिवार गोह टाउन फीडर के छह ट्रांसफार्मरों की बिजली सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगी। जानकारी देते हुए कनीय अभियंता सूरज कुमार ने बताया कि सभी उपभोक्ता समय से पहले कार्य संपन्न कर लें। पुंदौल, न्यू एरिया, गोलापर तक बिजली सात घंटे तक प्रभावित रहेगा।

स्वच्छ बिहार 2025 के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान के लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के जिला समन्वयक अजीत शरण ने बताया कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की स्थिति का आकलन करने और सुधारने का कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य खुले में शौच से मुक्ति (ओडीएफ) प्लस मॉडल को बनाए रखना तथा ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन को लागू करके पूर्ण स्वच्छता की दिशा में आगे बढ़ना है। यह



सर्वेक्षण 15 जून से 14 अगस्त तक चलेगा, जिसमें गांवों, घरों और सार्वजनिक स्थानों पर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, मल कीचड़ प्रबंधन, गोबरधन संयंत्र, नागरिक प्रतिक्रिया, स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग साइटों की कार्यक्षमता का आकलन किया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मियों से इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही। इस मौके पर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार, मुखिया मनजीत कुमार यादव, श्याम बिहारी राय, हिमांशु देवी, मीना कुमारी, सरून कुमार पासवान, अरविंद पासवान, पंचायत सचिव विजय कुमार प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक कुंदन कुमार, मोहम्मद रेयाजुद्दीन, संतन कुमार सिंह, अमित कुमार मालाकार आदि लोग उपस्थित थे।

डूबने से किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के केवटिया गंगा नदी घाट पर 17 वर्षीय सुमित कुमार की डूबने से मौत हो गई। किशोर की पहचान धोबहा थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव निवासी गौतम उपाध्याय के पुत्र के रूप में की गई थी। गुरुवार शाम अपने तीन साथियों के साथ गंगा घाट पर स्नान करने आया था। स्नान के दौरान गहरे पानी में चला गया। उसके साथी उसको डूबते देख चिलाने लगे। गहरे पानी में गोता लगाने की किसी में हिम्मत नही थी। शुक्रवार सुबह उसका शव नदी घाट पर उपलाते देखा गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुचीं।

परिसीमन बचाओ महारैली को सफल बनाने हेतु गांव-गांव पहुंचे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा(औरंगाबाद)। हसपुरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने 29 जून, रविवार को गया के गांधी मैदान में प्रस्तावित परिसीमन बचाओ महारैली को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने धूसरी, अल्पा, महुआड़, धमनी, मलहरा, डिंडीर, डुमरा, रतनपुर, अमझर शरीफ, झिंगुरी समेत दर्जनों गांवों में लोगों से संपर्क कर रैली में भारी संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक रैली का उद्घाटन राष्ट्रीय लोक मोर्चा के



राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद आदरणीय उपेंद्र कुशवाहा करेंगे। रैली में पार्टी के राष्ट्रीय और बिहार प्रदेश के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि वर्ष 2026 में देशभर में परिसीमन सुधार प्रस्तावित है। इसको लेकर उपेंद्र कुशवाहा बिहारवासियों को जागरूक करते हुए यह संदेश देना चाहते हैं कि लोकसभा और विधानसभा में बिहार की हिस्सेदारी बढ़े, ताकि राज्य को उसका हक मिल सके। जनसंपर्क अभियान में प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, मुखिया सत्येंद्र पासवान, रामबली सिंह, बिजेंद्र सिंह, संतोष शर्मा, उदय मेहता, राकेश कुमार, राजू कुमार वर्मा, राजेश कुमार, अखिलेश सिंह, वेंकटेश शर्मा, तथा शत्रुघ्न प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय रहे। गांवों में रैली को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। लोग गांधी मैदान पहुंचकर अपने हक और अधिकार के लिए एकजुटता दिखाने को तैयार हैं।

पूर्व विधायक सत्यदेव कुशवाहा को पटेल सेवा संघ ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। पटेल सेवा संघ की ओर से शुक्रवार को पटेल चौक, हसपुरा में कुर्था विधानसभा के पूर्व विधायक सत्यदेव कुशवाहा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता प्रियदर्शी महिपाल राव चौहान ने की। सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने सत्यदेव कुशवाहा को सादगी, सेवा और संघर्ष का प्रतीक बताते हुए कहा



कि वे जीवनभर ग्रामीण परिवेश में रहते हुए जनता के बीच सक्रिय रहे। हृदयानंद सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, पंसस धनंजय कुमार मुन्ना, शिवबचन सिंह, आनंद कुमार सिंह, आत्मा सिंह, देवेंद्र सिंह, अजय सिंह, ब्रजेश सिंह, सिवेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वे विधायक नहीं, खुद को जनसेवक मानते थे। वक्ताओं ने बताया कि दिवंगत सत्यदेव बाबू ने अरवल की सोन नदी पर पुल निर्माण के लिए विधानसभा में प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद लोग उन्हें पुलिया बाबा के नाम से जानने लगे थे। श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय लोगों के साथ-साथ कई सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल हुए, जिन्होंने उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

10 जुलाई को किसान मजदूर मोर्चा निकालेगा जन आक्रोश मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित धरनास्थल पर किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 164वें दिन भी जारी रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता लड्डू खान एवं डॉ. तुलसी यादव ने की, जबकि संचालन सत्येंद्र यादव ने किया। बैठक में किसान मजदूर मोर्चा मगध के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया कि 10 जुलाई को धरना आंदोलन के छह महीने पूर्ण होने पर जन आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। मार्च की शुरुआत धरनास्थल से डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण



के साथ होगी। इसके बाद मार्च पूरे शहर में भ्रमण करेगा और डाक बंगला स्थित कॉमरेड इशियाक खान की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पुनः धरनास्थल पर समापन किया जाएगा। आंदोलनकारी नेताओं ने कहा कि छह माह से लगातार जारी यह धरना अब आम जन की आवाज बन चुका है और जन आक्रोश मार्च के माध्यम से सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. शिवनंदन यादव, चंद्रशेखर प्रसाद यादव, विशुन यादव, परीखा यादव, विनोद दास, जयप्रकाश प्रजापति, समीर सिन्हा, विकास कुमार, उमेश सिंह मेहता, बालकुमार यादव, लालधारी यादव, भोला प्रसाद वर्मा, महेश यादव, और संजीव कुमार सूर्यदेव यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे। आंदोलनकारियों ने आमजन से भी 10 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में मार्च में शामिल होकर आवाज बुलंद करने की अपील की है।

मारपीट में महिला सहित तीन जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। हसपुरा थाना क्षेत्र के पथरौर गांव में गुरुवार की देर शाम विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष से दो महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में 68 वर्षीय गणेश पासवान, 28 वर्षीया बहू निभा देवी, 21 वर्षीया पुत्री गीता देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों ने उपचार किया। सदर अस्पताल में घायल बहू ने बताया कि आपसी विवाद में गांव के गुप्तेश्वर यादव, रविंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, मधेश्वर यादव ने मारपीट किया है। डंडे से सिर पर वार कर घायल कर दिया। बताया कि घटना की सूचना थाने को दी गई है। इस घटना में दूसरे पक्ष से भी कुछ लोगों के घायल होने की सूचना हैं, लेकिन संपर्क न होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका हैं।

श्रद्धा और भक्ति भाव में निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। हुलासगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण, बलराम और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली गई। धार्मिक उल्लास, श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रथ यात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से हुई, जो गोपुरम द्वार होते हुए संस्कृत महाविद्यालय परिसर तक पहुंची। वहां आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती कर रथ को आगे रवाना किया गया। रथ यात्रा मुख्य बाजार मार्ग से गुजरते हुए स्थानीय जनमानस को दर्शन देती रही।

यात्रा के दौरान मार्ग पर सेवादारों द्वारा झाड़ू लगाते हुए सेवा की परंपरा निभाई गई, वहीं भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। स्त्रियाँ पारंपरिक वेशभूषा में मांगलिक गीत गाती हुई रथ के साथ चल रही थीं। घंटियों और घड़ियालों की गूंज से पूरा इलाका गुंजायमान हो गया।

कुर्की वारंट के आधार पर मुकेश चौधरी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा पुलिस ने गुरुवार की रात कुंजा बिगहा गांव निवासी मुकेश चौधरी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकेश चौधरी, पिता छोटेलाल चौधरी, के खिलाफ कोर्ट से कुर्की वारंट जारी किया गया था। इसी क्रम में पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी कर उसे दबोच लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा प्रतिदिन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, और फरार व वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। आगामी चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य भर में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को औरंगाबाद शहर के गांधी मैदान के खेल भवन परिसर में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज द्वारा



किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न खेल संगठनों से जुड़े सैकड़ों खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल पदाधिकारियों ने भाग लिया। उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुमार पप्पू राज ने लोकतंत्र में मतदान की अहमियत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विशेष रूप से युवाओं और प्रथम बार मतदाताओं को प्रेरित करने की आवश्यकता है ताकि वे जागरूक मतदाता बनें और गर्व के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को 'मतदाता शपथ' दिलाई गई, जिसमें सभी ने निष्पक्ष, निर्भीक और समझदारी के साथ मतदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की साथ ही, यह संकल्प भी लिया कि वे अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी दिनेश तिवारी, सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई अनिता कुमारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग महेशानंद, जिला युवा अधिकारी सहित अनेक विभागीय पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने भी कार्यक्रम के उद्देश्यों की सराहना करते हुए इसे लोकतंत्र की सशक्तिकरण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह अभियान एसवीईईपी कार्यक्रम की एक सशक्त कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है, जिसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों - विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं प्रथम बार मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी दिनों में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों एवं सामुदायिक स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे।

अष्टभुजी धाम में महाआरती का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर पटना कैनाल के उतरी छोर पर ग्राम पिपरा में अष्टभुजी धाम के प्रांगण में आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्रि के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया। अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन संयोजक सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। महाआरती के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष, सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के अध्यक्ष, महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह एवं बारुण प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज



अग्रवाल की गरिमामई उपस्थिति रही। योग्य आचार्यों के सान्निध्य में माता अष्टभुजी एवं मंदिर परिसर स्थित सभी देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात अष्टभुजी माता के विभिन्न लीलाओं से संबंधित आरती का गान किया गया। समिति के लिए गए निर्णय के आलोक में हर माह महाआरती की जाएगी। उपाध्यक्ष अजय कुमार, सचिव राजा दिलीप सिंह, उपसचिव रामेश्वर भगत कोषाध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता सहित सैंकड़ों ग्राम वासियों ने महाआरती के आयोजन में विशेष सहभागिता निभाई। मुख्य अतिथि मनोज अग्रवाल ने बताया कि अष्टभुजी धाम महोत्सव को कला संस्कृति विभाग से दर्जा दिलाने की जो अनुशंसा करने की बात थी उसमें मैंने तत्परता निभाई। मेरा पूरा प्रयास होगा कि इस स्थल का समुचित विकास हो सके। महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह ने संबोधन के क्रम में कहा कि बारुण प्रखंड का अष्टभुजी धाम धार्मिक संप्रेषणाओं से युक्त अत्यंत ही पवित्र एवं मनोहरी स्थल है। इस धाम को कला संस्कृति विभाग से दर्जा दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है। 15 दिनों के अंदर पिपरा के प्रांगण में मेदांता हॉस्पिटल के सान्निध्य में स्वास्थ्य शिविर लगाने की बात कही। स्वास्थ्य शिविर के लिए तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। मौके पर लक्ष्मण सिंह, लालमोहर प्रजापति,अक्षय लाल गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, चुन्नीलाल, त्रिवेणी राम सहित अन्य उपस्थित थे।

जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से सड़क बदहाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के नेकनामटोला पंचायत अंतर्गत शालिग्राम सिंह टोला गांव स्थित हरिवंश बेदामों उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय प्रांगण में समाजसेविका सोनाली सिंह द्वारा महिला चौपाल का आयोजन किया गया। इसमे क्षेत्र की 1000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। सोनाली ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान पर विशेष चर्चा की। जहां क्षेत्र की बदहाल सड़क, स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा और रोजगार की कमी जैसी गंभीर समस्याओं को महिलाओं ने उठाया। मौजूद महिलाओं ने भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के कार्यकाल पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अब तक क्षेत्र में कोई ठोस विकास नहीं हुआ है। शालिग्राम सिंह के टोला की सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि गर्भवती महिलाओं को रात में अस्पताल ले जाना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि ना तो स्थानीय एमएलसी राधाचरण साह और ना ही बार-बार विधायक बने राघवेंद्र प्रताप सिंह ने इस पर ध्यान दिया जो काफी निराशाजनक है। समस्याओं को सुनने के बाद सोनाली सिंह ने आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के समक्ष रखेंगी और खुद भी प्रयास करेंगी कि इन समस्याओं का जल्द समाधान हो। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं की आपबीती सुनती हूं तो दिल दहल जाता है।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फ़त आईआरईपीएस पोर्टल के जरिये ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण नीचे दिया गया है:- **नीलामी की श्रेणी:** पार्सल की जगह को पट्टे पर देना (एसएलआर)। **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या:** एएसएन-पीएआरसी-110725। **ई-नीलामी शुरू होने की तारीख:** 11.07.2025 को सुबह 11:00 बजे। **ट्रेन संख्या एवं एसएलआर:** 1. 15925 (देवघर जंक्शन-डिब्रूगढ़) एफएसएलआर-1। 2. 22459 (मधुपुर जंक्शन-आनंद विहार टर्मिनल) एफएसएलआर-1। 3. 12235 (मधुपुर जंक्शन-आनंद विहार टर्मिनल) एफएसएलआर-1। 4. 13509 (आसनसोल जंक्शन-गोंडा) आरएसएलआर-1। 5. 11428 (जसीडीह जंक्शन-पुणे) एफएसएलआर-1। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सम्पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें और दी गई अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लिखित ई-नीलामी के तहत भाग लें।

(ASN-98/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

बाढ़ राहत समन्वय संगोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दानापुर। झारखंड व बिहार सब एरिया मुख्यालय की ओर से शुक्रवार को बीआरसी में बाढ़ राहत समन्वय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल विकास भारद्वाज (वीएसएम)ने कहा कि जहां एक ओर सशस्त्र बलों की प्राथमिक भूमिका राष्ट्र की सुरक्षा है। वहीं वे आपदा राहत में नागरिक प्रशासन की सहायता हेतु सदैव तत्पर और तैयार रहते हैं। उन्होंने बीएसडीएमए, एनडीआरएफ एसडीआरएफ, राज्य पुलिस व अन्य हितधारकों की क्षमता और दक्षता में निरंतर विकास की सराहना की। जिससे वे बाढ़ राहत अभियानों को अत्यधिक पेशेवर तरीके से संचालित कर रहे हैं और बहुमूल्य जीवन की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में वर्ष 2017 के बाद से सेना को किसी भी बाढ़ राहत कार्य हेतु नहीं बुलाया गया है, जो कि अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आवश्यकता पड़ने पर सेना पूरी तरह से तैयार है और जमीनी स्तर तक समन्वय और तालमेल की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। यह संगोष्ठी हमारी तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेना द्वारा फ्लड रिलीफ रिस्पॉन्स सेंटर्स सभी सैन्य स्टेशनों पर क्रियाशील हैं और बीएसडीएमए, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसएसबी, पुलिस व अन्य एजेंसियों के साथ संचार प्रणाली स्थापित की गई है। नियमित सूचना प्रवाह और वास्तविक समय पर जानकारी साझा करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकारी के अध्यक्ष डा उदय कांत ने कहा कि संसाधनों के मैपिंग हेतु तकनीकी नवाचार और उन्हें एक साझा प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराना। साथ ही मौसम की प्रारंभिक चेतावनी देने वाला मोबाइल ऐप, रियलटाइम अपडेट प्रदान कर रहा है और यह अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। बाढ़ राहत कार्य एक संपूर्ण अभियान है। जिसमें अनेक एजेंसियों की सक्रिय भूमिका होती है और उनके बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक होता है। संगोष्ठी के माध्यम से एक मंच पर लाकर आवश्यक कार्यात्मक समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। संगोष्ठी में एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों, एडीजी एनसीसी ने अपनी तैयारियों और क्षमताओं के उन्नयन के बारे में जानकारी दी। साथ ही अन्य एजेंसियों के साथ तालमेल बनाए रखने पर बल दिया। डीएमडी, पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने अवगत कराया कि विस्तृत मानव संचालन प्रक्रिया (एसओपीएस) तैयार कर लागू कर दी गई। भारतीय सशस्त्र बलों की तैयारियों की जानकारी सेना के संबंधित सेक्टर कमांडरों व वायुसेना स्टेशन बिहटा के स्टेशन कमांडर द्वारा प्रस्तुत की गई। एडीजी एनसीसी ने राज्य में प्रशिक्षित और उपलब्ध एनसीसी कैडेट्स की जानकारी दी। जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर कम से कम समय में राहत कार्यों में लगाया जा सकता है। सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल एके चौधरी ने भी बाढ़ राहत कार्यों में पूर्व सैनिकों की क्षमताओं के उपयोग के संदर्भ में अपने विचार साझा किए। डीजीपी विनय कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इस पहल की प्रशंसा व आभार व्यक्त करते हुए किया गया। उन्होंने सेना विशेष रूप से झारखंड व बिहार सब एरिया द्वारा मुख्यालय एमबी एरिया, सेंट्रल कमांड के अंतर्गत सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने और प्रभावी समन्वय स्थापित करने की इस पहल को बाढ़ राहत अभियानों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।संगोष्ठी में विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों ने भाग लिया। जो आगामी मानसून सत्र के दौरान बाढ़ राहत कार्यों के लिए उत्तरदायी हैं।

चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कर्पूरी चौक के शाही पैलेस के पास गुरुवार की शाम को मसौढ़ी पुलिस ने एक चोरी के बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है की देर शाम को वाहन चेकिंग चल रही थी उसी वक्त बाइक पर सवार एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस ने पकड़ा और पूछताछ करते हुए जानकारी लिए तो पता चला की बाइक का नंबर प्लेट पर कट छट किया हुआ था, संदेह के आधार पर जांच की गई तो पता चला कि यह पुनपुन थाना कांड संख्या 15 /22 के दिनांक 9 01.2022 को ही बाइक चोरी का मामला दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी के नाम अमरजीत कुमार पिता राजनंदन यादव बारावां पाली जहानाबाद को बताया जाता है।

एक नजर

टेम्पो समेत 100 लीटर देसी शराब जब्त

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिस सीएनजी टेंपो पर सवारी को ढोना था, उस सीएनजी टेंपो से शराब सप्लाई कर रहा था, ऐसे में शुक्रवार की दोपहर एक्साईज पुलिस के हत्थे देसी शराब के साथ दो सप्लायर चढ़ गए हैं। पुनपुन थाना क्षेत्र के पुनपुन बांध के पास 100 लीटर देसी शराब के साथ दो सप्लायर गिरफ्तार किये गये है, जिनमें विशू कुमार उम्र 22 वर्ष पिता दिनेश चौधरी उधमपुर खगौल का रहने वाला है। जबकि दूसरा आशिक कुमार पिता संजय राम संग्रामपुर विक्रम का रहने वाला है एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि बेहरावां चकिया से पटना सप्लाई करने जा रहे थे जिसे गुप्त सूचना के आधार पर पुनपुन बांध के पास से सीएनजी ऑटो में लदा हुआ दो बड़े पॉलिथीन में 100 लीटर अवैध देशी शराब को जप्त किया गया है।

लशगरीचक गांव से चोर धराया

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। धनरूआ थाना क्षेत्र के लशगरीचक गांव से पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर एक चोर को गिरफ्तार किया है, जिसका नाम सोनू पिता स्व मोती केवट है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि बीते 19. 06.2025 को लग्सरीचक गांव में संतोष कुमार पिता उपेंद्र प्रसाद के घर में घुसकर एक मोबाइल और 30 हजार नगद पेटी में से चुराकर भाग गया था, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज की गई थी धनरूआ थाना कांड संख्या 409/ 25 के तहत कांड दर्ज करते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए चोरी का मोबाइल को बरामद कर उसे गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है।

आरोपित पति गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भगवानगंज थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी पति उमाकांत रविदास पिता सिद्धनाथ रविदास को भगवानगंज पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल एक सप्ताह पहले ही पुलिस ने दहेज उत्पीडन मामले में आरोपी उमाकांत रविदास के खिलाफ न्यायालय से कुर्की वारंट निर्गत किया था, लेकिन उससे पहले ही आरोपी मौके से ही गिरफ्तार हो गया है, 1 साल पहले ही उमाकांत रविदास की पत्नी ने दहेज उत्पीडन मामले में पति समेत ससुराल पक्षों के तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी भगवानगंज थाने में दर्ज कराई थी, जिसको लेकर पुलिस छापेमारी कर रही थी, सभी ससुराल पक्ष के लोग फरार चल रहे थे, ऐसे में न्यायालय द्वारा निर्गत कुर्की वारंट निकलने पर गिरफ्तारी कर ली गई है।

एससी-एसटी एक्ट में गवाह को जेल

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी नदपुरा गांव के एससी एसटी एक्ट मामले में गवाह रहे रविशंकर दास पिता दुखन दास को कई बार नोटिस मिलने के बावजूद हाजिर नहीं होने पर उनके खिलाफ न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट पर पुनपुन पुलिस ने शुक्रवार की शाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मामला 3 मार्च 2023 से चल रहा था, जहां एससी एसटी एक्ट मामले में तीन नामजद आरोपी में रविशंकर दास गवाह में थे, जो लगातार नोटिस के बाद न्यायालय में उपस्थित नहीं होने कारण इनके खिलाफ गिरफ्तारी की गई है।

बेकाबू हाइवा ने पोल में मारी टक्कर

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जहानाबाद रोड स्थित मालिकाना मोड़ के पास शुक्रवार की तड़के सुबह तकरीबन 8:00 बजे के आसपास एक बेकाबू हाईवा ट्रक ने बिजली पोल में जोरदार टक्कर मार दी, जहां पोल की ऊपरी हिस्से पूरी तरह से टूट कर लटक गई है, जिससे शॉर्ट सर्किट से अफरा तफरी का माहौल हो गया और घंटो बिजली बाधित रही। बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंचे और बिजली को दुरुस्त करने मे जुटी रही। बिजली विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि बहुत जल्द उसे पोल को बदल दिया जाएगा, क्योंकि ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए इस पोल को रात में बदल जाएगा, हालांकि इस घटना के बाद किसी तरह की कोई हताहत की खबर नहीं है।

हत्या के प्रयास मामले का आरोपित गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। हत्या के प्रयास मामले में केवड़ा पुलिस ने पोठही गांव से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के नाम इंदल दास उर्फ गेंदु पिता अरुण दास है। दरअसल बताया जाता है की पोठही गांव में 3 महीने पहले वादी जूली देवी पति रविशंकर दास के साथ मारपीट की गई थी, इसमें दो लोग गंभीर रूप में जख्मी हुए थे। इस मामले में तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें संजय रविदास और रंजन रविदास पहले ही जेल भेजा जा चुका है, यह घटना 17 फरवरी 2025 को आपसी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी, इसमें दो लोग गंभीर रूप में जख्मी हुई थी और दोनों तरफ से केस दर्ज हुआ था।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधारोपण

आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भारतीय जनता बड़हरा मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत भोजपुर जिले के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हरा में पौधारोपण किया गया। जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह संटू ने कहा कि पौधारोपण का अत्यधिक महत्व है यह न केवल पर्यावरण को शुद्ध करता है बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव विविधता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविन्द कुमार ने कहा पौधारोपण से धरापर छाएगी हरियाली जीवन में आएगी खुशहाली। बीस सूत्री अध्यक्ष शुभम पाण्डेय ने कहा पौधारोपण मानव जीवन के लिए अनिवार्य बताया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी सभी नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। मौके पर पैक्स अध्यक्ष उग्रेश सिंह, संदीप सिंह, कमलेश सिंह, शिव कुमार, अरूण सिंह, ओमप्रकाश साह आदि उपस्थित थे।

हटाया गया अतिक्रमण

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक बाद डीएम के आदेश पर छठे दिन शुक्रवार को नप व नगर निगम प्रशासन ने पाटलिपुत्र स्टेशन के किनारे व रूपसपुर नहर किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. दंडाधिकारी के देखरेख में रूपसपुर नहर किनारे और पाटलिपुत्र जंक्शन के किनारे स्थायी व अस्थायी रूप से किये गये अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है। घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व कच्चा घर को ध्वस्त किया गया है।

बार एसोसिएशन की चुनावी हलचल तेज, जल्द हो सकती है चुनाव की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी बार एसोसिएशन की चुनावी हलचल तेज हो गई है। अधिवक्ताओं के बीच संघ का चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी देखी जा रही है। ऐसे में बहुत जल्द ही बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर चुनाव की घोषणा हो सकती है। ऐसे में कई ऐसे प्रत्याशी अध्यक्ष एवं महासचिव पदों पर चुनावी मैदान में दिखेंगे, गौरतलब है की मसौढ़ी बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव के अलावा सात कार्यकारिणी सदस्यों को लेकर चुनाव होना है। जिसको लेकर 200 अधिवक्ता इसके मतदाता होंगे। मसौढी अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे महेंद्र सिंह अशोक ने बताया कि मसौढी बार एसोसिएशन का 3 मार्च 2025 को ही कार्यकाल खत्म हो गया है। लेकिन अभी तक विधिक संघ के चुनाव की प्रक्रिया भंग नहीं हो पाई है। वहीं बिहार राज्य बार काउंसिल के सचिव प्रफुल्ल चंद्र द्विवेदी ने 16.04.2025 को ही बार चुनाव के संबंध में सभी संघों को पत्र लिखा है और जल्द ही चुनाव कराने की बात कही है। ऐसे में कई बार मसौढ़ी से हमारे द्वारा और अधिवक्ता रुपेश पटेल के द्वारा 50 अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर युक्त आवेदन स्टेट बार काउंसिल को चुनाव कराने का आग्रह किया गया था, लेकिन अब बहुत जल्द ही चुनाव की घोषणा होनी है।

विशेष पुनरीक्षण मतदाता सूची को लेकर बीएलओ की बैठक आज

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची 2025 के तहत शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार व नगर परिषद में बीएलओ की बैठक की जायेगी। बीडीओ विभेष आनंद ने बताया कि डीएम व एसडीओ के निर्देश के आलोक में 22 साल बाद विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची को लेकर बीएलओ की बैठक किया जायेगा. उन्होंने बताया कि बीएलओ मतदाता के घर-घर जाकर योग्य और अयोग्य मतदाता का पहचान करेंगे. परिषद ईओ पंकज कुमार ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची को लेकर बीएलओ की बैठक किया जायेगा।

भागलपुर से पूणे के बीच ट्रेन परिचालन की मांग को लेकर केन्द्रीय मंत्री से मिले लोजपा नेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) के प्रदेश महासचिव संगीता तिवारी ने आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात कर भागलपुर से पूणे के बीच एक ट्रेन के परिचालन की मांग की है। इस सिलसिले में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को सौंपे मांगपत्र में पार्टी की प्रदेश महासचिव संगीता तिवारी ने कहा है कि भागलपुर एक घनी आबादी वाला प्रमंडलीय शहर है और आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से पटना के बाद भागलपुर का प्रमुख स्थान है। यहां



के व्यवसायियों और आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों का संपर्क पूणा से बना हुआ है। लेकिन भागलपुर से पूणे के लिए एक सीधी ट्रेन नहीं रहने के कारण सभी लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी स्थिति में जसीडीह से पूणे के लिए चलने वाली ट्रेन का विस्तार भागलपुर तक किये जाने से भागलपुर एवं आसपास के जिलों के लोगों को एक सीधी ट्रेन मिल जाएगी और पूणे जाने-आने में काफी सहूलियत होगी। इसलिए जनहित में भागलपुर से पूणे के बीच एक ट्रेन का परिचालन आवश्यक है और इसके लिए वें केन्द्रीय रेल मंत्री से पहल करने का कष्ट करें।

घर से थाली लेकर बच्चे जाते हैं स्कूल, पठन-पाठन की बदहाल व्यवस्था

शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। घर से एक हाथ में थाली और दूसरे हाथ में बोतल लेकर स्कूल आ रहे बच्चे की यह तस्वीर यह दिखा रही है कि आज भी मसौढ़ी के ग्रामीण इलाकों के स्कूल की शिक्षा की क्या व्यवस्थाएं हैं। एक तरफ सरकार शिक्षा में सुधार को लेकर लाख दावे करती हो मगर इन दावों की जमीनी हकीकत को आईना दिखा रहा है मसौढ़ी का प्राथमिक विद्यालय बैरीचक, जहां पठन-पाठन की व्यवस्था तो छोड़िए बच्चों को मध्यान भोजन खाने के लिए विद्यालय में थाली भी नहीं मिलती है। घर से बच्चे थाली और हाथ में पानी के लिए बोतल लेकर आते हैं। स्कूल की की भवन की स्थिति काफी जर्जर है, प्राथमिक



विद्यालय बैरीचक में वैसे तो चार शिक्षक हैं मगर एक शिक्षक हमेशा गायब रहते हैं। शिकायत की जांच करने पहुंचे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर जब स्कूल में पहुंचे तो वहां पर दो शिक्षिकाएं मौजूद थी स्कूल की प्रधानाध्यापक नहीं थी, वहीं मनोज कुमार जो पिछले जो 20 मई से ही उपस्थिति पंजी पर उनकी उपस्थिति नहीं थी, एक रसोईया भी पिछले दो महीने से गायब थी। शुक्रवार के दिन मध्यान भोजन में चावल और सोयाबीन की सब्जी बनाई गई थी, जो मध्यान भोजन के नियम के अनुकूल नहीं था बच्चों ने बताया कि अंडा कभी नहीं मिलता है, ऐसे में बीईओ राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि स्कूल की पठन-पाठन शिक्षण व्यवस्था काफी बदहाल है। ड्यूटी से गायब सभी शिक्षकों पर स्पष्टीकरण की जाएगी, वहीं बच्चों के बीच अभी तक पोशाक राशि नहीं मिली है, वैसे तो नामांकन बच्चे 50 से अधिक है लेकिन वह 15 ही बच्चे वहां पर मिले, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल की पढ़ाई कभी कभार होती है मध्यान भोजन कभी-कभार ही बनती है तो ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है की क्या ऐसे पढ़ेंगे बच्चे या ऐसे शिक्षा व्यवस्था में आएगी सुधार।

रजिस्ट्री कार्यालय के कर्मियों के साथ नशे में धुत एक युवक ने की दुर्व्यवहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। रजिस्ट्री कार्यालय मसौढ़ी में शुक्रवार की शाम शराब के नशे में धुत एक युवक ने कार्यालय परिसर में जमकर बबाल काटा। इस दौरान उसने कार्यालय की एक महिला कर्मी से उलझते हुये उसके साथ दुर्व्यवहार व गाली गलौज करते रहा। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे उसी हालत में गिरफ्तार कर थाना ले आयी। इधर युवक थाना में भी पुलिस को भला बुरा कहा। इस संबंध में रजिस्ट्री कार्यालय की महिला कर्मी सह एकाउंट सुपरवाइजर जो तुलसीचक निवासी आरती सुमन ने उक्त युवक सह दनियावां निवासी राम खेलावन केवट के पुत्र सुनील कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना का कारण सुनील कुमार के द्वारा निबंधन कार्यालय के काउंटर से स्टांप पेपर की खरीदारी करने के बाद उसे वापस करने का दबाब बना रहा था। महिलाकर्मी ने बताया की स्टांप पेपर पर नाम पता अंकित हो जाता है। इस स्थिति में वापस करना असंभव है। बताने के बाद भी उस युवक ने हंगामा व महिला के साथ दुर्व्यवहार किया गया. इस बाबत थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि दनियावां का सुनील कुमार अपने किसी काम से मसौढ़ी स्थित निबंधन कार्यालय आया था। इस दौरान उसने कार्यालय की महिला कर्मी एकाउंट सुपरवाइजर आरती सुमन से एक स्टांप की खरीदारी की। इसके कुछ देर बाद वह स्टांप को वापस करने का दबाब बनाने लगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब के नशे में धुत होने की बजह से उसने हंगामा करना शुरू कर दिया जिसे पुलिस गिरफ्तार कर लिया है।

गीधा से ट्रक पर लदी 2640 पीस टेट्रापैक शराब जब्त, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आरा। बक्सर-पटना फोरलेन के भोजपुर जिला के गीधा थाना क्षेत्र अंतर्गत गीधा मुसहरी के पास उत्पाद विभाग ने 2640 पीस टेट्रापैक विदेशी शराब पकड़ा है। विभाग ने दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र लई निवासी चालक सह तस्कर राजीव कुमार व गोविंदा कुमार है। मद्य निषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि उतर प्रदेश की ओर से 10 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब पटना जाने वाला है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर द्वारा निरीक्षक राहुल कुमार दुबे के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बक्सर पटना फोरलेन पर गीधा मुसहरी के पास एक 10 चक्का ट्रक की जांच करने पर ट्रक के डाले में ड्राइवर केबिन से सटे लोहे का बना गुप्त तहखाने के अंदर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। बरामद शराब 180 एमएल ह्वीस्की, स्कॉच की टेट्रापैक विभिन्न कंपनियो का था। जिसका बाजार मूल्य करीब 7 लाख रुपये आंका गया। विभाग ने ट्रक और शराब को जप्त कर दिया। दोनो तस्कर को जेल भेज दिया। छापेमारी दल में निरीक्षक राहुल कुमार दुबे, सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार यादव, जीतेन्द्र कुमार व रवि कुमार के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। गौरतलब हो कि जिलाधिकारी भोजपुर के निर्देश पर मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पृथ्वी तिवारी की फिल्म 'छाया' की शूटिंग शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। प्रग्यामैटिक फिल्म प्रा लि के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'छाया' की शूटिंग शुरू हो गई है, जिसमें पृथ्वी तिवारी और रक्षा गुप्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन जसपाल कर रहे हैं और निर्माता गौरव छाबड़ा और प्रियंका छाबड़ा हैं। फिल्म 'छाया' की शूटिंग उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में हो रही है, जो फिल्म उद्योग के लिए एक आकर्षक और अनुकूल गंतव्य बन रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए, निर्माताओं ने कहा कि समय-समय पर लगभग सभी फिल्मों को प्रोत्साहन राशि सब्सिडी दी जाती है,



जिससे निर्माता को थोड़ी राहत मिलती है। फिल्म 'छाया' में कुल सात गाने हैं और इसकी शूटिंग कुशीनगर में हो रही है। इस फिल्म के मुख्य कलाकार है - पृथ्वी तिवारी, रक्षा गुप्ता, अंशु तिवारी, रोहित सिंह मटरू, अशोक गुप्ता, टी एन त्रिपाठी,प्रमोद पाण्डेय, अनुपमा यादव, मनोज द्विवेदी, रमेश यादव, रोहित श्रीवास्तव, विनोद तिवारी और चेतन सिंह और अन्य कलाकार भी हैं। इस फिल्म के निर्माता गौरव छाबड़ा और प्रियंका छाबड़ा है, निर्देशक जसपाल, सह निर्माता एहसास कंजीलाल, डीओपी कृष्णा पाण्डेय, प्रोजेक्ट डिजाइनर संदीप मिश्रा, सहायक निर्देशक संजय तिवारी, राजेश अच्युतन, विशाल शर्मा, कथा संदीप मिश्रा, पटकथा संवाद संजय तिवारी, चंदन सिंह, संगीत मधुकर आनंद, रवि राज दीपू, गीतकार रवि राज दिपु, प्रमोद पाण्डेय, संदीप मिश्रा, कार्यकारी निर्माता विपिन सिंह, कॉस्टयूम विद्या मौर्या पीआरओ संजय भूषण पटियाला, कास्टिंग डायरेक्टर रमेश यादव, स्टील कैमरा अनिल भूषण है।

पांच दिवसीय बीज उत्पादन प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बाढ़। कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना में डाध रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान के निदेशन में धान बीज उत्पादन विषय पर संगीता कुमारी, विषय वस्तु विषेशज्ञ (पौधा प्रजनन एवं अनुवांशिकी) द्वारा दिनांक 23.06.2025 से 27.06.2025 तक (पाँच दिवसीय) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने अपने संबोधन में प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि इस प्रशिक्षण का उदेश्य किसानों को बीज उत्पादन में निर्भर बनाने हेतु



बीज के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन की तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तायुक्त बीज कृषि उत्पादन में 20 प्रतिशत का योगदान करता है, जबकि इसपर उत्पादन लागत 5 प्रतिशत से भी कम लगता है। संगीता कुमारी ने प्रशिक्षणार्थियों को धान बीज उत्पादन तकनीक के महत्वपूर्ण विषयों जैसे-फसल प्रजातियों की विषेशताएँ, बीज प्रमाणन के महत्वपूर्ण तथ्यों, बीज उत्पादन के सामान्य सिद्धांत, बीज अभिसंस्करण, बीज गुणन दर, बीज परीक्षण का महत्व एवं प्रक्रिया, विभिन्न फसलों हेतु बीज प्रसंस्करण आदि विषयों पर विस्तृत रूप से बतलाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 23 प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

बेखौफ चोरों ने छह फ्लैटों का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति उड़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दानापुर। बीते रात बेखौफ चोरों ने थाने के आरकेपूरम स्थित ड्रीम ज्वेल अपार्टमेंट के सी व डी ब्लॉक के बंद पडे छह फ्लैटों के ताला तोडकर करीब तीस लाख की संपत्ति पर हाथ साफ करने का मामला सामने आया है। अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी में पांच चोरों का तस्वीर कैद हो गई है। सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंच कर छानबीन करने में जुट गई है। चोरों ने एक रात में अपाटमेंट के ब्लॉक डी के फ्लैट संख्या 101, 102 व 305 और ब्लॉक सी के फ्लैट संख्या 106, 107 व 505 के ताला तोडकर आराम से खंगाला दिया है। इस संबंध में फ्लैट संख्या 505 निवासी दीपक कुमार ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में बताया है कि फ्लैट कर पूरे परिवार बाहर गये हुए थे। चोरों ने मेरे फ्लैट का ताला तोडकर सोने के जेवरात समेत नगद करीब पांच लाख की संपत्ति चोरी कर ले गये है। डी ब्लॉक के फ्लैट संख्या 101 निवासी व केनरा बैक के मैनेजर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरूवार की रात में फ्लैट बंद कर पूरे परिवार के साथ बगल में अपने रिश्तेदार के यहां गये थे। शुक्रवार की अहले सुबह आया तो देखा कि फ्लैट का ताला टूटा हुआ था और कमरे खुला हुआ था। जब कमरे में अंदर गये तो सारा सामान बिखरे पडे हुए थे। उन्होंने बताया कि चोरों ने आलमीरा व गोदरेज तोड कर करीब एक लाख नगद व छह लाख के जेवरात, दो मोबाइल समेत कीमती सामान चोरी कर ले गये है। जबकि फ्लैट संख्या 106 निवासी रतन प्रसाद, फ्लैट संख्या 107 निवासी आनंद कुमार और फ्लैट संख्या 305 निवासी अवधेश झा अपने फ्लैट बंद कर बाहर गये हुए है। उनके आने के बाद चोरी हुई संपत्ति का आंकलन करने के बाद पता चलेगा। अपार्टमेंट के सचिव कन्हैया सिंह ने बताया कि चोरों ने अपार्टमेंट के ब्लॉक सी व डी के बंद पडे हुए एक साथ छह फ्लैटों का निशान बनाया है। उन्होंने बताया कि चोरों का तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सभी चोरों मुंह पर गमछा ढक हुए है और हाथ में दरवाजा उखडने वाले उपकरण व औजार लिये हुए थे। थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक फ्लैट मालिक ने अभी तक लिखित सूचना दी है।

संक्षिप्त समाचार

विभिन्न मामलों में 10 आरोपित गिरफ्तार

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विभिन्न थाने की पुलिस गुरुवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 10 आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर अभिराम सिंह ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में एक वारंटी समेत 10 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से चार की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय 18 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 193 लीटर 320 मिलीलीटर शराब व दो मोबाइल फोन जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से एक लाख 78 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना वसूल की है।

चाकू से हमले के मामले में केस दर्ज, एक गिरफ्तार

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मैनटांड थाना के इनरवा बसंतपुर गांव में विधालय में नाम लिखवाने गए युवक पर चाकु से हमला कर घायल कर देने के मामले में मैनाटांड के लीपनी गांव के तीन युवक के खिलाफ एफआईआर की गई है। जिसमें पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार पाल ने बताया कि इनरवा बसंतपुर के जख्मी अशरफ अली के पिता मो सबीर ने पुलिस को आवेदन देकर मैनाटांड के लिपनी के खालीद हुसैन,गुड्डू कुमार एंव लंबू कुमार पर चाकू से हमला कर घायल कर देने का आरोप लगाया है। अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार पाल ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर गुड्डू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु तलाश जारी है।

हत्या मामले में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प.चंपारण के चर्तुथ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमारपांडेय ने एक हत्याकांड की सुनवाई करते हुए पिता पुत्र को दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। सजा प्राप्त बैद्यनाथ राउत उर्फ बैजु पटेल एवं प्रिंस कुमार मनुआपुल थाना क्षेत्र के दुसैया टोला वार्ड 15 के निवासी है। अपर लोक अभियोजक ज्योति भूषण फौजदार ने बताया कि वर्ष 2023 में खेत में पीलर गाड़ने के दौरान कुदाल से प्रहार कर नागेश्वर प्रसाद को जख्मी कर दिया गया था। जिनकी इलाज के दौरान दूसरे दिन एक नीजी नर्सिंग होम में मौत हो गयी थी। मामले में मृतक के पुत्र कुणाल कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने बैजनाथ राउत उर्फ बैजु पटेल एवं उनके पुत्र प्रिंस कुमार को दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

सारण के तीन विस से कांग्रेस प्रत्याशी देने की मांग

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक के प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कार्यालय परिसर में जिले के वरिष्ठ कांग्रेस जनों की एक बैठक आयोजित किया गया।



जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता और प्रदेश प्रतिनिधि केदारनाथ सिंह ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से पार्टी के कार्यक्रम हर घर झंडा अभियान और माई बहिन मान योजना को तेजी से हर प्रखंड में धरातल पर उतार लोगो को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सारण जिले में बनियापुर सहित कम से कम 3 विधानसभाओं से कांग्रेस प्रत्याशी देने का मांग प्रदेश नेतृत्व से किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जयंत सिंह, हरीश सिंह, सुरेंद्र सिंह, सूरज ब्रजेश सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष तरुण तिवारी, मशरक प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह, मनोज तिवारी, हरेश यादव, धर्मेंद्र धर्म, राजेंद्र सिंह जमीर हसन समेत अन्य मौजूद रहें।

धूमधाम से मनी प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति की वर्षगांठ

तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के तरैया बाजार स्थित प्रशान्त हेल्थ सेंटर परिसर में गुरुवार को प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति का 8वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संस्था के सचिव डॉ. मनोज कुमार पंडित,



उपाध्यक्ष डॉ. रमेश सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से केक काटकर संस्था का 8वां वर्षगांठ मनाया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए आभार प्रकट किया तथा संस्था के निर्देश में सामाजिक रूप से लोगों के बीच जुड़कर अपना सेवा देने की बात कही। संस्था के सचिव डॉ. मनोज कुमार पंडित ने उपस्थित सदस्यों से कहा कि पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर नए सदस्यों को संस्था में जोड़ा जाए, ताकि संस्था को मजबूती प्रदान हो सकें। मौके पर डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. रामप्रवेश राय, डॉ. रमेश राय, डॉ. विश्वनाथ राय, डॉ. ध्रुव कुमार सिंह, श्रीराम तिवारी, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. ओपी पंडित, डॉ. मुन्ना गुप्ता, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. कैलाश प्रसाद, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. अकबर अली, डॉ. बिपिन सिंह, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ वीरेंद्र राय, डॉ. जितेंद्र प्रसाद, मुकेश अभिनंदन, राहुल कुमार समेत अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

बाल पर्यवेक्षण गृह में मरम्मति कार्य को लेकर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी सारण अमन समीर ने समाज कल्याण विभाग, बिहार द्वारा संचालित बाल पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन के जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा की और संतोष जताया। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता,



स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, छपरा-1 को निर्देशित किया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग कर एक सप्ताह के भीतर सभी मरम्मति कार्य पूर्ण किए जाएं। साथ ही सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई को निर्देश दिया गया कि विद्युत कार्य प्रमंडल से समन्वय स्थापित कर पूरे भवन की विद्युत वायरिंग की मरम्मति हेतु प्राक्कलन तैयार कराएं, जिससे आवश्यक कार्य शीघ्र आरंभ किया जा सके। निरीक्षण के दौरान बाल संरक्षण पदाधिकारी, सहायक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्री शतचण्डी महायज्ञ के लिए निकाली भव्य कलशयात्रा

तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखण्ड के अरदेवा-जिमदाहा गांव स्थित नारायणी तट के किनारे संत शिरोमणि श्री नारद बाबा के आश्रम पर गुरुवार से प्रारंभ नौ दिवसीय श्री शतचण्डी महायज्ञ को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई। रंग-बिरंगे परिधान में 501 कलश के साथ शामिल महिलाएं व युवतियां की टोली यज्ञस्थल से सुबह 7 बजे कलश लेकर निकली जो नारद बाबा के कुटिया के समीप स्थित नारायणी नदी घाट से यज्ञाधीश श्री बुद्धि सागर मिश्र एवं आचार्य मुन्ना चौबे, दीपक चौबे व दीपू चौबे के संयुक्त वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जलभरी की गई। तत्पश्चात सभी श्रद्धालु-भक्तों ने संत शिरोमणि श्री नारद बाबा जी महाराज का दर्शन किया और कलश के साथ अरदेवा-जिमदाहा गांव का परिभ्रमण करते हुए पुनः कलशयात्रा यज्ञ स्थल पर पहुंची। जहां मुख्य यज्ञाध्यक्ष व आचार्यों ने वैदिक विधि से विधिवत पूजा-अर्चना कराया। तत्पश्चात नौ दिवसीय शतचण्डी महायज्ञ प्रारंभ हो गया। वही यज्ञ में शामिल सभी श्रद्धालु-भक्तों के लिए यज्ञस्थल पर प्रतिदिन महा-भंडारे का आयोजन किया गया है। यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में पंकज बाबा, एवं बसंत कुमार सिंह सपत्निक, चुन्नु कुमार सिंह सपत्निक, शामिल हुए। यज्ञ में मुख्य रूप से जिला पार्षद हरि शंकर सिंह उर्फ हरि सिंह, प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, मुखिया सुशीला सिंह, उपेंद्र सिंह, कपूर सिंह, डीएन सिंह, डॉ रंजय कुमार सिंह, मंटू सिंह, मिथिलेश सिंह, आशीष कुमार सिंह उर्फ छोटू, प्रमोद सिंह, समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त कलशयात्रा में शामिल थे।



फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव

मैके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, ससुरालवाले फरार

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महज दो माह पूर्व शादी होकर ससुराल में आयी विवाहिता का फंदे से लटका शव पुलिस ने बरामद किया है। हालाकि विवाहिता के ससुरालवो एक ओर फरार है तो उसके मैके वालो ने हत्या का आरोप लगाते हुए आत्महत्या का रुप देने का आरोप लगाया है। घटना शहर से सटे बैरिया थाना क्षेत्र के हाट सरैया की है। मृतका की पहचान हाटसरैया निवासी संदीप साह की पत्नी रूबी देवी (20) के रूप में की गई है। दो माह पहले 25 अप्रैल को रूबी की शादी संदीप साह से हुई थी। मायके वालों की सूचना पर शुक्रवार को



पुलिस मौके पर पहुंची और घर में दुपट्टे के सहारे पंखे के हुक से लटकते शव को नीचे उतरवाई। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दी है। मृतका के भाई चनपटिया थाना क्षेत्र के पुरैना निवासी साहेब कुमार ने बताया कि उसकी बहन की शादी दो माह पहले हुई थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार ससुराल वालों को उपहार दिया गया था। लेकिन उसकी बहन के ससुराल वाले ब्रांडेड सामान नहीं मिलने से नाराज थे। इस कारण उसकी बहन को हमेशा प्रताड़ित करते थे। वह समय-समय पर इसकी सूचना मायके में देती थी। मृतका के भाई ने कहा कि गुरुवार को उसकी बहन की सास उसके मां के पास फोन की। फोन पर धमकी दिया कि डिमांड पूरा करो, नहीं तो तुम्हारी बेटी को मार देंगे। अभी वे लोग इस विषय पर विचार विमर्श कर ही रहे थे कि शुक्रवार को करीब 11 बजे सूचना मिली कि उसकी बहन की हत्या कर दी गई है। ससुराल वाले हत्या करने के बाद शव को पंखा के हुक से लटका दिए हैं और फरार हो गए हैं। सूचना मिलते ही वे लोग उसके ससुराल पहुंचे। पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया है। घर के लोग फरार है। बैरिया थानाध्यक्ष अंजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण का पता चलेगा। इस मामले में अभी तक आवेदन नहीं मिला है। अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

दहेज के लिए साठी में नवविवाहिता की हत्या

साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के पकड़िहार गांव में शुक्रवार को दहेज के लिए एक नव विवाहिता की हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान पकड़ीहार निवासी आलम मियां के पुत्र मुस्ताक मियां की पत्नी रोजी खातून उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। इस संदर्भ में मृतिका रोजी खातून के चाचा बथुआरिया थाना के बाजार बथुवडिया निवासी इस्राफील मियां ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व उनकी भतीजी की शादी आलम मियां के पुत्र मुस्ताक मियां से हुई थी। शादी के बाद से परिवार वाले दहेज में मोटरसाइकिल को लेकर बराबर उनके भतीजी को प्रताड़ित एवं मारपीट किया करते थे। शुक्रवार को ग्रामीणों द्वारा दूरभाष पर सूचना मिली कि आपकी भतीजी की तबीयत खराब होने से मौत हो गई है। जब वह लोग पूरे परिवार के साथ पकड़ीहार पहुंचे तो देखा की रोजी खातून पलंग पर मृत पड़ी थी और उसके गले पर काला रंग का निशान स्पष्ट दिखाई दे रहा था तथा दोनों पैर का अंगूठा बंधा हुआ था। देखने से स्पष्ट हो रहा है कि परिजनों द्वारा उसकी हत्या गला दबाकर कर दी गई है। सभी परिजन घर छोड़कर फरार हैं।

धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। संत घाट मठ से भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भगवान बलभद्र आज नगर भ्रमण हेतु बेतिया की सड़कों पर निकलें रथ पर सेवक के रूप में मठ के पुजारी आचार्य संजय बाबा और उनके परिजन थे ।यात्रामार्ग में भगवान के स्वागत हेतु सड़क के दोनों तरफ भक्तों की लम्बी कतार लगी रही ।सभी भक्त अपने अपने अपने स्तर से प्रभु के रथ का स्वागत कर रहे थे, कोई पूजा की थाल लेकर तो कोई हांथो में झंडा लेकर कोई फूल माला और प्रसाद लेकर ,क्या महिलाएं क्या बच्चें क्या बुजुर्ग सबके मन मे प्रभु के दर्शन पाने की लालसा थी जो देखते ही बन रही थी । पूरे रथयात्रा मार्ग में भगवान का स्वागत हो रहा था । यात्रा मार्ग में स्थित उप महापौर गायत्री देवी के निवास के समीप पहुंचा रथयात्रा और भक्तों पर जोरदार पुष्प वर्षा होने लगी। बजरंग दल के कार्यकर्तागण रमण गुप्ता के नेतृत्व में भक्तों को शीतल जल और शीतल लस्सी वितरित करने लगें ।विहिप के जिला मंत्री



रमण गुप्ता ने बताया ये बेहद सौभाग्यशाली क्षण है जब प्रत्येक वर्ष प्रभु अपने भाई बहन के साथ नगर भ्रमण को निकलतें हैं और समस्त नगरवासी उनका जोरदार स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं । विगत कई वर्षों से ये परम्परा चलती आ रही है सर्वप्रथम संत घाट मठ से निकलने वाली ये रथयात्रा संत घाट, इंदिरा चौक कोतवाली चौक होते हुए गोलदारपट्टी, इलमराम चौक कालीबाग, लाल बाजार राजदेवड़ी होते हुए पुनः अपने मठ में चली जाती है । यात्रा में शामिल दिनेश सिंघानिया, बब्लू मिश्रा, रोहित कुमार, विकास कुमार, हरिओम कुमार, राहुल कुमार, लक्की कुमार ,बाहुबली, जिगर कुमार, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, चंदन कुमार समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे ।

महराजगंज में 112 टीम पर लगा घूस लेने का आरोप शराब बिक्री में संलिप्तता का वीडियो वायरल

सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी पर युवक ने लगाया बार-बार पैसा मांगने और धमकी देने का आरोप

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

महाराजगंज (सीवान)। सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज से एक चौंकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें 112 नंबर पुलिस टीम का एक कर्मी सिविल ड्रेस में नजर आ रहा है। वीडियो में युवक द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि पुलिसकर्मी न केवल शराब बिकवाने में संलिप्त है, बल्कि वह बार-बार पैसे की मांग भी करता है। युवक का यह भी दावा है कि अब तक पुलिसकर्मी बीस से अधिक बार उससे पैसा ले चुका है।

वीडियो में दिखा तू-तू मैं-मैं, हाथ छोड़ने और धमकी देने का भी आरोप

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक और पुलिसकर्मी के बीच बहस हो रही है। युवक का आरोप है कि पुलिस की 112 गाड़ी में तैनात कर्मी ने उससे पैसे की मांग की और विरोध करने पर गाड़ी घेरकर उस पर हाथ भी चला दिया। इतना ही नहीं, अन्य पुलिसकर्मियों को बुलाने की धमकी भी दी गई।



वीडियो में पुलिसकर्मी की स्वीकृति, लेकिन तारीख और स्थान की पुष्टि नहीं

वीडियो में पुलिसकर्मी द्वारा पैसे लेने की बात को स्वीकार किया जाता दिख रहा है। हालांकि, यह वीडियो कब और कहां का है, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। केएमपी भारत इस वायरल वीडियो की सत्यता या स्थान की पुष्टि नहीं करता है।

एसडीपीओ ने कहा- मामले की हो रही जांच

इस पूरे मामले पर महाराजगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राकेश कुमार रंजन ने कहा कि वायरल वीडियो की गंभीरता से जांच की जा रही है। "जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी,"। मालूम हो कि शासन द्वारा पुलिस की छवि सुधारने और जनहित के लिए 112 नंबर सेवा की शुरूआत की गई थी, लेकिन इस तरह के आरोप और वीडियो न केवल पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करते हैं, बल्कि आमजन के भरोसे को भी कमजोर करते हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई समय की मांग है।

कालाजार उन्मूलन की तैयारी में जुटा सिवान: डोजियर निर्माण और फील्ड टीम की भूमिका पर मंथन

सिवान में स्वास्थ्य विभाग और पीरामल स्वास्थ्य की संयुक्त बैठक में उन्मूलन कार्यों की समीक्षा, प्रशिक्षण और तकनीकी दिशानिर्देश दिए गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।

सिवान। बरसात के पहले सिवान जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने कालाजार उन्मूलन अभियान को नई धार देने की पहल शुरू कर दी है। गुरुवार को पीरामल स्वास्थ्य के कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक में कालाजार डोजियर की तैयारी और फील्ड स्तर पर काम करने वाली टीम की भूमिका पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता डीवीबीडीसीओ डॉ. ओपी लाल ने की।



जमीनी भागीदारी और दस्तावेजीकरण से ही मिलेगी अंतिम सफलता: डॉ. ओपी लाल

डॉ. ओम प्रकाश लाल ने कहा कि कालाजार के उन्मूलन की दिशा में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अंतिम लक्ष्य पाने के लिए फील्ड स्तर पर सक्रियता और समयबद्ध रिपोर्टिंग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कालाजार डोजियर सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि जिले की तैयारियों का आईना होगा।

प्रशिक्षण से मिलेगा फील्ड कर्मियों को नया उत्साह: नीरज सिंह

डीवीबीडीसी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि यह समीक्षा बैठक कालाजार के खिलाफ लड़ाई को एक नई ऊर्जा देगी। उन्होंने बताया कि कीटनाशक छिड़काव की गुणवत्ता और सामुदायिक जागरूकता पर जोर देना होगा, ताकि संक्रमण दोबारा न फैले।

ये रहे बैठक के मुख्य बिंदु

डोजियर में शामिल किए जाएंगे पिछले एक वर्ष के आंकड़े, रिपोर्टिंग में पारदर्शिता और समयबद्ध डेटा जरूरी, फील्ड टीम को लगातार प्रशिक्षण देना अनिवार्य, समुदाय स्तर पर लक्षणों की पहचान और त्वरित रिपोर्टिंग पर जोर।

इनकी रही सहभागिता:

इस अहम बैठक में डीवीबीडीसी नीरज कुमार सिंह, वीडीसीओ विकास कुमार, कुंदन कुमार, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, पीरामल स्वास्थ्य के कार्यक्रम प्रमुख राजेश कुमार तिवारी और पीओसीडी सहित दर्जनों स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मी मौजूद रहे।

एक दशक बाद परिवार से मिला नौशाद आलम सेवा कुटीर सारण ने निभाई अहम भूमिका

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सेवा कुटीर सारण ने एक दशक से परिवार से बिछड़े नौशाद आलम को उनके परिजनों से मिलवाकर मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश की है। नौशाद आलम, जो कटिहार जिला (बिहार) के स्थायी निवासी हैं, मानसिक अवसाद में पड़कर वर्षों तक भटकते रहे। वर्ष 2012 में वे घर छोड़कर निकल गए थे और धीरे-धीरे मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गए। इसी हालत में वे भीख मांगकर जीवन यापन करने लगे। दिनांक 27 अगस्त 2024 को छपरा के गांधी चौक पर भिक्षावृत्ति करते हुए सेवा कुटीर के कर्मियों की नजर नौशाद पर पड़ी। क्षेत्र समन्वयक विकास कुमार सिंह ने उनसे संपर्क किया और बातचीत में मानसिक रूप से व्यथित पाए जाने पर उन्हें सेवा कुटीर लाया गया। वहाँ उन्हें आवश्यक देखभाल, भोजन, आवास और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। कोईलवर के मानसिक अस्पताल में इलाज और निरंतर दवा तथा परामर्श के बाद उनकी स्थिति में सुधार आने लगा। कुछ समय बाद उन्होंने अपना स्थायी पता बताया, जिसके आधार पर सेवा कुटीर ने स्थानीय प्रशासन के



सहयोग से उनके परिजनों से संपर्क स्थापित किया। वीडियो कॉल के माध्यम से जब नौशाद ने अपने परिवार को देखा तो भावुक क्षणों ने सभी को भावविभोर कर दिया। दिनांक 25 जून 2025 को सहायक निदेशक, समाज कल्याण विभाग की उपस्थिति में नौशाद आलम को विधिवत उनके परिजनों को सौंपा गया। इस मौके पर सेवा कुटीर के लेखपाल, एएनएम, केयर टेकर, गार्ड और अन्य कर्मी मौजूद थे। परिवार ने खुशी-खुशी नौशाद को अपने साथ लिया और सेवा कुटीर की इस संवेदनशील पहल की सराहना की। सेवा कुटीर सारण द्वारा निभाई गई यह भूमिका न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रमाण है, बल्कि यह दिखाता है कि संवेदनशील प्रयासों से किसी की ज़िंदगी में उजाला लाया जा सकता है।

बच्चे की खोज करनेवालों के लिए 10 हजार का इनाम

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर थाना क्षेत्र के मंगरहरी बैरिया गांव से लापता सात वर्षीय फैजान आलम का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। नतीजतन उसकी सुराग देनेवालो के लिए पुलिस ने दस हजार का इनाम घोषित किया है। लगातार चौथे दिन भी बच्चे का पता नहीं चलने से परिजन बेहद चिंतित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फैजान को खोजने वाले व्यक्ति को 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि फैजान की सकुशल बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उसे खोज निकाला जाएगा।फैजान 24 जून की शाम करीब 7 बजे अपने घर से महज 10 कदम की दूरी पर खेलते-खेलते अचानक गायब हो गया था। उसके पिता सलाहुद्दीन अंसारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही गांव वालों के साथ पूरी रात बच्चे की तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। 25 जून को बेतिया एसपी डा. शौर्य सुमन स्वयं गांव पहुंचे और डॉग स्क्वॉयड टीम के साथ छानबीन करवाई। अगले दिन यानी 26 जून को एफएसएल की टीम ने भी जांच की और पास की मनियारी नदी में तलाशी अभियान चलाया गया। इसके बावजूद सफलता नहीं मिली।

सीएचसी मशरक के प्रभारी बनें डॉ चन्द्रशेखर सिंह, बदहाल स्वास्थ्य सेवा सुदृढ करना बनेंगी चुनौती

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक सीएचसी के पद पर नये प्रभारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह बनाए गए हैं। वे अभी वर्तमान में सीएचसी मशरक में ही चिकित्सक के पद पर कार्यरत हैं। बदहाल स्वास्थ्य सेवा को सहढ़ करना उनके सामने बड़ी चुनौती होगी क्यूं प्रभारी का पद कांटों भरा है। सीएचसी मशरक में चिकित्सक समेत



अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की घोर कमी है वहीं सारण, गोपालगंज और सिवान जिले के सीमा पर अवस्थित होने और इसके इलाके से एन एच 227 ए राम जानकी पथ और छपरा मशरक एस एच 90 एवं सिवान शीतलपुर एस एच 73 के गुजरने और इन सभी सड़कों पर भारी मात्रा में वाहनों के आवागमन की वजह से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटना में घायलों को भर्ती कराना और बड़ी संख्या में मरीजों के इलाज के लिए पहुंचने की वजह से बराबर भीड़ रहती है वहीं स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सक कमी इलाज में बड़ी बाधा उत्पन्न करती है। मशरक सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.संजय कुमार पर लापरवाही पूर्ण कार्य, अधीनस्थ कर्मियों के संलिप्तता से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र एवं फर्जी जख्म प्रतिवेदन निर्गत करने, खून की जांच के लिए केमिकल उपलब्धता सुनिश्चित नहीं करने एवं संस्थान में उपलब्ध कराई गई दवाओं का दुर्विनियोग करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है।

कार में लदा 251 लीटर शराब जब्त, एक गिरफ्तार

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक मध निषेध थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए कार में लदा भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया। वहीं दो शराब धंधेबाज को गिरफ्तार भी किया। मद्य निषेध थाना के निरीक्षण राजीव रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान जनता बाजार के बिहारी मोड़ पर कार में लदा 251 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया, वहीं दो शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि शराब यूपी से लाकर छपरा में डिलेवरी देनी थी। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। छापेमारी टीम में उप निरीक्षक सोनू कुमार दल बल के साथ अभियान में शामिल थे।

छपरा-बलिया रेलखंड के मांझी स्टेशन की दुर्दशा : एक विचित्र रेलवे प्रबंधन की कहानी

मांझी/छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रेल मंडल के छपरा-बलिया रेलखंड पर स्थित मांझी रेलवे स्टेशन और मांझी रेलवे हाल्ट देश के संभवतः इकलौते ऐसे दो स्टेशन हैं, जो महज साढ़े तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं, फिर भी टिकट वितरण की सुविधा केवल एक स्थान पर उपलब्ध है। यह भारतीय रेल प्रबंधन की एक अनोखी विडंबना है, जहां यात्रियों को सुविधा देने की बजाय परेशानियों की सौगात दी गई है।







मांझी रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर नहीं, सुविधा शून्य :

16 जनवरी 2023 को उद्घाटन के बाद से आज तक मांझी रेलवे स्टेशन पर कोई टिकट काउंटर नहीं खोला गया है। यहां प्रतिदिन तीन जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें और उत्सर्ग एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनें रुकती हैं। फिर भी यात्री बिना टिकट यात्रा करने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें जुमार्ना भुगतना पड़ता है। स्टेशन के संचालक बीरेन्द्र कुमार के अनुसार सिग्नल सिस्टम लागू होने की वजह से कई एक्सप्रेस ट्रेनें भी यहां रुकती हैं, लेकिन रेलवे ने टिकट काउंटर की स्थापना की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया है। दूसरी ओर पुराना मांझी हाल्ट स्टेशन, जो वर्ष 1902 में स्थापित हुआ था, वहां टिकट काउंटर तो है लेकिन यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। न शेड है, न पीने का पानी, न लाइट और न ही शौचालय।

यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे:

दोनों स्टेशनों पर आरपीएफ की तैनाती नहीं होने से यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। लूटपाट, छिनतई, चेनपुलिंग जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। यहां तक कि ड्यूटी पर मौजूद रेलकर्मी भी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं।

नामकरण व एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की उठ रही है मांग:

स्थानीय शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता रंजन शर्मा ने रेलवे को ज्ञापन देकर मांझी हाल्ट का नाम "संत धरणी नगर" करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह स्टेशन धरणी दास मंदिर और रामघाट जाने वाले यात्रियों का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने बलिया-सियालदह, सारनाथ एक्सप्रेस और इंटरसिटी ट्रेनों के ठहराव की भी मांग की है। हाल्ट के संचालक लाल बाबू के अनुसार, यहाँ से प्रति माह एक लाख से अधिक की टिकट बिक्री होती है, जो एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से बढ़कर ढाई से तीन लाख रुपए प्रतिमाह हो सकती है।

फुट ओवरब्रिज बना ग्रामीणों का एकमात्र सहारा:

मांझी रेलवे स्टेशन पर बना फुट ओवरब्रिज, आसपास के गांवों जैसे सैदपुरा, मझनपुरा, कौरुधौरु और धनी छपरा के ग्रामीणों का आवागमन का एकमात्र मार्ग बन चुका है। सैदपुरा गांव में आजादी के बाद से अब तक बाहर निकलने के लिए कोई सड़क नहीं बनी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रेल प्रशासन से अंडरपास की मांग की थी, परंतु वह भी अनसुनी रही। अब ग्रामीणों को या तो स्टेशन पर बने फुट ओवरब्रिज से या फिर 800 मीटर दूर स्थित जलनिकासी वाले रेल ओवरब्रिज से आना-जाना करना पड़ता है। बहरहाल, मांझी के दोनों स्टेशनों की स्थिति इस बात की गवाही देती है कि कैसे एक ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण क्षेत्र, रेल सुविधाओं की मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहा है। टिकट काउंटर, सुरक्षा, नामकरण और ट्रेन ठहराव की मांग अब सिर्फ मांग नहीं, जरूरत और अधिकार बन चुकी है। जिसे सरकार और रेल प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए।

पिता व चाची के बाद चाचा की ली जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। फ़ेसर थाना क्षेत्र के दिल मोहम्मदगंज गांव में सनकी भतीजे ने अचानक चाचा के सिर पर लाठी से कई वार कर दिया जिसमें वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद इलाज़ के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर आरोपित भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान रामनाथ यादव के रूप में की गई है। आरोपित भतीजा 22 वर्षीय राजू कुमार मानसिक रूप से विक्षिप्त और सनकी है। हालांकि यह पहली घटना नहीं हैं। राजू ने इसके साथ ही अबतक तीन लोगों की हत्या की है। उसने 3 साल पहले अपने पिता रामदास यादव (उम्र 55) की कुदाल से वार कर हत्या कर दी थी। वहीं 5 साल पहले अपनी चाची को मार डाला था। दरअसल, मृतक रामनाथ गांव से बाहर अपने बगीचे में थे और राजू अपने चाचा को



खाना देने वहां गया था। यहां मारपीट के बाद आरोपी राजू घर पहुंचा और परिजन से कहा कि चाचा को मार दिए हैं तथा दो लोगों को और मारना है। पहले तो परिजन को उसकी बात पर विश्वास नहीं हुआ लेकिन जब वे बगीचे की ओर गए तो रामनाथ को खून से लथपथ पाया। इसके बाद आनन-फानन में परिजनों द्वारा रामनाथ को सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आरोपित राजू की तबीयत बीते 12 सालों से खराब है। फिलहाल उसका इलाज रांची से चल रहा है। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह किसी के साथ झगड़ा और मारपीट करते रहता है। यही कारण है कि कोई भी उसे कुछ नहीं कहता है। परिजनों ने बताया कि राजू गलत लड़कों के संपर्क में आकर नशीली पदार्थ का सेवन करता है। जब उसे मना किया जाता है तो वह गुस्से में ईंट-पत्थर से मारने लगता है। संभवतः आज भी उसे किसी गलत हरकत को लेकर चाचा रामनाथ मना कर रहे होंगे, लेकिन वह गुस्सा हो गया होगा और घटना को अंजाम दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक रामनाथ निःसंतान थे। पत्नी की पहले मौत हो चुकी है। राजू दो भाई हैं। घर का छोटा लड़का होने के कारण चाचा भतीजे से काफी प्रेम करते थे। चाची और पिता की हत्या के बाद राजू पर किसी तरह की पुलिसिया कार्रवाई नहीं हुई थी। परिजन ने उसे विक्षिप्त मानकर मामले को आगे नहीं बढ़ाया था लेकिन अब फिर से उसने घटना को दोहरा दिया। घटना की सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। फ़ेसर थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने अपने ही चाचा की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की पति की हत्या

हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटकाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मदनपुर थाना क्षेत्र के नीमा आजन पंचायत के आजाद बिगहा गांव में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 43 वर्षीय सुनेश्वर भुइयां के रूप में हुई है। दरअसल, पति को प्रेम संबंध की जानकारी होने पर वह इसका विरोध करता था। इसे लेकर कई बार उसके साथ मारपीट भी हुई थी। गुरुवार की रात महिला ने अपने प्रेमी और मामा के साथ मिलकर पति को मार डाला। आत्महत्या दिखाने के लिए शव को घर में साड़ी का फंदा बनाकर लटका दिया। जानकारी के मुताबिक सुनेश्वर की 40 वर्षीया पत्नी रीता देवी का मुंशी बिगहा निवासी 45 वर्षीय अरविंद भुइयां से दो-तीन सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी पास के ही गांव में रहता था। गुरुवार की देर रात रीता देवी ने सुनेश्वर (पति) को फोन कर घर बुलाया। साथ में अरविंद (प्रेमी) का मामा सुरेश भुइयां भी था। रात में खाना खाने के बाद जब सब सो गए,तब तीनों ने मिलकर सुनेश्वर को घर से 100 मीटर दूर आम के पेड़ के पास ले जाकर मारपीट की, फिर गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को घर लाकर छत के नीचे लगी लकड़ी में साड़ी से लटका दिया।



शुक्रवार की सुबह रीता देवी खुद रोने-चिल्लाने लगी। शोर सुनकर ग्रामीण जुटे। लोगों ने नीमा आजन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह एवं पैक्स अध्यक्ष राणा सिंह को घटना की सूचना दी। मदनपुर थाना पुलिस को खबर दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार, थानाध्यक्ष राजेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष गुफरान अली, पीएसआई रोहित कुमार, ऐश्वर्या प्रिया आदि पहुंचे। जांच में पत्नी रीता देवी ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। एफएसएल की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक के भाई कमलेश भुइयां ने बताया कि'सुनेश्वर तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मजदूरी कर परिवार चलाता था। अरविंद अक्सर घर आता था। मारपीट करता था। जान से मारने की धमकी देता था। उसकी पत्नी भी उसका साथ देती थी। अरविंद आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। उसने बताया कि मृतक के चार बच्चे हैं। बड़ी बेटी की शादी इसी साल मार्च के महीने में हुई थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है । मामले की छानबीन की जा रही हैं। कांड के आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

विभिन्न मामलों में 53 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब का सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने समेत विभिन्न कांडों के 53 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में 2, हत्या के प्रयास में 3, शराब के शीर्ष कांडों में 10 एवं अन्य शीर्ष कांड में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 709 वाहनों की जांच की गई जिससे 29000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 16 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या चार है। इसी क्रम में 72.25 लीटर देसी एवं 449 लीटर विदेशी शराब बरामद करने के साथ ही एक पिकअप को जब्त किया गया हैं। इसके अलावा 14 भट्ठियों को ध्वस्त कर 10 हजार हजार लीटर महुआ घोल विनष्ट किया गया है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक की मानें तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। एसपी ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और समाज में शांति व सुरक्षा का माहौल बना रहे।

अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर रफीगंज स्टेशन से पूरब चरकावां नहर के समीप पोल संख्या 506-1 एवं 503-3 के बीच अप मेन लाइन में अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एवं मृतक की पहचान के लिए काफी प्रयास किया गया किंतु उसका पहचान नहीं हो सका। सोननगर जीआरपी को सूचित किया गया जिसके बाद शव को अंत्यपरीक्षण हेतु सासाराम ले जाया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के चरकावां में ठनका गिरने से 35 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बरियावां (गुरारू) निवासी दिनेश यादव के रूप में की गई है। सूचना पाकर परिजन पहुंचे और शव को लेकर घर चले गए। दामाद दीनदयाल यादव ने बताया कि रफीगंज से बालू गिराकर अपने घर आ रहे थे तभी ठनका की चपेट में आ गए जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

औरंगाबाद में लगी रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस की प्रतिमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। रोटरी इंटरनेशनल के प्रतिष्ठित पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बाघ सिंह पन्नू ने रोटरी क्लब ऑफ औरंगाबाद के क्लब परिसर में पॉल हैरिस की 280वीं प्रतिमा का अनावरण किया। उनके साथ अध्यक्ष अविनाश चौहान, सचिव डॉ धनंजय कुमार, कोषाध्यक्ष अंशुल खेमका तथा क्लब के अन्य कई वरिष्ठ सदस्य इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। यह तीसरी पॉल हैरिस प्रतिमा है जो रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 (झारखंड व बिहार) में स्थापित की गई है और यह इस आयोजन को और भी विशेष बनाती है। रोटेरियन पन्नू द्वारा आरंभ की गई यह इंटर-डिस्ट्रिक्ट मल्टी-क्लब



अनावरण श्रृंखला, रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस की स्मृति को समर्पित है। वे अब तक 19 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 18 रोटरी जिलों में 278 प्रतिमाएं स्थापित कर विश्व कीर्तिमान बना चुके हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ शोभा रानी, डॉ रवि रंजन, डॉ बी के सिंह, कृष्णा सिंह, महावीर जैन, मरगूब आलम, महमूद आलम, अजित चंद्रा, खान इमरोज़, प्रोग्राम चेयरपर्सन गोपाल कृष्ण गुप्ता एवं रोट्रेक्ट क्लब से दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

स्प्रिट व शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान में स्प्रिट व देसी शराब जब्त किया गया है जबकि कारोबारी फरार हो गया। यह कार्रवाई फ़ेसर थाना की पुलिस द्वारा की गई। पुलिस ने 80 लीटर स्प्रिट व 30 लीटर देसी शराब जब्त किया है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि मामले में अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। नवीनगर संवाददाता के अनुसार माली थाना की पुलिस द्वारा 15 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के बैरिया गांव निवासी शशि कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। मामले में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया है।

पूर्व के विवाद में महिला की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह(औरंगाबाद)। उपहारा थाना क्षेत्र के खैरा गांव में शुक्रवार को एक महिला की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृत महिला की पहचान खैरा गांव निवासी काशी सिंह की 45 वर्षीय पत्नी कांति देवी के रूप में हुई है। घटना के बारे में मृत महिला की बहु सोनम कुमारी ने बताया कि 7



वर्ष पूर्व मृतका के पुत्र राजेश कुमार के साथ प्रेम प्रसंग में शादी की थीं। उस वक्त से लड़की के परिजन नाराज थे। शादी के बाद से सोनम अपने पति के साथ बाहर रह रही थी। पांच माह पूर्व अपने दोनों बच्चों के साथ घर आई थी। गांव में रहने के कारण सोनम के पिता मिथिलेश पासवान नाराज चल रहा था। शुक्रवार को जब महिला मवेशी चराने गांव से उतर दिशा बधार में गई थी तभी पहले से घात लगाए बैठे कमलेश पासवान, मिथिलेश पासवान, मधेश्वर पासवान, सत्येन्द्र पासवान, जितेंद्र पासवान, रबिन्द्र पासवान सहित अन्य 12 लोगों ने लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना 112 पुलिस को दी। उस वक्त महिला जीवित थी पर जैसे ही पुलिस ने उसे गोह पीएचसी में भर्ती कराया, महिला ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मृतका के बहु सोनम कुमारी के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज की है जिसमें मिथिलेश पासवान सहित अन्य 12 लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि पीट-पीटकर महिला की हत्या की गयी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

आशा के चयन को लेकर वार्ड पार्षदों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर(औरंगाबाद)। नगर परिषद क्षेत्र में आशा के चयन को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वार्ड पार्षदों के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यतींद्र कुमार ने की। उन्होंने बताया कि दाउदनगर शहर में 15 आशा का चयन किया जाना है, जिसके लिए वार्ड स्तर पर आमसभा आयोजित की जानी है। डॉ कुमार ने बताया कि पहले इओ से समन्वय स्थापित कर आमसभा की तिथि और स्थान निर्धारित की गयी थी लेकिन पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण आम लोगों की भागीदारी नहीं हो सकी और कोरम पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार के लिए वे पूरी तरह से वार्ड पार्षदों और आंगनबाड़ी सेविकाओं पर निर्भर है। आमसभा की अध्यक्षता संबंधित वार्ड पार्षद द्वारा ही की जानी है। बैठक में बीसीएम अमृता कुमारी ने बताया कि दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र में 27 वार्ड हैं लेकिन केवल 15 आशा का चयन किया जाना है ऐसे में कुछ वार्डों को आपस में टैग कर एक-एक आशा का चयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नियमानुसार हर 1500 की जनसंख्या पर एक आशा चयनित की जानी चाहिए लेकिन नगर परिषद क्षेत्र में निर्धारित सीटों की संख्या केवल 15 है। उन्होंने बताया कि आमसभा में कुल जनसंख्या के न्यूनतम 10 प्रतिशत लोगों की उपस्थिति आवश्यक है।

गुमशुदगी की प्राथमिकी

रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता। शहर के न्यू एरिया से एक नाबालिक के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में उसकी मां निरा देवी ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें उल्लेख किया है कि उनका पुत्र 17 वर्षीय जीतू कुमार 25 जून को रात से गायब है। 25 जून को इसका जन्मदिन था। जन्मदिन मना कर रात में किस समय गायब हुआ हम लोगों को कुछ पता नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

गन्ना उत्पादन बढ़ाएँ, आधुनिक यंत्र अपनाएँ



गन्ना यंत्रीकरण योजना

गन्ना किसानों को कृषि यंत्रों पर
50%-60% तक का मिलेगा अनुदान

अधिक जानकारी हेतु
केन केयर पोर्टल http://ccs.bihar.gov.in
पर आवेदन करें

छोटे किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र किराये पर
उपलब्ध कराने हेतु "गन्ना यंत्र बैंक" की स्थापना



अधिक जानकारी हेतु
अपने जिले के संबंधित गन्ना अधिकारी से संपर्क करें।

PR No.-007270 (Sugarcane)D. 2025-26

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन



DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy
DY Yoga
DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga
DHMS Herbal Medicine
DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet
BTMS Traditional Medicine
BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga
BAcu. Acupuncture
MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com